राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia 9511151254 epaper.swatantraprabhat.com @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, मंगलवार, 10 दिसंबर 2024

वर्ष 06, अंक 74, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया


www.swatantraprabhat.com

परिषदीय विद्यालयों तक नहीं पहुँच पायी जल जीवन मिशन की किरण , 80% विद्यालयों में उपलब्ध नहीं स्वच्छ पेयजल...02

केदारनाथ सविता को वाराणसी में मिला सैवक साहित्य श्री सम्मान '..07

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर मस्जिद को मंदिर बताने वाले मुकदमे में वादी से जवाब मांगा





स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर में सिविल कोर्ट के समक्ष दायर मुकदमे में वादी से जवाब मांगा, जिसमें दावा किया गया कि जौनपुर में 14वीं शताब्दी की अटाला मस्जिद मूल रूप से अटाला देवी का एक प्राचीन हिंदू मंदिर था। स्वराज वाहिनी एसोसिएशन और संतोष कुमार मिश्रा द्वारा दायर मुकदमे में यह घोषित करने की मांग की गई कि विवादित संपत्ति 'अटाला देवी मंदिर 'है। सनातन धर्म के अनुयायियों को वहां पूजा करने का अधिकार है। वे मुकदमे की संपत्ति पर कब्जे के लिए भी प्रार्थना करते हैं। प्रतिवादियों और अन्य गैर-हिंदुओं को इसमें प्रवेश करने से रोकने के लिए अनिवार्य निषेधाज्ञा की मांग करते हैं। इसके अलावा, मुकदमे में प्रतिनिधि क्षमता में आदेश 1 नियम 8 सीपीसी के तहत मुकदमा करने की अनुमति भी मांगी गई। इस प्रार्थना को विवादित आदेश में अनुमति दी गई, जिसे इस वर्ष अगस्त में जिला जज ने बरकरार रखा था।वक्फ अताला मस्जिद ने हाल ही में हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दोनों आदेशों को चुनौती दी। दलील दी कि ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ पुनर्विचार याचिका केवल गैर-स्थायी आधार पर खारिज कर दी गई। यह देखते हुए कि मामले पर विचार करने की आवश्यकता है, जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने वादी को मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट के समक्ष याचिकाकर्ता (वक्फ अताला मस्जिद जौनपुर) का मामला यह है कि वाद दोषपूर्ण है, क्योंकि वादी, सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत रजिस्टर्ड सोसाइटी है, जो न्यायिक व्यक्ति नहीं है। इसलिए प्रतिनिधि क्षमता में मुकदमा दायर करने के लिए सक्षम नहीं है। इसके अतिरिक्त, यह तर्क दिया गया कि सोसाइटी के उपनियम उसे इस तरह के मुकदमे में शामिल होने के लिए अधिकृत नहीं करते हैं।इसमें आगे कहा गया कि ट्रायल कोर्ट को इन आधारों पर शिकायत खारिज कर देनी चाहिए; हालांकि, उसने मुकदमा पंजीकृत करने का निर्देश देकर गलती की। याचिकाकर्ता का तर्क है कि वादी को मुकदमा करने का कोई अधिकार नहीं है। विचाराधीन संपत्ति हमेशा से मस्जिद रही है। यह कभी भी किसी अन्य धर्म के अनुयायियों के कब्जे में नहीं रही है, न ही उनका इस पर कोई अधिकार है। याचिकाकर्ता ने यह भी तर्क दिया कि विचाराधीन संपत्ति को मस्जिद के रूप में रजिस्टर्ड किया गया और 1398 में इसके निर्माण के बाद से लगातार इसका उपयोग किया जाता रहा है। मुस्लिम समुदाय जुमे की नमाज सहित नियमित रूप से नमाज अदा करता है। इसके अलावा, यह तर्क दिया गया कि वक्फ बोर्ड को भी शिकायत में पक्ष नहीं बनाया गया।

अदालत ने मुकदमे की संवेदनशील प्रकृति और इसे स्थापित करने के चतुर और शरारती तरीके को देखे बिना यांत्रिक तरीके से आगे बढ़कर इस शरारत को बढ़ावा दिया। इसमें यह भी कहा गया कि संपत्ति यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के पास भी रजिस्टर्ड है। वादी का मुकदमा वक्फ एक्ट की धारा 85 के तहत वर्जित है। चूंकि मस्जिद का उपयोग मुस्लिम समुदाय द्वारा 1947 से किया जा रहा है, इसलिए शिकायत को पूजा स्थल अधिनियम 1991 के तहत भी प्रतिबंधित किया गया। याचिका में कहा गया, "(जैसा कि वादीगण द्वारा दावा किया गया) राजा विजय चंद्र ने धालगर टोला में या उस स्थान पर जहां अताला मस्जिद मौजूद है, अतला देवी को समर्पित कोई मंदिर नहीं बनवाया और हिंदू धर्म के किसी भी अनुयायी ने पहले या वर्तमान में उक्त स्थान पर कभी पूजा आदि नहीं की है; अताला मस्जिद के स्तंभों और स्तंभों पर हिंदू संस्कृति या उनकी निर्माण शैली के संकेत मौजूद नहीं हैं; अताला मस्जिद की नींव वर्ष 1376 में फिरोज शाह तुगलक ने रखी थी और वर्ष 1408 में इसका निर्माण पूरा हुआ।"जौनपुर सिविल कोर्ट में दायर अपनी शिकायत में वादीगण ने दावा किया कि राजा विजय चंद्र द्वारा 13वीं शताब्दी में बनवाया गया अताला देवी मंदिर एक हिंदू मंदिर था, जहां पूजा, सेवा और कीर्तन जैसे अनुष्ठान किए जाते थे।उनका आरोप है कि 13वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में फिरोज तुगलक के भारत पर आक्रमण के बाद उक्त मंदिर को आंशिक रूप से ध्वस्त कर दिया गया। इसके खंभों पर मस्जिद का निर्माण किया गया। वादी आगे तर्क देते हैं कि तुगलक ने हिंदुओं को उस स्थान पर प्रवेश करने से रोका, जो मूल रूप से हिंदू कारीगरों द्वारा पारंपरिक शैली में निर्मित हिंदू मंदिर था। वादी यह भी तर्क देते हैं कि विचाराधीन संरचना, अताला मस्जिद, कभी मस्जिद नहीं थी, बल्कि मूल रूप से अताला देवी का हिंदू मंदिर था। उनका दावा है कि इमारत में हिंदू स्थापत्य शैली बरकरार है, जो विभिन्न रीति-रिवाजों को दर्शाती है, जिन्हें इसे मस्जिद के रूप में प्रस्तुत करने के प्रयास में मिटा दिया गया था। वादी कहते हैं कि मंदिर को ध्वस्त करके कोई मस्जिद नहीं बनाई जानी चाहिए, क्योंकि इस्लाम और कुरान ध्वस्त मंदिर के स्थान पर बनी मस्जिद में नमाज अदा करने की अनुमति नहीं देते हैं, जो उनके अनुसार कानून के विरुद्ध है।

## किसान प्रदर्शन- शंभू बॉर्डर से किसानों को हटाने की मांग वाली याचिका खारिज, सुनवाई इनकार





स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब में उन राजमार्गों से अवरोधकों को हटाने के लिए केंद्र एवं अन्य प्राधिकारों को निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी, जहां किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पीठ ने कहा, ''हम पहले ही व्यापक मुद्दे पर विचार कर रहे हैं। केवल आपको ही समाज की फिक्र नहीं है। बार-बार याचिकाएं दायर मत कीजिए। कुछ लोग प्रचार के लिए याचिका दाखिल करते हैं और कुछ लोगों की सहानुभूति पाने के लिए ऐसा करते हैं।'' न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि मामला पहले ही अदालत में विचाराधीन है और वह एक ही मुद्दे पर बार-बार याचिकाओं पर विचार नहीं कर सकती।

पीठ ने पंजाब में सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में काम करने का दावा करने वाले याचिकाकर्ता गौरव लूथरा से कहा, ''हम पहले ही व्यापक मुद्दे पर विचार कर रहे हैं। केवल आपको ही समाज की फिक्र नहीं है। बार-बार याचिकाएं दायर मत कीजिए। कुछ लोग प्रचार के लिए याचिका दाखिल करते हैं और कुछ लोगों की सहानुभूति पाने के लिए ऐसा करते हैं।''अदालत ने याचिका को लंबित मामले के साथ जोड़ने के लूथरा के अनुरोध को भी खारिज कर दिया। संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले हैं। 13 फरवरी को सुरक्षा बलों ने उन्हें दिल्ली की ओर बढ़ने से रोक लिया था। याचिका में आरोप है कि किसानों और उनके संगठनों ने बेमियादी अवधि के लिए पंजाब में समस्त राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया है।याचिकाकर्ता ने यह निर्देश देने का अनुरोध किया था कि आंदोलनकारी किसान राष्ट्रीय राजमार्गों तथा रेलवे पटरियों को अवरुद्ध नहीं करें।

## खजनी ब्लाक में सरकारी कामकाज ठप, प्राइवेट मुंशी का बोलबाला





**● गोरखपुर - मुख्यमंत्री के गृह जनपद में भ्रष्टाचार का बड़ा खेल**




स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर**–जनपद के दक्षिणांचल क्षेत्र खजनी बेलघ्घाट उरुआ गोला इत्यादि ब्लाक मुख्यालय में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अपने कार्यालयों में प्राइवेट मुंशियों को बैठाकर सरकारी कामकाज करवा रहे हैं। ये मुंशी वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन और परिवार रजिस्टर की नकल जैसी अहम दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर रहे हैं और आम जनता से मनमाना पैसा वसूल रहे हैं। मुख्यमंत्री के गृह जनपद में यह स्थिति बेहद गंभीर है। बावजूद इसके, ब्लाक प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। प्राइवेट मुंशियों के कारण सरकारी कामकाज बाधित हो रहा है और आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग उठ रही है। ग्राम विकास अधिकारी कार्यालयों में प्राइवेट मुंशी सरकारी कामकाज कर रहे हैं, यह सरकारी सिस्टम में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन को उजागर कर रही है। प्रशासन से अपेक्षा की जाती है कि वह इस मामले पर तुरंत संज्ञान ले और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे।

भ्रष्टाचार का यह खेल बिगत कई बर्षो से चला आ रहा है , जिसको लेकर उत्तर प्रदेश मुख्य मंत्री सख्त आदेश जारी किए ,की कोई प्राइवेट कर्मचारी सरकारी दसरो में कार्य नही करेगा ,फिर भी सभी सरकारी ऑफिसों में बाहरी ब्यक्ति प्रमुख फाइलों का आदेश पारित करते देखा जा रहा है । उपरोक्त मामले को लेकर डीपीआरओ नीलेश कुमार सिंह से सम्पर्क किया तो उन्होंने ने बताय्या हमारे वहां कोई मुशी की नियुक्ति नही है ,न ही रख्खे जाते है ,अगर कोई रखा है बताइये जांच कर कार्यवाही होगा । खण्ड विकास अधिकारी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि अगर कोई ग्राम संचित प्राइवेट मुंशी रखता है तो वो खुद जिम्मेदार है । ऐसा है तो औचक जांच कर करीवाई की जाएगी ।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ई रिक्शा चोरी करने वाले अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

रमेश कुमार यादव

**गोंडा-** जिले के कोतवाली नगर अन्तर्गत एक मोहल्ले में ई रिक्शा चोरी करने वाले चोर के विरुद्ध पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। प्रकरण जनपद गोंडा के कोतवाली नगर अन्तर्गत शहर क्षेत्र के मोहल्ला छेदी पुरवा से जुड़ा है। यहां के निवासी दिव्यांशु सिंह क़ी तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में कहा गया है की बीते 5 दिसंबर क़ी शाम वह अपने दरवाज़े पर अपना ई रिक्शा खड़ा करके परिवार के साथ सो गया। सुबह उठा तो उसका ई रिक्शा नहीं था। आरोप है की चोर उसका ई रिक्शा चोरी कर ले गये हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर ने बताया की मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई क़ी जा रही है।

### माधोगंज कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरे बने शो पीस




**माधौगंज (हरदोई)।** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कस्बे के प्रमुख स्थानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे बन्द होने के कारण शो पीस बने हुए है। नगर में अपराध की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए तत्कालीन डीएम पुलकित खरे के निर्देश पर नगरपंचायत द्वारा कस्बे के प्रमुख चौराहे, सिंह द्वार , नझहाई चौराहा पर सी सी टीवी कैमरे लगवाए गए थे। सुरक्षा की दृष्टि से लगे कैमरों से नगर में अपराध की घटनाओं पर कुछ दिन अंकुश लगा। चौराहे पर रुपए छीनने की कई घटनाओं का खुलासा तीसरी आंख ने किया। नझहाई चौराहे पर लगे कैमरों को आपरेट करने के लिए किसी दुकानदार का सहयोग नही मिला। जिसके कारण कैमरे नही लगाए जा सके थे।

## मनरेगा में बदला भष्टाचार का ट्रेंड,पहले चोरी से कराओ मानकविहीन काम, फिर सुविधा शुल्क देकर उसी का लो भुगतान

**● -सचिव एवं प्रधान की मिलीभगत से रोजगार सेवक द्वारा लगायी जा रही फर्जी हाजिररुधौली ब्लाक के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरैया मिश्र से जुड़ा मामला**



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** केन्द्र सरकार भले ही गरीबों को रोजागर हेतु लाख जुगत करे लेकिन मनरेगा माफिया हाथ साफ करने से पीछे नही हट रहे हैं । ग्राम पंचायत हरैया मिश्र के राजस्व गांव सुकरौली मे मनरेगा योजना हाथी का दांत साबित हो रहा है। विकास खण्ड रुधौली के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरैया मिश्र के राजस्व गांव सुकरौली में मनरेगा अधिकारियों की मिलीभगत होने से मनरेगा मजदूर धरातल छोड़ मनरेगा उपस्थिति पंजिका के मात्र कागजों में उपस्थित हो रहे हैं ।हरैया मिश्र के राजस्व गांव सुकरौली में चेतराम के चक से सोनमती के चक तक चकमार्ग निर्माण कागजों कराया जा रहा है व कागज मे 36 मजदूरो की हाजिरी भी लग रही है लेकिन धरातल पर एक भी मजदूर काम करते नहीं दिख रहे हैं। ऐसे में धरातल से नदारद रहे मजदूरों की कागज़ों मे उपस्थिति से ब्लाक प्रशासन का अनजान रहना विकास का पोल खोलता नजर आ रहा है। बिना मजदूरों के धरातलीय उपस्थिति के कागजों में उपस्थिति दिखाकर धन का भुगतान लेने का मामला चर्चाओं में है और जिम्मेदार अपने कमीशन के इन्तजार में चुप्पी साधे मुँह न खोलने पर डटे हुए हैं ।

## जब उदासीन हैं जिम्मेदार तो डिवाइडर ही क्या पूरा हाइवे दिखेगा जंगलनुमा

**● टांडा बांदा हाइवे में दिखते हैं तमाम जानलेवा गड्ढे**

**बस्ती से टांडा- बसखारी होकर आजमगढ़ जाने वाले फोरलेन का डिवाइडर बना जंगल**





स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** देश में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखने के बावजूद लोकनिर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता इस कदर बढ़ चली है कि जहां देखा जाय जिस रोड की तरफ आंख घुमाई जाए उस रोड पर गड्ढे तो दिखेंगे ही परन्तु पराकाष्ठा तो तब हो जाती है जब हाइवे किनारे उगी झाड़ियां मुंह में थप्पड़ जड़ देती हैं। जी हां हम बात कर रहे हैं जिले के उत्तरी क्षेत्र में बने फोर लेन हाइवे की जिसकी इस समय की सबसे बड़ी समस्या यह है कि इस हाइवे के किनारे उगी हुई झाड़ियां तो सड़क पर पहुंच ही गई हैं लेकिन मजे की बात तो यह है कि सड़क के बीच में बने डिवाइडर उगी झाड़ियां इस कदर बढ़ी हुई हैं कि यदि बचाया न जाय तो मुंह में थपेड़ा लगने से बच पाना असंभव होगा। इस डिवाइडर पर साफ सफाई की व्यवस्था इस कदर चरमराई हुई है कि उगी हुई घास फूस डिवाइडर को ढक ली हैं और सड़क पर भी फिट दो फिट फैल चुकी हैं। जनमानस की सुगमता को नजर रखते इनका साफ किया जाना अतिआवश्यक है। लेकिन जिम्मेदार विद्वान अधिकारी वहां क्यों जाएं उनके लिए तो सब चोखा ही चोखा।


## महिला व उसके परिजन पर हमला, कर्नलगंज पुलिस की कार्रवाई पर सवाल


**● पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार**

स्वतंत्र प्रभात

रमेश कुमार यादव

**कर्नलगंज,गोंडा-** कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र में एक महिला ने छेड़खानी व मारपीट और अपने पति पर हुऐ जानलेवा हमले के मामले में विपक्षी व पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुऐ पुलिस अधीक्षक गोंडा को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। कस्बा कर्नलगंज के मोहल्ला पजावा, गाड़ी बाजार पूर्वी की निवासिनी एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने परिवार के साथ शांतिपूर्वक जीवन बिता रही थी। लेकिन मोहल्ले में रहने वाले रईस अहमद जो उसके पड़ोस में रहने वाली अपनी चाची सकीना बेगम के घर अक्सर आता-जाता था, कुछ दिनों से उसके प्रति अशोभनीय व्यवहार शुरू कर दिया। रईस अहमद कथित तौर पर उसको देखकर गंदे इशारे करता और कई बार उसने छेड़छाड़ करने की कोशिश भी की। उसने इस संबंध में रईस अहमद की चाची से शिकायत की,जो उसके घर के ठीक बगल में रहती हैं। लेकिन हर बार उन्हें यह कहकर टाल दिया गया कि रईस को समझा दिया जाएगा। पीड़ित महिला ने बताया कि 3 दिसंबर 2024 की रात करीब 10 से 11 बजे के बीच रईस अहमद ने उनके घर के दरवाजे की कुंडी खटखटाई। उसको लगा कि कोई आया होगा,इसलिए उन्होंने दरवाजा खोल दिया। जैसे ही दरवाजा खुला,रईस अहमद ने उसको दबोच लिया और जबरदस्ती जमीन पर गिराकर उसकी इज्जत लूटने की कोशिश की। उसने जब शोर मचाया तो उनकी आवाज सुनकर उनकी जेठानी सोनी देवी और पति शिवकुमार मौके पर पहुंचे। रईस अहमद ने उसके पति को पास आता देख,पास पड़ी एक ईंट उठाकर उनके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले से शिवकुमार गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गया। इसी बीच महिला व उनके परिवार ने किसी तरह रईस अहमद के चंगुल से खुद को छुड़ाया। पीड़िता व उनका परिवार जब थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने जा रहे थे,उसी दौरान रईस अहमद ने अपने कुछ रिश्तेदारों को बुला लिया। उन्होंने मिलकर उसे व उनके पति और उनकी बुजुर्ग सास पर दोबारा हमला किया। मारपीट में परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। उसने कर्नलगंज कोतवाली में घटना की जानकारी दी,लेकिन पुलिस ने घटना को गंभीरता से नहीं लिया और उनकी शिकायत को नजरअंदाज करते हुए मामूली धाराओं में एनसीआर दर्ज कर लिया गया। यही नहीं पुलिस ने आरोपी रईस अहमद को गिरफ्तार किया,लेकिन कुछ ही देर बाद उसे छोड़ दिया। इसके बाद रईस





खुलेआम घूमता रहा और पीड़िता व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगा। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि पुलिस की इस लापरवाही से अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। वहीं महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाए। पीड़ित महिला ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। अब देखना यह है कि पुलिस आरोपी रईस अहमद के खिलाफ कोई कार्रवाई करती है या मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

## विकास खंड अधिकारी के सह पर सचिव कर रहे अवैध वसूली

**● - भ्रष्टाचार की खुली पोल, पांच हजार की रिश्वत की मांग**



स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** जिले के पहाड़ी विकासखंड में भ्रष्टाचार के मामलों की परतें लगातार खुलती जा रही हैं। पहले मनरेगा और ओडीएफ प्लस जैसी योजनाओं में भ्रष्टाचार के गंभीर मामले सामने आए, और अब हैंडपंप रिबोर के नाम पर की जा रही अवैध वसूली ने प्रशासन को कठघरे में खड़ा कर दिया है। प्रसिद्धपुर गांव के एक 80 वर्षीय वृद्ध ने ग्राम सचिव श्रीश्याम सिंह पर हैंडपंप रिबोर के लिए 5,000 रुपये रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित वृद्ध ने बताया कि, ÷मैं पानी की भारी समस्या से जूझ रहा हूं।अधिकारियों ने गांव का दौरा कर सचिव को रिबोर कराने का निर्देश दिया था, लेकिन सचिव ने मुझसे 5,000 रुपये मांगे। मेरी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं कि मैं इतनी बड़ी रकम जुटा पाऊं। वृद्ध का कहना है कि पैसे न देने की वजह से सचिव एक साल से हैंडपंप रिबोर नहीं करवा रहे हैं। गांव में पानी की समस्या से महिलाएं और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित हैं। वही स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि विकासखंड अधिकारी इस पूरे मामले से अनभिज्ञ नहीं हैं। बावजूद इसके, अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्राम सचिव के पीछे उच्चाधिकारियों का भी सहयोग है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सचिव के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई गई, तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।प्रशासन से जवाब का इंतजार अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है, और क्या वृद्ध को न्याय मिल पाएगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### तालगांव में हुवा दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**तालगांव सीतापुर** जनता इंटर कॉलेज तालगांव परसेंड़ी मे 2दिवसीय खेल का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि प्रबंधक डॉ एहतिशमुल रशीद (शानू )ने खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। बच्चो का उत्साह वर्धन करते हुए बच्चो को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया मुख्य अतिथि ने खेल के जरिये बच्चो के शारीरिक और मानसिक विकाश के बारे मे भी बताया खेल का प्रारम्भ खो खो प्रतियोगिता से किया गया। कबड्डी,वालीबाल,लंबी दौड़ आदि खेल दो दिनों में आयोजित होंगे इस मौके पर डा.मानू आसरा क्लिनिक तालगांव, व मास्टर रियाजउद्दीन अंसारी,अमित अवस्थी,सहित छात्र एवम अभिवावक सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### मनीष जगन अग्रवाल को समाजवादी पार्टी व्यापार सभा का बनाया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष




**बिसवां सीतापुर** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बिसवाँ के पुरवारी टोला निवासी मनीष जगन अग्रवाल को समाजवादी पार्टी व्यापार सभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर नगर में हर्ष एवं उत्साह की लहर दौड़ गई। बताते चले की मनीष जगन अग्रवाल वही शख्स हैं जिन्हें पिछले साल योगी सरकार ने गिरफ्तार करवा लिया था और इन्हें छुड़ाने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव डीजीपी ऑफिस पहुंच गए थे और पूरे प्रदेश में काफी हंगामा हुआ था जिसके कारण मनीष को तत्काल जमानत पर योगी सरकार को रिहा करना पड़ा था। मनीष जगन अग्रवाल सपा के थिंक टैंक और फायरब्रांड नेताओं में गिने जाते हैं और अखिलेश यादव के बेहद करीबी नेताओं में हैं और लोकसभा चुनावों में शानदार सफलता के बाद अब इन्हें सपा की व्यापार सभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। मनोनयन पर वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी विजय अवस्थी पीयूष बाजपेई मृदुल राम एसके कठेरिया यादव दिलीप सेठ विनोद वर्मा विभव कुमार रजनीश कुमार सहित हजारों की संख्या में नगर वासियों जनपद वासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### धूमधाम से निकाली गई 50वीं श्रीरूद्र महायज्ञ की कलश यात्रा



**हरियावां (हरदोई)।** हरियावां थाना क्षेत्र के भदेवरा गांव में इन दिनों हर वर्ष की भांति श्री रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है यह कार्यक्रम कई विगत वर्षों से भदेवरा गांव में किया जा रहा है इसमें गांव में साप्ताहिक यज्ञ व भागवत कार्यक्रम होता है स्वामी 1008 श्री रामाश्रम स्वामी जी व श्री श्री 1008 स्वामी श्री श्यामाश्रम जी के शिष्य स्वामी ब्रम्हाश्रम की संरक्षता में श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा हैं जिसमें सप्तदिवसीय यज्ञ यज्ञाचार्य श्री मृदुल कांत पाण्डेय जी व भागवत कथा का रसपान सरस कथाव्यास आचार्य कु. कोमल मिश्रा जी द्वारा प्रारंभ हो रही हैं। जिसकी कलश यात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई जोकि भदेवरा गांव से भकुरहा घाट पर गोमती तक बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। इस मौके पर मुख्य आयोजक श्री सत्य प्रकाश दीक्षित जी व काफी संत महात्मा व भक्तगण, ग्रामवासी मौजूद रहे।

### एक वारंटी गिरफ्तार




**हरियावां (हरदोई)।** थाना क्षेत्र के कोरिगवां निवासी वारंटी रामसेवक को पुलिस ने धर दबोचा। एसआई बृजेश सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह मुखबिर की सूचना पर उसे पकड़ कर न्यायालय में पेश किया गया। उस पर एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

## एकमुश्त समाधान योजना को जन- जन तक पहुचाने के लिए पावर कारपोरेशन ने निकाली रैलीएकमुश्त समाधान योजना को जन- जन तक पहुचाने के लिए पावर कारपोरेशन ने निकाली रैली

स्वतंत्र प्रभात




**निगोहां।** एक मुश्त समाधान योजना को जन जन तक पहुचाने के उद्देश्य को लेकर सोमवार को निगोहां कस्बे में पावर कारपोरेशन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रैली निकालकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया। विधुत उपभोक्ता जागरूक रैली अधिशाषी अभियंता मोहनलालगंज, एसडीओ समेसी के नेतृत्व में निगोहां पावर हाउस से निगोहां कस्बा के साथ कई गांवों में निकाल कर उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया ताकि ओटीएस स्कीम के तहत विधुत उपभोक्ता पंजीकरण कराकर छूट का लाभ ले सके। इस रैली में अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता निगोहां सचिन श्रीवास्तव, अवर अभियंता समेसी आशीष कुमार तथा निगोहां और समेसी के समस्त लाइन स्टाफ मौजूद रहे। सात्विन्दर यादव उपखण्ड अधिकारी सचिन श्रीवास्तव जेई निगोहां, आशीष कुमार जेई समेसी, सूरज मिश्रा, विनय मिश्रा, शाश्वत शुक्ला, दिनेश त्रिवेदी, अनिल वर्मा, राजेंद्र सिंह, रविंद्र शम्भू,अंगद, लाला, मेवा, चंद्रभूषण आदि मौजूद रहे।

निगोहां। एक मुश्त समाधान योजना को जन जन तक पहुचाने के उद्देश्य को लेकर सोमवार को निगोहां कस्बे में पावर कारपोरेशन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रैली निकालकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया। विधुत उपभोक्ता जागरूक रैली अधिशाषी अभियंता मोहनलालगंज, एसडीओ समेसी के नेतृत्व में निगोहां पावर हाउस से निगोहां कस्बा के साथ कई गांवों में निकाल कर उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया ताकि ओटीएस स्कीम के तहत विधुत उपभोक्ता पंजीकरण कराकर छूट का लाभ ले सके। इस रैली में अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता निगोहां सचिन श्रीवास्तव, अवर अभियंता समेसी आशीष कुमार तथा निगोहां और समेसी के समस्त लाइन स्टाफ मौजूद रहे। सात्विन्दर यादव उपखण्ड अधिकारी सचिन श्रीवास्तव जेई निगोहां, आशीष कुमार जेई समेसी, सूरज मिश्रा, विनय मिश्रा, शाश्वत शुक्ला, दिनेश त्रिवेदी, अनिल वर्मा, राजेंद्र सिंह, रविंद्र शम्भू,अंगद, लाला, मेवा, चंद्रभूषण आदि मौजूद रहे। निगोहां। एक मुश्त समाधान योजना को जन जन तक पहुचाने के उद्देश्य को लेकर सोमवार को निगोहां कस्बे में पावर कारपोरेशन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रैली निकालकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया।

विधुत उपभोक्ता जागरूक रैली अधिशाषी अभियंता मोहनलालगंज, एसडीओ समेसी के नेतृत्व में निगोहां पावर हाउस से निगोहां कस्बा के साथ कई गांवों में निकाल कर उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया ताकि ओटीएस स्कीम के तहत विधुत उपभोक्ता पंजीकरण कराकर छूट का लाभ ले सके। इस रैली में अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता निगोहां सचिन श्रीवास्तव, अवर अभियंता समेसी आशीष कुमार तथा निगोहां और समेसी के समस्त लाइन स्टाफ मौजूद रहे। सात्विन्दर यादव उपखण्ड अधिकारी सचिन श्रीवास्तव जेई निगोहां, आशीष कुमार जेई समेसी, सूरज मिश्रा, विनय मिश्रा, शाश्वत शुक्ला, दिनेश त्रिवेदी, अनिल वर्मा, राजेंद्र सिंह, रविंद्र शम्भू,अंगद, लाला, मेवा, चंद्रभूषण आदि मौजूद रहे।

## कई वर्षों तक चले वाद के बाद 18 आवंटी कृषि पट्टा निरस्त

स्वतंत्र प्रभात




**कछौना, हरदोई।** विकास खण्ड कछौना की तहसील सण्डीला हरदोई में वर्ष 2018 में ग्राम प्रधान व राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर कई ग्राम सभाओं में अपात्रों व मानकों को दरकिनार कर कृषि व आवासीय पट्टा आवंटित किए गए थे। जिसकी जानकारी होने पर दबी जुबान से ग्रामीणों ने विरोध किया, परंतु शासन प्रशासन से शिकायत की थी। अपील में अपर जिला अधिकारी न्यायालय में प्रावधान होने के कारण लंबी दौड़ भाग के कारण आम आदमी जहमत नहीं उठा पाता है। किसके कारण अपात्र लोग फायदा उठाते हैं। पात्र भूमिहीन व्यक्ति दर-दर भटकने को विवश रहते हैं।

मिली जानकारी के अनुसार तहसील संडीला विकासखंड कछौना में ग्राम सभा त्यौरी मतुआ, कटियामऊ, कुकुही, कछौना देहात, पतसेनी देहात, सुठेना आदि में बड़े पैमाने पर कृषि व आवासीय पट्टा आवंटन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया था। अपात्र लोगों कोटेदार, उद्यमी, नर्सिंग होम संचालक, ग्राम प्रधान के परिवार व रिश्तेदार, नौकरी पेशा, शिक्षा मित्र को कृषि व आवासीय पट्टा आवंटित किए गए थे। ग्राम सभा कटियामऊ के ग्रामीण सुधीर कुमार सिंह ने ग्राम सभा में कृषि पट्टा आवंटन व आवासीय पट्टा आवंटन में बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार की शिकायत शासन प्रशासन से की, परंतु कोई कार्यवाही न होने से उन्होंने न्यायालय अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व वाद दायर किया, उन्होंने आरोप लगाया पूर्व ग्राम प्रधान व राजस्व कर्मियों द्वारा विधिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। बिना खुली बैठक के चहेते लोगों को बुलाकर गुपचुप तरीके से अपात्र लोगों का चयन कर लिया था। जिससे गांव के काफी संख्या में पात्र लोगों को खुली बैठक की जानकारी नहीं हुई थी। अपात्र लोगों से मोटी रकम लेकर अपात्रों को पट्टा आवंटन कर दिया। जिसमें काफी समय तक वाद चलने व दोनों पक्षों की सुनवाई व साक्ष्यों के आधार पर ग्राम सभा के 18 आवंटी कृषि के पट्टा निरस्त करने का आदेश किया गया। इस लंबे संघर्ष के बाद शिकायतकर्ता को न्याय मिला। वहीं इस कार्यवाई से पूर्व ग्राम प्रधान व राजस्व कर्मियों में हड़कंप मच गया। सही ढंग से कार्यवाई होने से कई राजस्व अधिकारी भी चपेट में आ सकते हैं।

## शिव-पार्वती तांडव नृत्य ने मोह लिया मन

स्वतंत्र प्रभात




**हरदोई।** शहर में मेला महोत्सव के आठवें दिन बृजवासी कलाकारों के द्वारा शिव पार्वती पर मनमोहक नृत्य किया गया, साथ ही राधा कृष्ण की झांकियां के साथ कार्यक्रम को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कई प्रकार के भजनों द्वारा मनमोहक शानदार प्रस्तुतियों से लोगों की ताली बटोरी। करपुर गौरम करुणावतारं, शिव पंचाक्षर स्त्रोत, तेरी चौखट पर आना मेरा काम भोले, डमरू वाले बाबा तुमको आना, नैनो को भोले बाबा का दीदार, एक दिन वह भोला भंडारी, गौरा रानी पूज रही, मेरी भी अरज सुनो भोलेनाथ जैसे कई भजनों पर कई मनमोहक भोलेनाथ की झांकियां प्रस्तुत की गई। भारत के कई राज्यों से कई स्टाल लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी, सहारनपुर का फर्नीचर, बीकानेर की नमकीन, बरेली का सुरमा, कई ऐसे स्टॉल पर लोगों जमकर खरीदारी की। इस अवसर पर मुख्य आयोजक रवि किशोर गुप्ता, आयुषी रस्तोगी, कुलदीप द्विवेदी, अजीत शुक्ला, करुणा शंकर द्विवेदी, मणिका गुप्ता, राजीव गुप्ता, रज्जन सिंह, नवल किशोर, अक्षय प्रताप सिंह, शरद कुमार, विशेष कुमार, शिव सक्सेना, प्रीति सिंह, खुशबू टंडन, विपिन मिश्रा, अमन, शिवानी, सहित सैकड़ो की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## सम्पन्न हुआ साहित्य सृजन संस्थान बिसवाँ, सीतापुर का वार्षिक समारोह (सृजन महोत्सव-2019)

स्वतंत्र प्रभात



**बिसवां (सीतापुर)** शैक्षिक, साहित्यिक, सामाजिक सरोकार न केवल हमारा मार्गदर्शन करते हैं, बल्कि हमारे सामाजिक समरसता के नैतिक मानक भी निर्धारित करते हैं। हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का समर्थन करते हैं। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक संस्कार भी देने की आवश्यकता है।÷ यह बात साहित्य सृजन संस्थान बिसवाँ सीतापुर द्वारा हरगोविंद वर्मा सभागार, बिसवाँ में आयोजित वार्षिक समारोह ÷सृजन महोत्सव 2024÷ के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कौशल जी ने ( प्रांत प्रचारक, अवध क्षेत्र - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) अपने सम्बोधन में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता, शिक्षाविद साहित्यकार रमेश बाजपेयी ने की और सम्मानित अतिथि के रूप में दूरदर्शन कार्यक्रम प्रमुख डॉक्टर आत्म प्रकाश मिश्र, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रेनू मेहरोत्रा और उप जिलाधिकारी, बिसवां मनीष कुमार मंच पर उपस्थित रहे। समारोह का सफल संचालन विनय दीक्षित व संगीत सिंह ने कुशलतापूर्वक किया।

विशिष्ट अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान ने अपने संबोधन में संस्था गतिविधियों और उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है बल्कि सामाजिक मूल्य और परंपराओं को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।


सम्मानित अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए विधानसभा क्षेत्र बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़ी और मानवीय संवेदना के प्रति सजग दृष्टि हमारे सामाजिक मूल्यों को और अधिक परिष्कृत करती है। अध्यक्षीय संबोधन में रमेश बाजपेई विरल में कहा शैक्षिक संस्कार, सामाजिक मूल्य, पुस्तकालयों की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए संस्थान को शुभकामनाएं प्रदान की। संस्थान के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप मिश्र सरस ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था की आख्या प्रस्तुत करते हुए संस्थान की वर्तमान गतिविधियों और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संस्थान द्वारा सीतापुर जनपद के दिवंगत वरेण्य व्यक्तित्वों की स्मृति में, विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले भारत और नेपाल के कुल 50 प्रतिष्ठित गणमान्यों को संपूर्ण भव्यता और दिव्यता के साथ ( सृजन सरोकार सम्मान 2024 )अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्थान की ओर से अभिषेक अग्रवाल, विमलेश अवस्थी, आशीष शुक्ला, वरिंदर सिंह, तुलसीराम अग्रवाल, मिलिंद गुप्ता, अमित सिंघल, पंकज खेतान आदि द्वारा मंचस्थ अतिथियों का बैज अलंकरण, माल्यार्पण और स्मृतिचिह्न प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोगों एवं मातृशक्ति की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम आयोजक ऋतुराज सिंह, दीपक शुक्ल ने सभी अभ्यागतों का आभार व्यक्त किया और शिवांशु पांडेय ने वार्षिकोत्सव के अगले वर्ष तक स्थगन की घोषणा की।

## बेंगलूरू में प्रतिभा ने जीते तीन मेडल

**● - राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में सचिव की बेटी ने किया शानदार प्रदर्शन'**

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** मैसूर -बैंगलौर मे चल रही 62वीं रास्ट्रीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में विकास खण्ड कछौना मे कार्यरत ग्राम पंचायत अधिकारी संतोष कुमार व विकास खण्ड सण्डीला के ग्राम पंचायत छनोइया की ग्राम प्रधान सुधा देवी की बेटी प्रतिभा ने लगातार शानदार प्रदर्शन कर 03 मेडल जीतकर माता-पिता परिवार गांव क्षेत्र व जनपद हरदोई के साथ ही उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन कर्नाटक रोलर स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा मैसूर- बैंगलौर मे संपन्न किया गया । प्रतिभा इंडस वैली पब्लिक स्कूल लखनऊ में कक्षा 5 की छात्रा है। इसके पूर्व भी वह कई प्रतियोगिताओ मे प्रतिभाग कर अपने स्कूल, जनपद व प्रदेश का नाम रोशन कर चुकी हैं। इस प्रकार बेटी प्रतिभा के अथक परिश्रम से जिला स्तरीय, प्रतियोगिता से लेकर राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता तक का सफर लगातार



जारी कर बालिकाओं के लिए आदर्श बन चुकी हैं।

## ग्राम पंचायत के मनरेगा कार्यों में भ्रष्टाचार करने का लगा दीमक।

**● - प्रधान,रोजगार सेवक और सचिव की मिली भगत से लगाई रही फर्जी हाजिरी।**

स्वतंत्र प्रभात



**पहला सीतापुर** प्रदेश की सरकार लगातार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की कोशिश कर रही है लेकिन उसके सरकारी नुमाइंदे सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं गांव के जिम्मेदार लोग फर्जी मजदूरों की उपस्थित दर्शाकर सरकारी धनराशि का भरपूर दोहन करके अपनी तिजोरी भर रहे हैं। ब्लाक की ग्राम पंचायत की खबर प्रकाशित होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्यवाही करना नहीं चाहता है पूरा मामला ग्राम पंचायत मुसैदाबाद का बताया जा रहा है जहाँ पर 2 कार्य चल रहे हैं।पहला कार्य ग्राम पंचायत भवन की मरम्मत एवं रँगाई व पुताई कार्य पर केवल 7 मजदूर कार्य करते पाए गए जबकि मास्टर रोल पर 29 मजदूरों की फर्जी उपस्थित लगाकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है उसी ग्राम पंचायत में दूसरा कार्य बंताला तालाब की सफाई कार्य चल रहा है वही मौके पर 6 मजदूर कार्य करते उपस्थित पाये गए और मास्टर रोल पर 49 मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धनराशि से अपनी अपनी तिजोरी भरने का काम किया जा रहा है और वही दूसरी तरफ ग्राम पंचायत खंबरिया में फर्जी हाजिरी लगाने का मामला प्रकाश में आया है। जहां पर मनरेगा योजना के तहत जमकर भृष्टाचार किया जा रहा है ग्राम पंचायत खंबरिया में मनरेगा योजना भृष्टाचार की भेंट चढ़ जा रही है।आपको बताते चले कि सरकार के द्वारा चलाई गई राष्ट्रीय ग्रामीण मनरेगा गारंटी योजना कहने को तो भले ही गरीबों के लिए वरदान कही जा रही हो लेकिन ग्राम पंचायत मुसैदाबाद व खंबरिया में जमीनी स्तर पर भृष्टाचार के चलते गरीबों को मनरेगा योजना का लाभ ना मिलकर ग्राम पंचायत के जिम्मेदार प्रधान, सचिव और रोजगार सेवक फर्जी तरीके से हाजिरी लगाकर गरीबों के हक पर डाका डाल कर अपनी तिजोरी भरने का काम जरूर कर रहे हैं।

खंबरिया ग्राम पंचायत में पहाड़ापुर पुल से राम नाथ के खेत तक ड्रेन की पटरी सफाई कार्य मौके पर पूरा पाया गया। और एक भी मजदूर कार्य नही कर रहा था। और 59 मजदूरों की फर्जी तरीके से हाजिरी लगाई जा रही है।लेकिन धरातल पर कुछ ग्रामीणों ने दबी जुबान में बताया कि एक सप्ताह पहले ही कार्य पूर्ण हो चुका है लेकिन अभी भी हाजिरी फ़र्जी तरीके से लगाई जा रही है जिसका मनरेगा पोर्टल स्वंय गवाही दे रहा है। सरकार की धनराशि सरकारी खजाने से निकाल कर जिम्मेदार लोग अपनी तिजोरी भर रहे हैं।इससे यह लग रहा है कि ग्राम पंचायत में ऐसे बहुत से कार्य देखने को मिल सकते हैं जिनमें जमकर भ्रष्टाचार किया गया है और बहुत से ऐसे कार्य होंगे जिनमें सरकारी धनराशि का बंदर बांट किया गया होगा। अब देखना यह है कि इन दोनों ग्राम पंचायतों के फर्जीवाड़े की खबर प्रकाशित होने के बाद क्या कार्यवाही होगी? जब इस सम्बन्ध में ग्राम सचिव से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं उठा।

अब देखना यह है कि लोगों की जन भावना का सम्मान कर सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का पालन करते हुए क्या उच्च स्तर के अधिकारी गंभीरता से इस फर्जी वाड़े की जांच कर दोषी पाए जाने की स्थिति में कार्यवाही करेंगे क्या योगी सरकार में भ्रष्टाचार करने वालो पर कोई कार्यवाही होगी या सिर्फ कागज पर स्पष्टीकरण को लेकर लीपा पोती कर देंगे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दोपहिया मोटरसाइकिल चालक की मौत

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज/रायबरेली।** बीती रात कोतवाली क्षेत्र के नरेठ मजरे कोटवा मोहम्मदाबाद निवासी एक 22 वर्षीय नवयुवक अपने चाचा व चाची को छोड़कर दो पहिया मोटरसाइकिल से बीती रात अपने घर जा ही रहा था कि, रास्ते में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों व परिजनो की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। बताते चले कि, कोतवाली क्षेत्र के नरेठ मजरे कोटवा मोहम्मदाबाद निवासी 22 वर्षीय मोहित पुत्र माताफेर अपने दो पहिया मोटरसाइकिल से चाचा और चाची को महराजगंज बस पर बैठाने आया था तभी रात्रि लगभग 9॰00बजे छोड़कर वापस घर जा ही रहा था कि, हलोर से जमुरावां जाने वाले संपर्क मार्ग पर स्थित कपूरपुर गांव के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी और मोहित वहीं गंभीर हालत में घायल होकर गिर गया तथा बेहोश हो गया। राहगीरों व परिजनों की मदद से मोहित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने मोहित को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही मोहित के मृत्यु होने की खबर गांव वासियों को हुई वैसे ही पूरे गांव में मातम का माहौल छा गया और शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि, बीती रात मार्ग दुर्घटना में मोहित की मृत्यु हो गई है पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलते ही मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## विद्युत विभाग द्वारा जनसंपर्क अभियान के माध्यम से शुरू की गई अनोखी पहल

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज/रायबरेली-** विद्युत उपकेंद्र महराजगंज, चंदापुर, जिहवा एवं ओसाह के अंतर्गत आने वाले गांवो में विभाग की अनोखी पहल देखने को मिली। अवर अभियंता चंदापुर सुनील कुमार, अवर अभियंता महराजगंज ग्रामीण अजय सैनी, अवर अभियंता जिहवा संजय कुमार, अवर अभियंता ओसाह हरिओम के नेतृत्व में रमेश शर्मा tgw, प्रवेश कुमार tgw, विजय कुमार लाइनमैन, दीपक मिश्रा लाइनमैन, चंद्रभान लाइनमैन, हरिश्चंद्र, बृजेंद्रसिंह, हनोमान, रामसुख, अनिल कुमार, शिव वरदान, स्नेहदीप, शिव प्रकाश, रामनरेश आदि ने महराजगंज कस्बा समेत मऊ, बरीबरा, मोतीगंज, ठाकुरपुर, कैड़ावा, पूरे अहलादी, मऊ सर्की, सिकंदरपुर सहित आदि गांवों में जनसंपर्क कर लोगों को 15 से 31 दिसंबर तक चलने वाली एकमुश्त समाधान योजना के बारे में जागरूक किया। अवर अभियंताओं की यह अनोखी पहल उपभोक्ताओं को खूब रास आ रही है।

आपको बता दें कि, अवर अभियंता चंदापुर सुनील कुमार ने बताया कि, यह जागरूकता अभियान 15 से 31 दिसंबर तक चलने वाले एकमुश्त समाधान योजना के बारे में उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि, इस योजना के तहत, उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल, खराब मीटर और बिजली से संबंधित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए जागरूक किया जा रहा है। एकमुश्त समाधान योजना 15 से 31 दिसंबर तक लागू रहेगी। इस दौरान विभिन्न गांवों और कस्बा क्षेत्रों में कैंप लगाए जाएंगे, जहां उपभोक्ता अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकेंगे।

विद्युत विभाग द्वारा जनसंपर्क अभियान के माध्यम से शुरू की गई यह अनोखी पहल



अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच रही है, जिससे वे आसानी से योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस पहल के जरिए बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को बकाया बिल और अन्य समस्याओं को सुलझाने के लिए एक सरल और प्रभावी रास्ता विभागीय अधिकारियों ने अपनाया है। बिजली विभाग की यह नई पहल क्षेत्र के लोगों के लिए राहत का सबब बन रही है, और उन्हें बिना किसी झंझट के अपनी समस्याओं का समाधान पाने का एक अनोखा अवसर मिल रहा है।

## जीआरसी नैमिषारण्य व्दारा कम्प्यूटर लैब का किया गया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात

**मिश्रिख (सीतापुर)** जीआरसी एकल ग्रामोंत्थान फाउंडेश नैमिषारण्य द्वारा यादव मार्केट टड़ियावां जनपद हरदोई में कंप्यूटर प्रशिक्षण लैब सीटीएल का उद्घाटन किया गया। एकल ग्रामोंत्थान फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा में प्रशिक्षित करके रोजगार परक बनाने एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शिलाई प्रशिक्षण, ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जैविक कृषि प्रशिक्षण देने का लगातार कार्य किया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन एवं दीप मंत्र के साथ जोनल हेड प्रभाकांत वर्मा ने किया । प्रभाकांत ने उद्बोधन में कहा कि एकल ग्रामोंत्थान फाउंडेशन ग्रामीण युवाओं में डिजिटल क्रांति लाने एवं स्वामी विवेकानंद जी के सपनों का भारत बनाने का कार्य कर रहा है। इस अभियान का संक्षिप्त परिचय जोनल कोर्डिनेटर लालजीत ने दिया। कार्यक्रम में संचालन समिति के अध्यक्ष सुधीर सिंह, जोनल हेड प्रभाकांत वर्मा, टड़ियावां ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण मोहन शुक्ल ने नारियल तोड़ कर कम्प्यूटर लैब का उद्घाटम किया। आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम का संचालन जीआरसी इंचार्ज सुधीर चौधरी ने किया। जीआरसी संचालन समिति अध्यक्ष सुधीर सिंह, उत्तर प्रदेश ग्रामोत्थान योजना के जोनल सुपरवाइजर अनुग्रह नारायण, उत्तर प्रदेश ग्रामोत्थान योजना जोनल कोआर्डिनेटर लालजीत



यादव, जीआरसी इंचार्ज सुधीर चौधरी, संचालन समिति उपाध्यक्ष डा. सागर, कोषाध्यक्ष विपिन वैश्य, समिति सदस्य राजीव ओझा, अश्वनी मिश्रा रंजीत, नितिन, दुर्गेश तिवारी, महेंद्र सिंह, रामेंद्र सिंह, जगरूप राठौर, संजय श्रीवास्त, राज प्रताप, अनिरुद्ध, प्रवेश, नेहा, उमा आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व सैनिकों की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण किया जाये - जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सैनिक बन्धु की बैठक में नए जितने प्रकरण रखे जाये, उन प्रकरणों को बैठक से पूर्व जिस फोरम में पहले शिकायत की जा चुकी हो, उस फोरम में किस विभाग द्वारा क्या आख्या लगाई गई थी,उसकी भी सूचना जिला सैनिक कल्याण बन्धु की बैठक



में प्रस्तुत किया जाए। बैठक में आज कुल 03 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। जिसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय से कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में पूर्व सैनिकों ने जिलाधिकारी के समक्ष कई शिकायतों को रखा। जिसपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के कर्मचारियों को शीघ्र ही उनके निस्तारण के निर्देश दिए।

# संक्षिप्त ख़बरें

## सोनिया गांधी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन



**डलमऊ रायबरेली-** समर्पण,त्याग, बलिदान और विषम परिस्थितियों में अदम्य साहस की परिचायक यूपीए चेयरपर्सन रायबरेली की लोकप्रिय सांसद रही सोनिया गांधी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर सोनिया गांधी के जन्मदिन को सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन अखिल भारतीय कमेटी कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सदस्य व जिला पंचायत सदस्य एडवोकेट वीरेंद्र यादव द्वारा किया गया।सामाजिक सद्भावना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी,नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव व रायबरेली प्रभारी फिरोज खान, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष वी के शुक्ला उपस्थित रहे।कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रायबरेली की जनप्रिय सांसद रहीं सोनिया गांधी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की।इस अवसर पर पुष्पेंद्र यादव, सुधांशु मौर्य, अभिषेक, लल्ला मौर्य, जितेंद्र पासी, विनोद चौधरी, प्रशांत कुमार, क्षेत्र पंचायत सदस्य अखिलेश यादव, शिवा, शिवचरित्र मौर्य, शैलेश कुमार, शिवाकांत तिवारी, लालागोपाल यादव, सुल्तान खान, बृजेश कुमार, रवि कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## ओबरा तापीय परियोजना और नगर पंचायत के बीच भूमि विवाद गहराया




**ओबरा-** ओबरा तापीय परियोजना निगम और नगर पंचायत ओबरा के बीच भूमि विवाद लगातार गहराता जा रहा है। तापीय परियोजना निगम ने नगर पंचायत को स्पष्ट निर्देश दिया है कि निगम की स्वामित्व वाली भूमि पर कोई भी कार्य करने से पहले अनिवार्य रूप से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) लिया जाए। हाल ही में, नगर पंचायत द्वारा तापीय परियोजना की सुरक्षा दीवार के पास बिना अनुमति के एक शेड का निर्माण किया जा रहा था। इस पर परियोजना अधिकारियों ने तुरंत रोक लगा दी। नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि और कर्मचारी मौके पर मौजूद थे, लेकिन उन्होंने परियोजना अधिकारियों के निर्देशों का पालन नहीं किया।यह पहला मामला नहीं है जब नगर पंचायत ने परियोजना निगम की भूमि पर बिना अनुमति के निर्माण कार्य कराया हो। नगर पंचायत ने निगम की भूमि पर सड़क, नाली और खड़ंजा जैसे कई विकास कार्य कराए हैं, जिस पर परियोजना अधिकारियों ने आपत्ति जताई है।

## सोनभद्र में रोजगार मेला- सुनहरा अवसर!




**सोनभद्र, 09 दिसंबर-** जिला प्रशासन ने बेरोजगार युवाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी दी है। 11 दिसंबर को शम्भूनाथ निजी आईटीआई कॉलेज, परासपानी, कोटा, डाला में एक रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 14 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी जिसमें उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम( सोनभद्र डिपो ) में संविदा पर चालक की भर्ती, विजन इण्डिया सर्विसेज प्रा0 लि0( हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0, रेनूकुट, सोनभद्र वांछित योग्यता- आई0टी0आई0- फीटर, वेल्डर, मैकेनिक, टर्नर एवं इंस्ट्रुमेन्ट ), लैट्रीक स्टाफींग, नोएडा, मेराक्यू, दिल्ली, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लि0, वाराणसी, टीम प्लस एच0आर0 ऑटोमोटिव इलेक्ट्रानिक्स एण्ड इलेक्ट्रीकल्स, प्रयागराज, शिवशक्ति एग्रीटेक, वाराणसी, कृतिका एडवरटाईजिंग, चुर्क, सोनभद्र, महादेव हनुमत, वाराणसी, एल0आई0सी0, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र, वोन इण्डिया सर्विस प्रा0 लि0, नोएडा, टैलेन्टअप, नोएडा, टाटा ए0आई0ए0, सोनभद्र एवं एन0एस0डी0सी0, वाराणसी इत्यादि कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएगी। समस्त इच्छुक एवं योग्य बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नियोजकों द्वारा शम्भूनाथ निजी आई0 टी0 आई0 कॉलेज, परासपानी, कोटा, डाला, सोनभद्र के परिसर में लिया जायेगा। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। इस हेतु कोई यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 289 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

**● गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही सरकार की यह योजना**

स्वतंत्र प्रभात




**अमेठी।** गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए उत्तर प्रदेश शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का शुभारम्भ किया गया है जिसमें ऐसे परिवार जो गरीबी के कारण अपनी कन्या का विवाह अच्छे ढ़ंग से नहीं कर पाते हैं। उन परिवारों हेतु सरकार द्वारा सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाता है, जिसके तहत गरीब परिवार की बेटियों को आर्थिक सहायता के साथ-साथ गृहस्थ जीवन की स्थापना हेतु उपहार भी प्रदान किये जाते हैं। इस क्रम में जनपद में विकास खण्ड परिसर सिंहपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 289 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि आज 06 विकास खण्डों क्रमशः तिलोई, सिंहपुर, बहादुरपुर, गौरीगंज, जामों व शाहगढ़ में 289 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया, जिसमें 238 हिन्दू तथा 51 मुस्लिम जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। उक्त योजनान्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रूपए 51000 प्रति युगल धनराशि व्यय की जाती है, जिसमें से रूपए 35000 कन्या (वधू) के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली व गृहस्थी की स्थापना हेतु उसके बैंक खाते में अन्तरित का जाती है एवं रूपए 10000 की उपहार सामग्री वर-वधू को प्रदान की जाती है तथा रूपए 6000 की धनराशि समारोह के आयोजन को भव्यता प्रदान करने में व्यय किये जाते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी परिवार जो आर्थिक रूप से कमजोर, निर्धन एवं जरूरतमन्द को लाभान्वित होंगे जिसमें गरीब परिवार के युगलों के विवाह हेतु वैवाहिक उपहार सामग्री यथा-कपड़े, चांदी की बिछिया व पायल, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कूकर, ट्रॉली बैग, वैनिटी किट एवं दीवार घड़ी आदि प्रदान की जाती है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ राज्य के गरीब परिवार की विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला को मिलेगा जिसके तहत सभी धर्मों, समुदायों/वर्गों को लाभ प्रदान किया जाता है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए आवश्यक योग्यता मानदंड तय किये हैं जिसके आधार पर जोड़ों को योजना से लाभान्वित किया जायेगा यथा-आवेदक उप्र का मूल निवासी हों, कन्या के अभिभावक निराश्रित, निर्धन तथा जरूरतमन्द हों, परिवार की वार्षिक आय अधिकतम रूपए 2 लाख हो, वधु की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक हो तथा वर की आयु विवाह की तिथि को 21 वर्ष की आयु पूर्ण हो गयी हो। आयु की पुष्टि के लिए स्कूल शैक्षिक रिकार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड मान्य होंगे। उन्होंने बताया कि योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा व विवाह हेतु निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, ऐसी कन्या जो स्वयं दिव्यांग हो, को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। उक्त कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा नवविवाहित जोड़ों को उपहार सामग्री व विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा नवदम्पत्तियों को सपरिवार शुभकामनाएं व बधाई दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, ब्लॉक प्रमुख तिलोई प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख सिंहपुर अंकित पासी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, खंड विकास अधिकारी सिंहपुर सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला आयुष समिति की बैठक

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आयुष समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम उपलब्ध धनराशि एवं व्यय धनराशि की समीक्षा की। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने आयुष विभाग के निर्माणाधीन आयुष चिकित्सालयों, चिकित्सालयों के उच्चीकरण तथा इंफ्रास्ट्रक्चर की भौतिक प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर/प्रतिष्ठानो पर छापेमारी कर सैंपल एकत्रित कर जांच करने के निर्देश दिए एवं रजिस्टर लाइसेंस की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त चिकित्सालयों में मरीज हेतु समस्त मूलभूत सुविधाएं एवं आवश्यक दवावों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही जो भी चिकित्सालयों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उनको समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उनको हैंडोवर कराया जाए जिससे कि आमजन को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जा सके। जिलाधिकारी ने जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वह स्वयं निगरानी करते हुए टीम गठित कर छापेमारी, मूलभूत सुविधाओं इत्यादि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने बताया कि जनपद में योग वेलनेस सेंटर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय शारदन, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बड़गांव तथा राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय 25 शैय्या अमेठी में संचलित हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में योग एवं आयुष विद्या को आधिकाधिक जनसुलभ बनाने हेतु नगरीय क्षेत्र में, पार्कों में, आवास विकास एवं नगर विकास विभाग के सहयोग से योग सत्र का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 18 आयुर्वेद चिकित्सालय तथा 9 यूनानी चिकित्सालय संचालित हैं। उन्होंने जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराते हुए कहा कि आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में अंशकालिक योग प्रशिक्षक महिला के 5 पद पद रिक्त हैं जिस पर जिलाधिकारी ने उन्हें आवश्यक कार्यवाही कर रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती के निर्देश दिए। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने कहा कि आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में ब्लड शुगर, हिमोग्लोबिन एवं गर्भावस्था की निश्शुल्क जांच की जा जाती है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आयुष समिति के समस्त सदस्य एवं अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# संगठन पर्व चुनाव पर्यवेक्षक राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**● 15 दिसंबर तक मंडल के गठन एवं 30 दिसंबर तक जिला अध्यक्ष के चुनाव होंगे संपन्न**

स्वतंत्र प्रभात



**गौरीगंज, अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन चुनाव प्रक्रिया तेज कर दी है15 दिसम्बर तक मंडलों के गठन और 30 तक जिलाध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है।भाजपा ने संगठन चुनाव के लिए योगी सरकार में संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सैनी को सुलतानपुर,अमेठी व प्रतापगढ़ का चुनाव पर्यवेक्षक बनाया हैं। राज्य मंत्री जसवंत सैनी सोमवार को जिले में पहुंच कर भाजपा जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में जिला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय बादल की उपस्थिति में पार्टी के जिला कार्यालय पर पार्टी के जिला पदाधिकारियों, मंडल चुनाव अधिकारी और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक किया।इस दौरान वह संगठन चुनाव को पारदर्शी ढंग से कराने और श्रेष्ठ कार्यकर्ता चुनने के संबंध में आवश्यक चर्चा किया।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि राज्य मंत्री सैनी एमएलसी समेत विधायकों, पूर्व जिलाध्यक्षों अन्य जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ नेताओं से मिलकर संगठन चुनाव के सम्बन्ध में चर्चा किया ।अपने संबोधन में कहा कि पर्यवेक्षक का प्रमुख कार्य पार्टी के संगठनात्मक चुनावों की निगरानी करना होगा।जिससे पार्टी की आंतरिक संरचना मजबूत और पारदर्शी बनी रहे। ये चुनाव बीजेपी के संगठनात्मक ढांचे को बेहतर बनाने और आगामी चुनावों के लिए पार्टी को तैयार करने की दिशा में अहम कदम हैं।उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद गोविंद नारायण शुक्ला, तेजभान सिंह पूर्व विधायक, शैलेंद्र प्रताप सिंह विधान परिषद सदस्य, काशी प्रसाद तिवारी क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा, सुरेश पासी विधायक ,चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी पूर्व विधायक, जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, चन्द्रमौलि सिंह जिला प्रवक्ता,आशा बाजपेई जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, उपमा सरोज जिला उपाध्यक्ष सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समाजसेवी पूर्व प्रबंधक प्रदीप मिश्रा के निधन पर शोक की लहर

स्वतंत्र प्रभात



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बरातीलाल गंगाराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के पूर्व प्रबंधक, वरिष्ठ संघ कार्यकर्ता व समाजसेवी प्रदीप कुमार मिश्र का निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। वह संघ परिवार के समर्पित कार्यकर्ता समाजसेवी रहे। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, संगठनों में सक्रिय पदाधिकारी रहे। पूर्व विधि एवं न्याय मंत्री गिरीश नारायण पाण्डेय, निवर्तमान विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, शिवप्रकाश पाण्डेय, अनूप पाण्डेय, कैलाश बाजपेई, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, भाजपा नेता सुशील शुक्ला, रमाशंकर बाजपेई, प्रधानाचार्य सत्येन्द्र कुमार शुक्ल, प्रधानाचार्या मधु शर्मा, सुरेश पाठक, आचार्य नीरज पाण्डेय, नीरज साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता, सचिन रस्तोगी, शिवकुमार त्रिवेदी, सतीश त्रिवेदी, राजेश सिंह फौजी, अंजनीश प्रताप सिंह, विहिप प्रांतीय मंत्री रामगोपाल त्रिपाठी, शिवकुमार अवस्थी, अजय बाबू पाण्डेय, राजेन्द्र पाण्डेय, रविनंदन सिंह चौहान, रामशरण अग्निहोत्री, अजय वर्मा, कौशिक बाजपेई, अर्पित बाजपेई, ब्रम्हेन्द्र विक्रम सिंह, शंकर दयाल बाजपेई, कौशलेंद्र प्रताप कंचन सहित क्षेत्र के तमाम लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। उनके असामयिक निधन पर बाल कल्याण समिति से संचालित विद्याभारती विद्यालय, बरातीलाल गंगाराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज, सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती विद्या मंदिर विष्णु खेड़ा में गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गई।

## सोनभद्र के रजखड़ में किसानों के लिए दो दिवसीय कैंप, सरकार की योजनाओं से जुड़ने का मौका




**सोनभद्र** के रजखड़ में सोमवार से किसानों के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री का दो दिवसीय कैंप शुरू हुआ। इस कैंप में किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का मौका मिल रहा है। पहले दिन बड़ी संख्या में किसानों ने ई-केवाईसी कराई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बृजेश कुमार ने किसानों को आयुष्मान कार्ड, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन जैसी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ग्राम रजखड़ में बना ग्राम प्रधान कैंप कार्यालय किसानों के लिए एक वरदान है। यहां पर 1500 ग्रामवासियों की प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए सूची तैयार की गई है।किसानों से अपील की गई है कि वे 10 दिसंबर को होने वाले कैंप में भी शामिल हों।

# घर में अकेले सो रहे बुजुर्ग की लूटपाट के बाद हत्या, सर में चोट के निशान

**● घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल,फॉरेंसिक टीम व कप्तान मौके पर पहुंचे**

**क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अपराध पर अंकुश लगाने में नाकाम प्रभारी निरीक्षक**

स्वतंत्र प्रभात



**डलमऊ रायबरेली-** किराना व्यवसायी व किसान के घर में लूटपाट,डकैती के बाद की गई निर्मम हत्या से गांव में दहशत का माहौल हो गया।सूचना मिलते ही डलमऊ पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम व पुलिस अधीक्षक जांच पड़ताल के लिए मौके पर पहुंचे।बुजुर्ग की हत्या क्यों की गई यह जांच का विषय है।लेकिन जिस तरीके से अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है इससे पुलिस एवं क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व की पोल खुल गई है।कोतवाली क्षेत्र में एक के बाद एक चोरी,छिनैती व हत्या की घटनाओं से लोग दहशत में जी रहे हैं वही आलाधिकारियों के चहेते बने डलमऊ कोतवाल पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे राना नरसवा गांव में सोमवार सुबह घर के अंदर उमाशंकर साहू उम्र 58 वर्ष का शव पाया गया।मृतक का नाती जब घर दूध लेने पहुंचा तब बाबा की हालत देखकर बदहवास हो गया।बुजुर्ग के हाथ पैर बंधे हुए थे सर पर गंभीर चोट के निशान थे।आसपास बिखरा हुआ सामान घर के अंदर रखे हुए बक्सों के टूटे हुए ताले लूटपाट के बाद हत्या किए जाने की गवाही दे रहे थे।घटना की जानकारी मिलते ही गांव में दहशत का माहौल बन गया।लोगों की भीड़ जमा हो गई।मृतक की पत्नी सुशीला अपनी बेटी के गांव दो दिन पूर्व गई हुई थी जबकि बेटा राजेश व बहू घर से कुछ दूरी पर बने हुए पुराने मकान में रहते हैं।घटना की जानकारी मिली तो सभी बदहवास हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई।घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा,क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार नवहार भी मौके पर पहुंचे।फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच कर घटना से संबंधित साक्ष्य जुटाए हैं।पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया। बुजुर्ग की हालत को देखकर यह अंदाजा लगाया जा रहा था कि लुटेरों ने पहले घर के अंदर लूटपाट की और उसके बाद बुजुर्ग की बेरहमी से हत्या कर दी उसके हाथ पर भी बांध दिए। मृतक के बेटे राजेश कुमार ने पिता की लूटपाट के बाद हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।पुलिस को दी गई तहरीर में बेटे ने बताया कि बक्से मे लगभग 5 लाख के जेवरात व लगभग 70000 के अन्य सामान चोरी हुए हैं।अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि घटना से संबंधित विधि विज्ञान द्वारा जांच पड़ताल कराई जा रही है।परिजनों के द्वारा जो भी तहरीर दी गई है उसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जाएगी।अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसओजी एवं पुलिस की टीम गठित कर दी गई है।जल्द ही मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।

**डलमऊ क्षेत्र में लगातार बढ़ रहा अपराध**

कोतवाली क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरी, लूट व हत्या की वारदातें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं।एक के बाद एक हो रही घटनाएं पुलिस के कुशल नेतृत्व की गवाही दे रहे हैं।क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार नवहार के कुशल पर्यवेक्षक की पोल लगातार अपराधी खोल रहे हैं।पिछले तीन माह में लगभग एक दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं,हत्या व लूट की घटनाएं पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई हैं।अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय पुलिस लगातार उनका संरक्षण दे रही है।जिसका नतीजा यह है की घटनाएं लगातार घटित हो रही हैं और पुलिस हाथ पर हाथ रखे हुए बैठी है।चाहे बनापार में विवाहिता की हत्या हो या करकसा गांव में बीते दिनों एक बुजुर्ग महिला की हत्या हो।मुराई बाग चौकी से चंद कदमों की दूरी पर चोरी व मारपीट की घटनाएं हो जो पुलिस पर सवालिया निशान उठा रहे हैं।

# तहसीलदार ने 6 बीघे गेहूँ की फसल जुतवाकर हटवाया अवैध कब्जा

**● चारागाह, बंजर भूमि था अवैध कब्जा! शिकायत पर तहसीलदार ने लिया एक्शन**

स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के बक्शीखेड़ा मजरे बहादुर नगर में मय पुलिस फोर्स के राजस्व विभाग की टीम के साथ तहसीलदार के पहुंचते ही अवैध कब्जेदारों में हड़कम्प मच गया। तहसीलदार के नेतृत्व में बक्शीखेड़ा पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने ट्रैक्टर से करीब 6 बीघे गेहूं की फसल जुतवाकर चारागाह तथा बंजर भूमि को कब्जा मुक्त करा दिया है, राजस्व विभाग द्वारा की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई से क्षेत्र के भूमाफियाओं में हड़कम्प मच गया है। जानकारी के मुताबिक गांव के ही एक व्यक्ति ने महराजगंज तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव से बक्शीखेड़ा में चारागाह तथा बंजर जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की थी। जिसे तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव ने गम्भीरता से लेते हुए सोमवार को दोपहर बाद पुलिस फोर्स के ही राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार अमृतलाल, कानून गो सूर्यपाल, मोहम्मद आबिद, हल्का लेखपाल अवनीश प्रताप, लेखपाल राजीव मिश्रा, प्रीति गुप्ता, शैलेंद्र, अवनींद्र, विकास कुशवाहा, सुनील यादव, अमित कुमार, तुषार साहू के साथ मौके पर पहुंचकर पैमाइश कराई तो शिकायत सत्य पाई गई। तहसीलदार ने अपनी मौजूदगी में ट्रैक्टर से गेहूं की फसल जुतवाकर चारागाह तथा बंजर भूमि को कब्जा मुक्त करि दिया है। हल्का लेखपाल अवनीश प्रताप ने बताया कि गाटा संख्या 517 जो चारागाह के नाम से दर्ज है जिसका रकबा करीब 8 बीघे का है। जिसमें राजकुमार पुत्र रामकुमार व रामकुमार पुत्र अहरवादीन ने करीब चार बीघे में अवैध कब्जा करके गेहूँ की फसल बो रखी थी। जिसमें बोई गई करीब चार बीघे गेहूं की फसल ट्रैक्टर से जुतवाकर जमीन को कब्जा को मुक्त करा दिया गया है। वहीं गाटा संख्या 1398 बंजर, 1312 चारागाह, 1297 चारागाह जिनका रकबा करीब 2 बीघे का है। जिस पर सत्यप्रकाश मिश्रा, चंद्रप्रकाश मिश्रा, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, श्याम प्रकाश मिश्रा आदि लोगों ने अवैध रुप तरफ से कब्जा करके गेहूं की फसल बो रखी थी जिसे ट्रैक्टर से जुतवाकर चारागाह था बंजर भूमि को कब्जा मुक्त कर दिया गया है। अवनीश प्रताप ने बताया तहसीलदार ने अपनी मौजूदगी में गेहूं की फसल जुतवाकर करीब 6 बीघे भूमि कब्जा मुक्त कराई गई है,साथ ही उक्त भूमि पर दोबारा कब्जा न करने की हिदायत दी है।

# जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की सम्पन्न।

**● स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को निर्धारित समयान्तर्गत किया जाये पूर्ण- जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात




**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एन0एच0एम0 योजना के अन्तर्गत धनराशि व्यय की समीक्षा की तो व्यय धनराशि की प्रगति धीमी पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने डिस्ट्रीक प्रोग्राम मैनेजर, चीफ फार्मास्टि, ए0सी0एम0ओ0 स्टोर को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य प्रद्धति में सुधार न होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्य सुनिश्चित की जायेगी, इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत भुगतान एवं टीकारण के प्रगति के समीक्षा की तो चोपन, म्योरपुर, नगवा समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भुगतान की प्रगति धीमी पायी गयी। जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित सी0एच0सी0 प्रभारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने निजी चिकित्सालयों के निरीक्षण कार्यो की भी समीक्षा की समीक्षा के दौरान निजी चिकित्सालयों के नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राइवेट चिकित्सालयों का रोस्टर बनाकर निरीक्षण किया जाये और उसकी मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये जिन अस्पतालों में मौके पर डाक्टर उपलब्ध न हो उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस दौरान उन्होने कहा कि विद्यालयो में आयरन एलबेन्डाजाल की दवाओं का वितरण समय से किया जाये और उसकी मासिक रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी को उपलब्ध करायी जाये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उन्होने कहा कि जिला चिकित्सालय समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्दों पर मरीजो को दवा अस्पताल परिसर से उपलब्ध करायी जाये बाहर की दवा मरीजों को न लिखी जायें, उन्होने कहा कि जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र से सम्बन्धित रिपोर्ट अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत और जिला पंचायत राज अधिकारी समय से जारी कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने सुरक्षित मातृ वन्दना योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, फैमिली प्लानिंग, नियमित टीकाकरण के प्रगति की गहन समीक्षा की। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आर0बी0एस0के0 टीम के भ्रमण की मानीटरिंग नियमित रूप से की जाये, सी0एच0सी0 व पी0एच0सी0 पर रैण्डम आधार पर निरीक्षण किया जाये, समीक्षा के उपरान्त जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि आम जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने हेतु केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जो भी योजनाएं हैं उनका क्रियान्वयन निर्धारित समय के अन्तर्गत पूर्ण किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही कदापि न बरती जाये। जिला स्वास्थ्य समिति शासनादेशानुसार जिले में बेहतर जन स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए समयबद्ध तरीके से कार्य करें। केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, डी0सी0 मनरेगा रविन्द्र वीर, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# सोनभद्र के आदिवासी विद्यालय में छात्रों का प्रदर्शन, प्रशासन की लापरवाही उजागर

स्वतंत्र प्रभात



**दुद्धी (सोनभद्र)-** जय प्रकाश नारायण सर्वोदय आदिवासी विद्यालय, दुद्धी में व्याप्त भारी दुर्व्यवस्थाओं के खिलाफ छात्रों ने सोमवार को जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर कस्बे के मुख्य बाजार से होते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे।छात्रों ने विद्यालय के अधीक्षक डॉ. अवधेश सोनकर पर शोषण और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए। छात्रों ने बताया कि विद्यालय में ट्रेकसूट, जूते-मोजे, स्वेटर जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। भोजन की गुणवत्ता भी बेहद खराब है, जिसके कारण छात्रों ने भोजन का बहिष्कार तक कर दिया। इसके अलावा, विद्यालय की बाउंड्री टूटी हुई है, जिससे जानवर अंदर घुस जाते हैं। शौचालयों की स्थिति भी बेहद खराब है और सफाई का अभाव है।छात्रों ने बताया कि उन्होंने कई बार अधीक्षक से इन समस्याओं के समाधान की मांग की, लेकिन उनकी बातों को अनसुना कर दिया गया। उल्टा, शिकायत करने पर उन्हें धमकाया गया।मौके पर पहुंचे एसडीएम ने छात्रों की समस्याएं सुनीं और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। लेकिन छात्र जिलाधिकारी से मिलने की मांग पर अड़े रहे।विद्यालय अधीक्षक डॉ. अवधेश सोनकर पूरे घटनाक्रम में गायब रहे। इससे साफ है कि वे समस्याओं के समाधान में कोई दिलचस्पी नहीं रखते।यह मामला समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड़ के क्षेत्र का है। कुछ दिन पहले एससी-एसटी आयोग के उपाध्यक्ष ने भी विद्यालय का निरीक्षण किया था और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए थे। लेकिन जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं हुआ है।छात्रों का यह प्रदर्शन प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और छात्रों की समस्याओं का समाधान कब तक होता है।

# "जुगैल में श्रीराम कथा का भव्य समापन, ग्रामीणों में उत्साह"

**● सोमवार को हवन पूजन के पश्चात हुआ विशाल भंडारे का आयोजन**

**चोपन(सोनभद्र)-** चोपन विकास खंड के ग्राम पंचायत जुगैल में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय वनवासी श्रीराम कथा का भव्य समापन हुआ। कथा के दौरान अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पं. दिलीप कृष्ण भारद्वाज ने भगवान राम के जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डाला, जिससे श्रद्धालुओं में भक्ति और आस्था का संचार हुआ।समापन दिवस पर हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, पंचायत सदस्य, और अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे।इस आयोजन ने ग्रामवासियों को एकजुटता और आध्यात्मिकता का संदेश दिया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया। कथा समापन के पश्चात समिति के सभी सम्मानित पदाधिकारियों को ग्राम प्रधान सुनीता यादव ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता राजा मिश्रा, ब्लाक प्रमुख श्रीमती लीला देवी गोंड़,नगरपालिका अध्यक्ष रुबी प्रसाद, जिला पंचायत सदस्य जुगैल श्रीमती उत्तरा त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह,नवल किशोर चौबे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विशाल पाण्डेय,सत्य प्रकाश तिवारी, विशाल गुप्ता,शबनम मिश्रा, पूर्व चेयरमैन ओबरा दुर्गावती देवी, दिलीप चौबे, उमेश सिंह पटेल,श्री नीवास तोमर, विनोद तिवारी, उमेश चौबे, कालीचरण खरवार, सुनीता खरवार सहित भारी संख्या में कथा प्रेमी मौजूद रहे कार्यक्रम के अंत में प्रधान प्रतिनिधि दिनेश यादव ने सफल आयोजन को लेकर सबको धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बंगाली सर्राफा कारीगरों की नीयत एक बार फिर हुई खराब दो दुकानदारों का - डेढ़ करोड़ का सोना लेकर फरार

**● - अपने हुनर से विश्वास जीतने वाले बंगाली सर्राफा कारीगर उत्तर भारत में खोते जा रहे हैं विश्वास।**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** सर्राफा व्यवसाय में बंगाली कारीगरों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बंगाल के कारीगरों ने अपनी उत्कृष्ट ज्वैलरी डिजाइन की कौशल कला में उत्तर भारत में अपनी अमिट छाप छोड़ी है लेकिन धीरे-धीरे ये बंगाली सोने चांदी के कारीगर अपनी बदनीयती के कारण उत्तर प्रदेश में बदनाम होते जा रहे हैं। ऐसा ही एक वाकया कानपुर में घटा। जब एक बंगाली कारीगर चार वर्षो तक अपना विश्वास जमाकर कानपुर के दो सर्राफा व्यवसायियों का सोना लेकर फरार हो गया। जब दुकानदारों को उसके भागने की भनक लगी तब उसने स्थानीय थाने में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। यह वाक्या फीलखाना थानाक्षेत्र का है जहां एक ज्वैलर्स के यहां काम करने वाला कर्मचारी जेवर बनाने के बहाने दो अलग-अलग सर्राफा कारोबारियों का 1.5 करोड़ का सोना लेकर चंपत हो गया। जब बंगाली कारीगर का मोबाइल स्विच ऑफ मिला और वह अपने अस्थाई निवास पर नहीं मिला तो पीड़ित सर्राफा दुकानदारों के होश उड़ गए। हमेशा की तरह इसी तरह की घटनाएं इन बंगाली सर्राफा कारीगरों ने की हैं। कारोबारियों ने बताया कि चार सालों तक विश्वास जमाकर एक दिन उसने धोखा दे दिया। एक सर्राफा कारोबारी की तहरीर पर आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में जुटी है और लोगों से पूछताछ कर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार फ्रेंड्स इनक्लेव सोसायटी सिविल लाइंस निवासी शेख सरफराज अली ने दर्ज एफआईआर में बताया कि उनका बिरहाना रोड स्थित रफ ज्वैलर्स



प्रतिष्ठान है। उनके प्रतिष्ठान में पश्चिम बंगाल के ग्राम मुजलिसपुर के सागरपुर निवासी सर्राफा कारीगर मानस फीलखाना में किराए पर रहता था। वह उनके प्रतिष्ठान में पिछले 4 वर्षो से कार्य कर रहा था। उन्होंने बताया कि मानस को लगभग 70,17,049 लाख मूल्य का सोना जेवर बनाने के लिए 5 दिसंबर को दिया था और 6 दिसंबर की सुबह जेवर के लिए मानस से मोबाइल पर फोन करके संपर्क का प्रयास किया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। इसके बाद मानस के फीलखाना पते पर पहुंचे लेकिन वहां भी वह नहीं मिला। मानस के बारे में पता कर रहा था कि वहीं पर अजय ज्वैलर्स प्रतिष्ठान के गौरव पाल निवासी फीलखाना से बातचीत हुई तो उन्होंने भी बताया कि मानस उनकी दुकान से भी जेवर बनाने के लिए 995 ग्राम सोना जिसकी कीमत 79,10,250 रुपये है, ले गया था। जेवर बनाकर नहीं दिया तो उसकी तलाश करने कारखाने पर आया था। पीड़ित शेख शरफराज आली ने बताया कि मानस उनका व गौरव पाल का कुल1,49,27,299 का सोना लेकर फरार है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस हर संभव कोशिश कर रही है कि किसी तरह उसकी लोकेशन मिल सके और वह उस फरार कारीगर तक पहुंच सके। इस तरह की घटनाएं पहले भी बहुत हुई हैं। यह बंगाली कारीगर कभी सोना लेकर भाग जाते हैं तो कभी मिलावटी सामान बनाकर दुकानदारों को लेकर भाग जाते हैं। जब उनके बनाए गए जेवर गलाए जाते हैं तब पता चलता है कि उसमें तो बहुत मिलावट है।

## जूही पुलिस ने वांछित चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**कानपुर।** थाना जूही पुलिस ने 4 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस आयुक्त कानपुर नगर एवं अपर पुलिस आयुक्त कानपुर नगर के आदेशानुसार व पुलिस उपायुक्त दक्षिण एवं अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण के निकट निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्त बाबूपुरवा के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चलाये जा रहे अपराध रोकथाम व अपराधियों की धर पकड़ अभियान के दौरान आज थाना जूही से 4 वांछित अभियुक्तों अनिल पुत्र गंगाराम उम्र 37 वर्ष, कुसुम पत्नी अनिल उम्र 34 वर्ष, असगर अंसारी पुत्र नसीम मिया उम्र 55 वर्ष, समस्त निवासी जूही धोबी तालाब थाना जूही कानपुर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के खिलाफ थाना जूही पर धारा 147/ 504/ 506/ 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज था। अभियुक्त फैसल पुत्र स्व. मुनीर निवासी रत्तुपुरवा जूही नहरिया थाना जूही कानपुर नगर उम्र 25 वर्ष के खिलाफ धारा 147/ 323/ 504/ 506/ 425 भादवि थाना जूही कानपुर नगर में मुकदमा दर्ज था को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सलिल विश्नोई की विधायक विकास निधि से कालेज के नवनिर्मित कक्ष का लोकार्पण आज



**कानपुर।** मैकराबर्टगंज में डीडबलयूटीसी कालेज में नवनिर्मित कक्ष का उदघाटन व लोकार्पण आज दिनांक 10 दिसम्बर 24 मंगलवार को दोपहर 12:30 बजे विधायक सलिल विश्नोई करेंगे। विधायक सलिल विश्नोई की विधायक विकास निधि द्वारा डीडबलयूटीसी कालेज, मैकराबर्टगंज, कानपुर में नवनिर्मित कक्ष का निर्माण हुआ है।

### नाबालिग की मोटरसाइकिल से चार वर्षीय बच्चे की मृत्यु

**कानपुर।** आज थाना संचेडी के अंतर्गत ग्राम में एक मोटरसाइकिल की चपेट में आने से चार वर्षीय बच्चे की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि मोटरसाइकिल अपाचे सवार कुलदीप पुत्र उमाशंकर उम्र 16 वर्ष तथा लवकुश पुत्र सुरेश निवासीगण ग्राम पंचा पुरवा थाना सचेण्डी कानपुर नगर उम्र करीब 17 वर्ष दोनो नाबालिग मोटरसाइकिल से कैंधा से सोना गांव की ओर अपाचे मोटरसाइकिल यूपी 78 जीएल 9865 से जा रहे थे तभी गज्जापुरवा गांव में हिमांशु पुत्र कोमल निवासी ग्राम गज्जापुरवा थाना सचेण्डी कानपुर नगर उम्र करीब 4 वर्ष मोटरसाइकिल के सामने आने से दुर्घटना हो गई है, जिसमें हिमांशु उपरोक्त की मौके पर ही मृत्यु हो गई है। स्थानीय पुलिस बल मौके पर है,आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## महाकुंभ के लिए कानपुर से चलेंगी अतिरिक्त बसें संविदा पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए




स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** क्षेत्रीय प्रबन्धक परिवहन निगम कानपुर अनिल कुमार ने बताया कि शासन की मंशानुरूप महाकुम्भ- 25 में निर्बाध रूप से श्रद्धालुओं को परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परिवहन निगम अपने बस बेड़े में नई बसों को सम्मिलित कर रहा है वही दूसरी ओर वर्तमान बसों को भी सुसज्जित कर महाकुम्भ के संचालन की सुदृढ़ व्यवस्था का कार्य प्रगति पर है। इसी कडी में क्षेत्रीय लोगो को रोजगार देने के उद्देश्य से विशेष चालक भर्ती का अभियान "रोजगार मेला"आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 परिवहन निगम कानपुर क्षेत्र द्वारा सिग्नेचर ग्रीन्स सिटी बस स्टेशन, आजादनगर कानपुर में दिनांक 10 व 11 दिसम्बर, 2024 को प्रातः 10:00 बजे स"रोजगार मेला"का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लगभग 300 चालकों को अनुबन्ध के आधार पर संविदा चालक के रूप में परिवहन निगम कानपुर क्षेत्र में आबद्ध किये जाने की योजना है। उन्होंने बताया कि भारत का कोई भी नागरिक जो निम्न योग्यतायें धारित करता है, संविदा चालक हेतु उक्त तिथियों को अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित उपस्थित होकर आवेदन कर सकता है। आवेदन करने के लिए चालक की उम्र 23 वर्ष 06 माह से अधिक हो, लम्बाई 5 फुट 3 इन्च हो, शैक्षित योग्यता 8 वीं पास हो, लाईसेन्स 02 वर्ष पुराना (हैवी) हो। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 परिवहन निगम द्वारा संविदा चालकों को रूपया 01.89 प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान किया जा रहा है, 22 दिन डियूटी 5000 किलोमीटर करने पर रू0 3000 प्रोत्साहन धनराशि अतिरिक्त, पी0एफ0, नाईट भत्ता, परिवार के यात्रा हेतु फी फैमली पास की सुविधा, यात्री राहत योजना में रू0 07.50 लाख व रू0 05.00 लाख दुर्घटना बीमा की सुविधायें प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 परिवहन निगम के नियमित/संविदा कार्मिकों को जीरो बैलेन्स सैलरी एंकाउन्ट पर रू0 एक करोड़ का दुर्घटना बीमा, रू0 08.00 लाख का जीवन बीमा, कार्मिक की सेवाकाल में मृत्यू होने की दशा में पुत्री के विवाह हेतु रू0 10.00 लाख बच्चे की उच्च शिक्षा के लिये रू0 10.00 लाख के कवर की सेवा प्रदाता बैंक द्वारा सुविधा प्रदान की जा रही है।

## नेशनल मीडिया प्रेस क्लब जिला कार्यकारिणी चुनाव 25 की बैठक संपन्न

**नेशनल मीडिया प्रेस क्लब कानपुर के चुनाव संबंधी नियम व शर्तों पर हुई चर्चा**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के प्रादेशिक कार्यालय काकादेव कानपुर में जिला कार्यकारिणी चुनाव को लेकर आज अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष एम डी शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट उमाशंकर त्यागी ने चुनाव से संबंधित नियम व शर्तों पर प्रकाश डालते हुवे सर्वसम्मति से प्रत्याशियों के चुनाव हेतु दिशा निर्देश जारी किए जिसमें अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/ महामंत्री पद के उम्मीदवार को पत्रकारिता क्षेत्र का निम्नतम 5 वर्ष का अनुभव एवं निम्नतम आयु 30 वर्ष, इसके साथ ही जिला सचिव/मंत्री/कोषाध्यक्ष/संगठन मंत्री पद के उम्मीदवार को पत्रकारिता क्षेत्र का निम्नतम 3 वर्ष का अनुभव एवं निम्नतम आयु 25 वर्ष, जिला प्रचार मंत्री/सूचना मंत्री/जिला कार्यकारिणी सदस्य पद के उम्मीदवार को पत्रकारिता क्षेत्र का निम्नतम 3 वर्ष का अनुभव एवं निम्नतम आयु 22 वर्ष का होना अनिवार्य बताया गया । संगठन के चुनाव प्रत्यासी हेतु अनुभवहीन पत्रकारों को चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी गई। नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के कानपुर जिला कार्यकारिणी के प्रत्यासियों के चुनाव हेतु 5 जनवरी से 7 जनवरी 2025 तक नामांकन प्रक्रिया तथा 10 जनवरी तक संशोधन/आपत्ति तिथि तथा 9 फरवरी 2025 को मतदान कराया जाना प्रस्तावित किया गया । इसके साथ ही अन्य चुनाव से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए गए। नेशनल मीडिया प्रेस क्लब की इस बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष एम डी शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट उमाशंकर त्यागी, खुलासा कानपुर संपादक संजय शर्मा, हिंदुस्तान अलर्ट न्यूज संपादक व वरदान फाउंडेशन प्रमुख कृष्णा शर्मा, मण्डल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, मण्डल महामंत्री वीरेन्द्र शर्मा, मण्डल मंत्री पप्पू यादव, मण्डल मीडिया प्रभारी संतोष कुशवाहा, कानपुर पूर्व जिलाध्यक्ष अमित कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष के के द्विवेदी, पूर्व महामंत्री मोहम्मद जुनैद, पूर्व जिला प्रचार मंत्री सुहैल मंसूरी, पूर्व जिला सचिव अनिल सिंह चौहान, पूर्व जिला कार्यकरिणी जुबैर खान, कानपुर देहात जिला अध्यक्ष शिवकरन शर्मा, सदस्य हामिद हुसैन, बबिता वर्मा, राजेश गुप्ता, पियूष मिश्रा, उमेश शर्मा, आदित्य कुमार, गोविंद कुमार, आकाश वर्मा, निखित सिंह, रितेश सिंह, राहुल कुशवाहा, मोहम्मद अमान, सीमा श्रीवास्तव, नीलम, निर्भय सिंह, दिलीप कुमार, सोम नारायण त्रिपाठी, अजय कुमार तिवारी, मोहम्मद वसीम, मनोज कुमार, दीपक कुमार सिंह, अभिलाष शुक्ला, अनिल मिश्रा, रजोल त्रिवेदी, भीम कुमार सहित सैंकड़ों सदस्य व पदाधिकारी रहे उपस्थित।

## आरटीओ से सीधे दलालों को कैसे मिल रहे हैं ड्राइविंग लाइसेंस

**● - आरटीओ के नियमों को ताक में रखकर दलाल घर बैठे लोगों के हाथों में पहुंचा रहे डीएल**




स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद आरटीओ कार्यालय कानपुर में दलालों का दखल कम होने का नाम नहीं ले रहा है। और डीएल के अभ्यार्थियों को केवल फ़ोटो खिंचवाने के लिए आरटीओ जाना पड़ता है वाकी काम घर बैठे दलाल करवा रहे हैं इसमें कहीं न कहीं विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत नजर आ रही है। आरटीओ का लाइट मोटर व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस के लिए टैस्ट इतना कठिन है कि शायद उसको मात्र दस प्रतिशत लोग ही पास कर पाते हों। जब वह फेल हो जाते हैं तब उसका फायदा दलाल उठाते हैं। मजबूरन जनता को दलालों का सहारा लेना पड़ता है। दलाल 6000 से 7000 की मोटी रकम लेकर लोगों के हाथों में डीएल पहुंचा देते हैं नहीं तो आप टैस्ट देते रहिए और फेल होते रहिए और आरटीओ के चक्कर काटते रहिए।

जो लोग फेल हो जाते हैं उनको फेल का सर्टिफिकेट देकर टरका दिया जाता है वाकी लोगों को दलाल पास करने की गारंटी लेते हैं। ये दलाल आरटीओ कार्यालय के बाहर, परिसर के अंदर आपको मिल जाएंगे। यहां तक कि मोटर ड्राइविंग स्कूल वाले लोग भी बिना टैस्ट दिलाए आपको डीएल बनवाने की गारंटी ले लेते हैं। ऐसे में अब सवाल यह उठता है कि बिना विभागीय मदद के दलाल कैसे किसी का डीएल बनना सकते हैं।कुछ समय पूर्व कमिश्नरेट पुलिस ने आरटीओ परिसर में छापा मारकर बड़ी संख्या में दलालों को पकड़ा था। लेकिन यह बात अभी तक नहीं खुली कि आखिर वह किस तरह किन आरटीओ कर्मचारियों से मिलकर यह कार्य कराते हैं और बदले में उन कर्मचारियों को क्या देते हैं।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष मनोज भदौरिया का प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**● - संगठन में काम करने वालों को वरीयता दी जाएगी-प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज सिंह भदौरिया**





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज सिंह भदौरिया के प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत जाजमऊ पुल पर पदाधिकारियों के द्वारा धूमधाम से किया गया। प्रदेश महामंत्री धीरेन्द्र भदौरिया ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत करते हुए क्षत्रिय समाज का गौरव बताया। एडवोकेट पंकज राजावत के साथ पहुंचे सैकड़ो पदाधिकारियों ने जय मां भवानी जय राजपूताना के जोरदार नारे लगाकर जोश भरने का कार्य किया। कानपुर जिला उपाध्यक्ष नवरंग सिंह सेंगर ने नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज सिंह भदौरिया को तलवार भेंटकर पगड़ी पहनाई वही लखनऊ से साथ चल रहे प्रदेश संगठन मंत्री पंकज सिंह राजावत ने कहा कि अब प्रदेश का माहौल बदलने वाला है क्योंकि प्रदेश की कमान अब क्षत्रिय समाज के कुल भूषण मनोज भदौरिया जी को मिली है। सैकड़ो पदाधिकारियों के बीच नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सर्व समाज के उत्थान की दिशा में कार्य करेगी। तथा महिलाओं की भागीदारी और संगठन में बढ़ाई जाएगी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा निर्बल निर्धन असहाय वर्ग के उत्थान की दिशा में कार्य करने के लिए संकल्पित होकर कार्य करेगी। तथा संगठन में काम करने वालों को वरीयता दी जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर नगर के विभिन्न चौराहों पर पुष्प वर्षा कर काफिले का स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री धीरेंद्र सिंह भदोरिया प्रदेश संगठन मंत्री पंकज सिंह राजावत प्रदेश प्रभारी हरी राज सिंह जिला उपाध्यक्ष नवरंग सिंह सेंगर जिला उपाध्यक्ष एड पंकज सिंह राजावत जितेंद्र सिंह चंदेल पिंटू चंदेल राकेश सिंह राना हरिओम भदोरिया लाखन सिंह सनी सेंगर सुशील परिहार अनंत भदौरिया बलराम सिंह चंदेल अर्पित सिंह राणा रिंकू चौहान शैलेंद्र सिंह परमार यशवीर सिंह प्रियांशु ठाकुर समेत काफी संख्या मे पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जान लेने की हद तक अंधा होता प्यार, गर्लफ्रेंड से वीडियो कॉल पर बात करते हुए कानपुर में फांसी पर झूला युवक

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** प्रेम प्रसंग को लेकर अक्सर होने वाली आत्महत्या की घटनाओं के संदर्भ में शायद यह भी कहा जा सकता है कि प्यार ऐसा वैसा नहीं बल्कि जान लेने की हद तक अंधा होता है। ...और जब प्रेमी या प्रेमिका को एक दूसरे से बिछड़ने का भय होता है अथवा ऐसा हो ही जाता है तो इंसान अपनी जीवन लीला भी समाप्त कर लेने से भी नहीं चूकता। कुछ ऐसा ही हुआ कमाई के मामले में लगभग 30 - 40 लाख सालाना टर्न ओवर वाले एक युवक के साथ जिसने प्रेमिका की कथित धोखेबाजी से दुखी होकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद उसके परिवार में कोहरा मचा हुआ है। यह घटना नजीराबाद थाना क्षेत्र के कौशलपुरी की है जहां का रहने वाले युवक ने गर्लफ्रेंड से वीडियो कॉल पर बात करते हुए फांसी लगा ली। वह मेट्रोमोनियल वेबसाइट चलाता था,जिसका सालाना टर्न ओवर लगभग 30 40 लाख का था। उसकी लाश को पोस्टमॉर्टम हाउस भेजने के साथ ही नजीराबाद पुलिस परिवार के लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार इस मामले में गर्लफ्रेंड के भी बयान दर्ज कराए जाएंगे। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के अनुसार कौशलपुरी नजीराबाद निवासी अर्पित सर्राफ (28) अपनी मां नीलम के साथ मिलकर मेट्रोमोनियल वेबसाइट सदगुरू के नाम से चलाते थे। वेबसाइट के जरिए अच्छा कारोबार मिल रहा था। इनके व्यापार का 25-30 लाख रुपए का टर्नओवर है। मौके पर पहुंची पुलिस को अर्पित के ममेरे भाई अभिनव ने बताया- अर्पित किसी गर्लफ्रेंड से बात करता था। दोनों के बीच अच्छे संबंध थे। दोनों घूमने-फिरने भी जाते थे। ममेरे भाई अभिनव ने पुलिस को यह भी बताया कि बताया कि अर्पित की गर्लफ्रेंड के जीवन में कोई और आ गया था। इसके बाद वो अर्पित से दूर रहने लगी थी। उससे बातचीत कम कर दी थी और ब्रेकअप की बात करती थी। इसी को लेकर दोनों के बीच वीडियो कॉल पर बात चल रही थी। अभिनव के अनुसार अर्पित उसे मनाने का प्रयास कर रहा था मगर वो मान नहीं रही थी। इसी नोंक-झोंक में अर्पित ने वीडियो कॉल के दौरान ही मां की चुनरी से फांसी का फंदा बनाकर उससे लटक कर अपनी जान दे दी। फिलहाल पुलिस चर्चा का विषय बनी इस घटना की छानबीन कर रही है।

## धोखाधड़ी के आरोप में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अलीगढ़।** थाना अकराबाद क्षेत्र में जनसेवा केंद्र संचालक ने दो लोगों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पीड़ित की तरह पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जीटी रोड स्थित सेहौर रजबहा पुल के पास जनसेवा केंद्र चलाने वाले दीपक कुमार पुत्र भंवरपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि कुछ दिन पूर्व दो व्यक्ति उसकी दुकान पर आए। जिन्होंने मेरे क्युआर्ड कोर्ड पर किसी व्यक्ति से पंचीस हजार रुपए डलवाए। दूसरे दिन इस की जानकारी मुझे खाता सीज होने पर हुई। उसके बाद शनिवार को फिर से यह दोनों आरोपियों दुकान पर पहुंच गए। और फिर से रुपए डलवाने को कहने लगे। जिसकी सूचना मेरे द्वारा पुलिस को दी गई तो दोनों आरोपी वहा से भाग गए हैं। घटना के संबंध में थाना पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर दोनों आरोपी अमन खान व फहीम खान निवासी ईकरी थाना महुआखेड़ा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## हैड कांस्टेबल ने ट्रेन से शैक्षिक प्रमाण पत्रों के बैग को लेकर भागे चोर से बरामद कर छात्र का भविष्य बचाया



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** ट्रेन से एक चोर एक छात्र का बैग लेकर भाग निकला जिसमें छात्र के शैक्षिक प्रमाण पत्र थे। हैड कांस्टेबल सुनील यादव ने अपनी सूझबूझ से न सिर्फ चोर को पकड़वाया बल्कि छात्र के चोरी गए शैक्षिक प्रमाण पत्र भी वापस कराए। पुलिस ने बताया कि हेड कांस्टेबल सुनील यादव, जो वर्तमान में टेलीफोन ड्यूटी पुलिस आयुक्त शिविर कार्यालय कमिश्नरेट कानपुर नगर में तैनात हैं, ने सराहनीय और सतर्कता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। घटना के अनुसार, विजय कुमार पुत्र- भगवत प्रसाद यादव, निवासी आउटर सर्किल रोड, जमशेदपुर, झारखंड के शैक्षिक प्रमाण पत्रों से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेजों का बैग एक चोर द्वारा ट्रेन में चोरी कर लिया गया था। बैग में पासपोर्ट, 10वीं और 12वीं की मार्कशीट सीबीएसई, कॉलेज सर्टिफिकेट और नौकरी से संबंधित पत्र जैसे अतिमहत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल थे। हेड कांस्टेबल सुनील यादव ने अपनी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से चोर को ट्रेन से भागते हुए देख लिया। उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए चोर से बैग बरामद किया। चूंकि ट्रेन निकल चुकी थी, हेड कांस्टेबल ने संबंधित व्यक्ति विजय कुमार को फोन के माध्यम से घटना की जानकारी दी। बाद में जीआरपी पुलिस की उपस्थिति में सभी दस्तावेजों और बैग की पुष्टि कर उसे सही व्यक्ति को सौंप दिया। सामान मिलने की उम्मीद खोने के बाद अपना सामान पाकर विजय कुमार द्वारा हेड कांस्टेबल सुनील यादव की तत्परता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की तारीफ करते हुए बहुत-बहुत धन्यवाद प्रकट किया ।

## सड़क पार कर रहे व्यक्ति से टकराई बाइक,तीन घायल



**अलीगढ़।** थाना अकराबाद क्षेत्र में जीटी रोड पर गांव खेड़ा नारायन सिंह के पास रविवार को सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति में बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सड़क पर गिर गई। तथा हादसे में बाइक सवार पिता पुत्री समेत सड़क पार कर रहा व्यक्ति घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जानकारी की है। पुलिस के अनुसार गांव खेड़ा नारायन सिंह निवासी सुनील कुमार रविवार की दोपहर समय करीब दो बजे पैदल अपने खेतों की ओर जा रहा था। इसी दौरान जीटी रोड़ पार करते समय अकराबाद की ओर से आ रही एक बाइक उससे टकरा गई। जिससे सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। तथा बाइक पर सवार जिला हाथरस के थाना सिकंद्राराऊ के गांव कटाई निवासी सोनू पुत्र नाथूराम एवं उनकी पुत्री तान्या भी सड़क पर गिरकर घायल हो गए हैं। पुलिस द्वारा घायलों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## बंगलादेश मे हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में निकाला जुलूस,संयुक्त राष्ट्र संघ से एक्शन का आवाहन

**● - बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार के पीछे मो. यूनुस सरकार - विधायक महेश त्रिवेदी**




स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** बंगलादेश मे हिन्दुओं पर बढते अत्याचार के विरोध मे विश्वभर के हिन्दू आक्रोशित है। देश में भी हिन्दुओं मे उबाल है। रोज कहीं न कहीं विरोध प्रदर्शन हो रहे है।सोमवार को गोविन्द नगर मे सनातन संगम के बैनर तले लोगों ने जुलूस निकाल विरोध प्रकट किया। सनातन संगम संगठन के बैनर तले सोमवार को दोपहर 12 बजे किदवई नगर विधानसभा के विधायक महेश त्रिवेदी की अगुवाई मे सी.टी.आई. चौराहा गोविन्द नगर से बंगलादेश के खिलाफ जुलूस निकाला गया। जुलूस में लोग हिन्दुओं पर अत्याचार बंद करो,मो.युनूस से नोबेल पुरस्कार वापस लो, बंगलादेश हाय-हाय एवं मूर्दाबाद आदि लिखी पट्टिकाएं हाथों मे लिए व नारे लगाते चल रहे थे।जुलूस सी.टी.आई. से बाटा गोविन्द नगर थाने के सामने से होते हुए चावला मार्केट चौराहा पर समाप्त हुआ।

यंहा भाजपा विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा कि बंगलादेश मे हिन्दुओं के नरसंहार के पीछे मो.युनूस की सरकार है। उसने आतंकियों को पूरी छूट दे रखी है। हिन्दू संत,महात्माओं व मंदिरों पर हमले एवं हिन्दू महिलाओं के साथ बलात्कार किसी भी तरह से सहन योग्य नही है। सेना व पुलिस भी आततायों को रोकने की बजाए उल्टा उन्हीं का साथ दे रही है।हिन्दू यहां पर इन आतताईयों के ही रहमो करम पर है।आश्चर्यजनक यह है कि यह सब उस मो.युनूस की सरकार मे हो रहा है जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।ऐसे व्यक्ति किसी भी तरह से इस तरह के सम्मान के हकदार नही है।उनका नोबेल पुरस्कार तत्काल वापस लिया जाए।संयुक्त राष्ट्र संघ को भी तत्काल हिन्दुओं के कत्लेआम का संज्ञान लेकर बंगलादेश सरकार पर कडे प्रतिबंध लगाए। जुलूस मे भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, विजेंद्र मक्कड,राम कुमार पाठक, अनिल मल्होत्रा, प्रकाश वीर आर्य,हरजिंदर पाल सिंह लांबा,रिषी अरोड़ा, चन्द्र कान्ता गेरा, विधा वर्मा, विकास आदि रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### जिलाधिकारी ने वेयरहाउस का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं।




**पीलीभीत।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय के परिसर स्थित ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट वेयरहाउस का त्रि-मासिक निरीक्षण किया। जिसमें भवन की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्था एवं सी.सी.टी.वी., मशीनों के रख रखाव की व्यवस्था को देखा और साफ सफाई रखने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ऋतु पूनिया, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि/जिला प्रभारी चन्द्रशेखर आजाद, भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि/जिला उपाध्यक्ष तुलाराम लोधी, आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि/जिला प्रभारी विनोद कुमार भारती, जिला निर्वाचन कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहे।

### मंगलवार से अतिक्रमणकारियों पर होगी कार्रवाई- एसडीएम



**कलान-शाहजहांपुर /**कलान में सोमवार को चेयरमैन हरनारायण गुप्ता ने व्यापारियों से स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की है। कलान में रोजाना लग रहे जाम के झाम से निपटने के लिए चेयरमैन ने खुद ही मोर्चा संभाल लिया है।चेयरमैन ने व्यापारियों से स्वयं ही अतिक्रमण हटाने की अपील की है। सोमवार को चेयरमैन हरनारायण गुप्ता पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च कर नगर के परौर रोड व मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाई-वे पर अतिक्रमणकारी व्यापारियों से स्वयं अतिक्रमण हटाने को कहा है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमणकारियों का प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने पर अधिक नुकसान होगा। बताते चलें कि गुरुवार कलान एसडीएम चित्रा निर्वाल ने नगर का भ्रमण कर अतिक्रमण के स्थान चिन्हित किए थे। एसडीएम ने अतिक्रमणकारियों को दो दिन का अल्टीमेटम दिया था।लेकिन अतिक्रमणकारियों पर कोई असर नहीं पड़ा।माना जा रहा है कि अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन का बुल्डोजर चलना तय है। उधर जब इस संबंध में कलान की एसडीएम चित्रा निर्वाल से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि चेयरमैन के अनुरोध पर अतिक्रमणकारियों को 9 दिसंबर तक का समय दिया गया था।कल से अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### हैदराबाद पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने वाले 01अभियुक्त को भेजा जेल।




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्ग दर्शन में प्रभारी निरीक्षक थाना हैदराबाद श्री शिवा जी दुबे के नेतृत्व में थाना हैदराबाद खीरी की पुलिस टीम द्वारा दिनांक 09.12.2024 को शान्ति भंग करने वाले 01 नफर अभियुक्त अरविन्द पुत्र स्व0 शिवलाल निवासी ग्राम कुन्हुपुर थाना हैदराबाद जिला खीरी उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा 170/126/135 बी0एन0एस0एस0 में विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया। वही गिरफ्तार करने बाली टीम मे मुख्य रूप से उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह व कांस्टेबल सचिन कुमार थाना हैदराबाद खीरी प्रमुख रूप से सामिल रहे।

### सामूहिक आत्महत्या कांड के जिम्मेदार पुलिस कर्मियों की गिरफ्तारी को अजय कुमार शुक्ला ने सोपा ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी-** पिता व पुत्रों की सामूहिक आत्महत्या कांड के जिम्मेदार पुलिस कर्मियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य व पूर्व चेयरमैन अजय कुमार शुक्ल के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अधिवक्ता महासंघ ने पुलिस अधीक्षक खीरी को ज्ञापन सौंपा श्री शुक्ल ने कहा कि मौके की परिस्थितिया एवं साक्ष्य चिल्ला चिल्ला कर इस बात की गवाही दे रहे हैं कि मृतक बाप बेटों की आत्महत्या में जितनी भूमिका उनके रिश्तेदार महिला सिपाही आरती निगम व उसके परिजनों की रही है उतनी ही भूमिका पुलिसकर्मियों की रही है पुलिस कर्मियों को मात्र निलंबित एवं लाइन हाजिर किया जाना क्रूर मजाक है। पुलिस अधीक्षक ने प्रभावी कारवाई का आश्वासन दिया है

## गमगीन माहौल के साथ वीआरसी मोहम्मद अजीम की हुई विदाई

● वीआरसी मो. अजीम की विदाई पर तहसील परिसर में सभी की आंखें नम रही उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए तहसील स्टॉफ व अधिवताओं ने अजीम को विदा किया।



स्वतंत्र प्रभात

**निघासन-खीरी** मनुष्य के कर्म ही उसे उन्नति के मार्ग पर अग्रेषित करते हैं जैसे कर्म होते हैं वैसी ही समाज में प्रतिष्ठा कायम करता है कुछ ऐसा ही मोहम्मद अजीम ने अपनी छवि बनाए रखा जो की निघासन तहसील में वर्ष 2014 में पहली तैनाती मतदाता पंजीकरण केंद्र पर कंप्यूटर सहायक के पद पर रहे तकरीबन दस वर्ष तैनाती के दौरान मोहम्मद अजीम ने एक शिद्दत वाली प्रतिष्ठा कायम की है जो कि उदाहरण का पर्याय बना हुआ है मोहम्मद अजीम का तहसील मोहम्मदी में तबादला होने से तहसील परिसर में एक गमगीन माहौल में बदल गया आपको बता दें कि हमेशा चेहरे पर एक मीठी सी मुस्कान लेकर व्यवहार के धनी अजीम ने अपनी एक साफ सुथरी छवि कायम की है जो कि दस वर्षों की अच्छी पारी रही तबादला होने से अधिकारी समेत स्टाफ की आंखें नम हुई इसी दौरान एसडीएम राजीव निगम जो अपने दरियादिली व सभी के प्रति अपनी अलग छवि रखते हैं एसडीएम दफ्तर में सभी कर्मचारियों को एकत्र कर अजीम का मुंह मीठा कराया व उपहार देकर सभी लोगों ने माला पहनाई इसी दौरान एसडीएम राजीव निगम व स्टॉफ ने गाजे बाजे के साथ अजीम को सरकारी वाहन में बिठाकर विदाई दी साथ ही तहसीलदार भीमचंद ने अजीम को गले लगाकर उज्जवल भविष्य की कामना की वहां पर मौजूद सभी लोगों ने मोहम्मद अजीम की प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की व नम आंखों से विदाई की इस दौरान तहसीलदार भीमचंद नायब तहसीलदार हरिराम व दिव्यांशु शाही लेखपाल शिवम गुप्ता,ज्योति प्रकाश वर्मा,महेश वर्मा समेत अधिवक्ता व तहसील स्टाफ मौजूद रहा।

## जिले में शहीदी दिवस पर याद किए गए पंडित अमर शहीद राज नारायण मिश्र

● अंग्रेजी हुकूमत की नाक में दम कर दिया था अमर शहीद पंडित राज नारायण मिश्र ने, ब्रिटिश सरकार ने दी थी फांसी!

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर-खीरी।** ब्राह्मण परिवार सेवा समिति लखीमपुर-खीरी के पदाधिकारियों द्वारा अमर शहीद पंडित राज नारायण मिश्र के 80वें शहीदी दिवस पर लखीमपुर-खीरी में कार्यक्रम का आयोजन कर पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। ब्राह्मण परिवार सेवा समिति जिला अध्यक्ष अवधेश मिश्र ने अमर शहीद राज नारायण मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण राष्ट्रगान में भाग लेकर गोष्ठी में आए लोगों को सम्बोधित किया वही जिलाअध्यक्ष अवधेश मिश्रा ने पंडित राज नारायण मिश्र को नमन करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला।?

अवधेश मिश्रा ने कहा कि पंडित अमर शहीद राज नारायण मिश्रा की फांसी लखनऊ जेल कारागार में 9 दिसंबर सन 1944 में दी गई थी मात्र 24 वर्ष की अवस्था में फांसी के समय 6 पाउंड वजन बढ़ा था यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम हेतु अंग्रेजों द्वारा अंतिम फांसी थी। इस अवसर पर ब्राह्मण परिवार सेवा समिति के जिलाध्यक्ष अवधेश मिश्रा, संरक्षण मंडल उमेश पाण्डेय, अनिल मिश्रा, शशि सर अवस्थी, प्रेम प्रकाश बाजपेई, विजय अवस्थी, विजय मिश्र उर्फ राजू, विनोद मिश्रा, उपाध्यक्ष एडवोकेट गणेश शंकर, प्रभाकर शर्मा, मधुरेश शर्मा, धर्मेंद्र बाजपेई, ब्रह्म शुक्ला, सुनील पाठक, उमेश दीक्षित, संगठन मंत्री प्रशांत त्रिवेदी गट्टू,मीडिया प्रभारी रवि पाण्डेय, शत्रोहन अवस्थी, कोषाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने पीड़ित का ही कर दिया शांति भंग में चालान

● फूलबेहड़ थाना क्षेत्र में बड़ा अपराधों का ग्राफ रोक लगाने में पुलिस नाकाम

**लखीमपुरखीरी।** जमीनी विवाद में हुए लड़ाई झगड़े में थाना फूलबेहड़ की पुलिस ने एक छुट भैया नेता के इशारे पर पीड़ित का ही शांति भंग में चालान कर दिया।आपको बता दें कि थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुथरी में आपसी लड़ाई झगड़ा और जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर दी गई थी जिसके बाद पुलिस ने स्थानीय एक नेता के हस्तक्षेप से पीड़ित का ही शांति भंग में चालान कर दिया।थाना फूलबेहड़ पुलिस नेता के इशारे पर अपना काम कर रही है जिससे पीड़ित थाना फूलबेहड़ में न्याय नहीं पा रहे हैं।आपको बता दें कि पीड़ित धीरेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया है कि पुलिस एकतरफा कार्रवाई करने का काम कर रही है पीड़ित का आरोप है कि पुलिस दूसरी पार्टी से मिली हुई है और थाने में मेरी कोई सुनवाई नहीं हो रही है पीड़ित ने बताया कि 5 दिसंबर को मेरी पत्नी सीतू देवी को मेरी भाभी किरन देवी,भतीजी हिमांशी और सपना ने मिलकर मारा पीटा था जिनकी तहरीर 6 दिसंबर को थाना कोतवाली फूलबेहड़ में दी गई थी लेकिन पुलिस ने एक रिश्तेदार के कहने पर मेरी कोई सुनवाई नहीं की और विपक्षी पार्टी से मिलकर मेरा ही शांति भंग में चालान कर दिया।मेरा विवाद जमीन को लेकर था मेरी माता लल्ली देवी के नाम से जो जमीन है उस पर कर्ज था जिसको मेरे द्वारा अदा किया गया है उसके बाद मुझे जमीन नहीं मिल रही है इसी बात को लेकर घर पर विवाद हुआ था लेकिन पुलिस विपक्षी पार्टी से मिलकर मेरा ही शांति भंग में चालान कर दिया है।थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है वहीं पुलिस अपराधों पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है आपको बता दें कि 5 दिसंबर की रात में दो घरों में चोरी हुई थी जिस पर पुलिस ने मुकदमा तो लिख लिया है और जांच करने की बात कर रही है। क्षेत्र में आए दिन अपराध घटित हो रहे हैं लेकिन थाना क्षेत्र की पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने में विफल साबित हो रही है वहीं पुलिस अधीक्षक थाना प्रभारी फूलबेहड़ पर इस कदर मेहरबान है कि बढ़ते हुए अपराधों के बाद भी थाना प्रभारी पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है ऐसा लग रहा है कि पुलिस विभाग में कोई अच्छे अधिकारी नही है।बढ़ते अपराधों के बाद भी थाना प्रभारी को चार्ज दिया गया है इससे साफ होता है कि थाना प्रभारी पर पुलिस अधीक्षक की मेहरबानी बनी हुई है जिससे बढ़ते अपराधों के बाद भी थाना प्रभारी पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले सुखबीर सिंह पुत्र महीपत सिंह के यहां दिनांक 05.12.24 की रात करीब 12 बजे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी थी और बगल में बने उनके भतीजे वेद प्रकाश सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह के घर पर भी चोरी हो गई है।

## कमीशन खोरी एवं भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई रोड

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** कमीसन के चलते भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई तालाब के पास चल रहा रोड़ निर्माण जी हां हम बात कर रहे हैं जनपद लखीमपुर खीरी के नगर पालिका परिषद क्षेत्र के गढ़ी रोड़ स्थित मोहल्ला गोकुलपुरी की जहां तालाब में दीवार उठाने का कार्य चल रहा है जिसमें पीली ईंटों का उपयोग किया जा रहा है जिसकी जानकारी चाही गई तो ठेकेदार ने बताया कि यह पीली ईट नहीं है दोम का इस्तेमाल किया जा रहा है अब सोचने वाली बात यह है कि क्या दोम ईट मानकों के विपरित नहीं आती आपको बताते चलें कि ठेकेदार और नगर पालिका के बीच चल रही सेटिंग गेटिंग के चक्कर में घटिया निर्माण कार्य चल रहा है इस बाबत वहीं काम कर रहे एक व्यक्ति ने नाम का खुलासा न करने की शर्त पर बताया कि नगर पालिका को कमीशन के रूप में 30 से 35 पर्सेंट देना होता है अब आप ही बताओ कि कैसे सही निर्माण कार्य कराया जाए बिना लिए दिए कोई काम ही नहीं होता। तो निर्माण कर में क्या लागत लगाई जाएगी और ठेकेदार महाशय किस तरह का काम करेंगे यह किसी से छुपा नहीं सच्चाई सामने इस संबंध में जब ईओ नगर पालिका से फोन द्वारा जानकारी करने का प्रयास किया गया लेकिन महोदय ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा जिससे साफ जाहिर होता है कि किस तरह से गठजोड़ करके भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है फिलहाल अब देखना यह होगा कि खबर के संचालन के बाद जिम्मेदार अधिकारी क्या कार्यवाही अमल में लाते हैं।

## भारत को जानो प्रांतीय प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर दोनों वर्गों में गोला के बच्चों ने बाजी मारी।

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** भारत विकास परिषद नैमिष प्रांत द्वारा भारत को जानो प्रांतीय परीक्षा जे. के. पब्लिक स्कूल हरदोई में आयोजित की गई। प्रांत की सभी टीमों को पीछे छोड़ते हुए गोला शाखा की जूनियर एवं सीनियर दोनों टीमों ने प्रांत स्तर की इस क्विज परीक्षा में बाजी मार कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में कुश शुक्ला एवं लक्ष्य प्रजापति की टीम प्रथम रही, वहीं सीनियर वर्ग में आराध्या वर्मा एवं जोहा परवीन प्रथम स्थान पर रही। जूनियर एवं सीनियर वर्ग के विजेता बच्चे श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी गोला के विद्यार्थी है। विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से गोला शाखा के अध्यक्ष डॉ. आदर्श दीक्षित,विद्यालय के प्रधानाचार्य मुदित शाह एवं शिक्षक संगम गुप्ता भी हरदोई साथ में गए। गोला शाखा के अध्यक्ष डॉ. आदर्श दीक्षित ने बताया कि अब जूनियर एवं सीनियर के इन विजयी प्रतिभागियों को क्षेत्रीय स्तर की भारत को जानो प्रतियोगिता जोकि 22 दिसंबर को इटावा में आयोजित होगी, उसमें प्रतिभाग करना होगा। गोला शाखा के सचिव सुनील गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास मिश्रा, उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा, परविजय सिंह, अनिरुद्ध गुप्ता, डॉ. विनोद वर्मा, संरक्षक डॉ.




सौरभ दीक्षित, पूर्व अध्यक्ष गुरुदेव शर्मा, रवि सक्सेना, पंकज बाजपेई, डॉ. शिवेन्द्र अवस्थी, राहुल शुक्ला, कर्म सिंह, रीशू माहेश्वरी आदि ने भी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी।

## दो मंत्रियों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के दौरान परिणय सूत्र में बंधे 841 जोड़े

● जनपद में 7500 जोड़ा ले चुके हैं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/** जनपद में स्थित ओसीएफ रामलीला ग्राउंड में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के दौरान सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप की मौजूदगी में तीन विधानसभा क्षेत्रों के 841 जोड़े परिणय सूत्र बंधन में बंधे। कार्यक्रम के दौरान दोनो मंत्रियों ने सभी जोड़ो को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनको जरूरत का सामान भी सौंपा उन्होंने बताया कि अब तक इस योजना का लाभ शाहजहांपुर के 7 हजार 5 सौ जोड़ो को मिल चुका है और आगे भी मिलता रहेगा। कार्यक्रम में सदर विधानसभा तिलहर विधानसभा व



ददरौल विधान सभा के जोड़ो की शादी संपन्न कराई गई। बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक दोनों समाजों के कुल 841 जोड़े विवाह के बंधन में बांधे गए है। कार्यक्रम के दौरान विधायक अरविंद सिंह सलोना कुशवाह जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह सीडीओ अपराजिता सिंह एसपी राजेश एस सहित अन्य अधिकारी व बीजेपी पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि आज इस विवाह समारोह के दौरान जिन



जिन नव दंपत्तियों की शादियां संपन्न कराई जा रही उनको जरूरत का सभी सामान भी दिया जा रहा है। इसके साथ उनकी एक एफ डी भी करवाई गई है उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का यह अरमान रहता है कि उनके बच्चे की शादी में बड़े नेता और अधिकारी आए उनका यह सपना मुख्यमंत्री ने पूरा किया आज उनके बच्चों की शादी के कार्ड जनपद के जिलाधिकारी बांट रहे है और शादी में एम पी एम एल ए सहित बड़े बड़े मंत्री शिरकत करके उन्हें आशीर्वाद दे रहे है।

## गन्ना बुवाई हेतु बीज चयन मे सावधानी बरते किसान

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत।** सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर के चीनी मिल पीलीभीत क्षेत्र के ग्राम दियोरिया में वृहद गन्ना कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ प्रवीण कुमार कपिल सहायक निदेशक गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर द्वारा उपस्थित कृषकों को गन्ने की आधुनिक वैज्ञानिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।कपिल द्वारा बताया गया कि किसान भाई गन्ना बुवाई हेतु बीज चयन मे सावधानी बरतें द्य बुवाई के लिए कीट एवं व्याधि रहित बीज का चयन करे द्य गन्ना फसल के पोषण प्रबंधन, कीट रोग प्रबंधन एवं गन्ने की नवीनतम किस्मों के बारे में जानकारी दी गई। किसानो से अनुरोध किया गया कि वह भूलकर भी को. 0238 की बुवाई न करे द्य यह किस्म रोग ग्रसित हो चुकी है द्य गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।साथ ही उनके द्वारा गन्ने की सहफसली खेती के बारे में उपयोगी जानकारी दी गई। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बताया गया कि किसान भाई गन्ने के साथ दलहनी, तिलहनी, सब्जी, एवं मशाले वाली फसलों की खेती कर सकते है द्य सहफसली खेती से अधिक आमदनी प्राप्त कर सकते है द्य के.बी.शर्मा प्रधान प्रबंधक चीनी मिल पीलीभीत द्वारा गन्ना आपूर्ति के बारे में जानकारी देते हुए कृषकों की समस्याओं का समुचित निराकरण किया गया। इफको एम सी के प्रतिनिधि आशुतोष द्विवेदी




द्वारा इफको के विभिन्न उत्पादों की जानकारी दी गई । मनोज कुमार साहू ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बीसलपुर द्वारा गोष्ठी में आए अधिकारियों एवं कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।गोष्ठी में प्रेम शंकर प्रसाद गन्ना पर्यवेक्षक सहित मो.मुकीम, राम मोहन तिवारी, हरि ओम सिंह, सत्यवीर सिंह, गोविन्द मिश्रा, रजनीश सिंह, हारून खान आदि सैकड़ों कृषक उपस्थित रहे।

## के जी एन कलीनगर ने पहले क्वॉटर फाइनल मुकाबले में रायपुर किंग्स शाहगढ़ को 6 विकेट से किया पराजित

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत।** नगर पंचायत कलीनगर के श्री रामलीला मैदान में चेयरमैन द्वारा आयोजित कलीनगर यूथ क्रिकेट टूर्नामेंट में रायपुर किंग्स शाहगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बैंटिंग करने का फैसला किया। वासिद 54, विक्रम सिंह 36, विवेक 20, और हरप्रीत 14 रनों के सहयोग से निर्धारित 16 ओवर में 6 विकेट खोकर 158 रनों का स्कोर बनाया। के जी एन कलीनगर की तरफ से विक्की सावंत और अरुण ने 2-2, महेश और शाका ने 1-1 सफलता हासिल की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी के जी एन कलीनगर की तरफ से सचिन ने 17 गेंदों पर 8 छक्के और 1 चौके की मदद से 56 रनों, विक्की सावंत ने 21 गेंदों पर 2 छक्के और 6 चौके की सहित 42, सुमित 26, अरुण 16, सुरेंद्र 10 रनों के सहयोग से 4 विकेट खोकर 14 वे ओवर में निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर लिया। रायपुर किंग्स शाहगढ़ की तरफ से विवेक, मुनीश, रणदीप, अभिषेक ने 1-1 सफलता हासिल कर सके।

विक्की सावंत ने 42 रन और 2 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार जीता। पुरस्कार चंदप्रकाश यादव (पूर्व प्रधान) के द्वारा दिया गया। मैच में आकाश पाण्डेय, जानिश और दीपक मिश्रा ने निर्णायक अरविन्द यादव ने कॉमेंटेटर रामकिशन ने स्कोरर की



भूमिका निभाई। दूसरा क्वॉटर फाइनल मुकाबला मंगलवार को पठान टाइगर्स कलीनगर और स्टार इलेवन नवदिया धनेश के बीच खेला जाएगा। जिसका लाइव प्रसारण यूट्यूब चैनल पूरनपुर क्रिकेट पर होगा।

## सफारी गाड़ियों के आगे पेड़ पर चढ़ता नजर आया टाइगर

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत** टाइगर रिजर्व के जंगल में सफारी का आनंद लेने आए पर्यटकों की गाड़ी के आगे एक टाइगर ने काफी देर तक चहलकदमी की। इस दौरान टाइगर ने पेड़ पर चढ़ने की भी कोशिश की, जिससे सफारी पर सवार पर्यटक रोमांचित हो गए। पर्यटकों ने इस नजारे का वीडियो बना हो गए। पर्यटकों ने इस नजारे का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

**पीलीभीत टाइगर रिजर्व में सफारी का उत्साह**

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के पर्यटन सत्र के आगाज के बाद देश-विदेश से सैकड़ों पर्यटक यहां सफारी का आनंद लेने आते हैं। टाइगर के दीदार के लिए पर्यटक काफी उत्साहित रहते हैं, लेकिन कई बार उन्हें बाघ का दीदार नहीं हो पाता। हालांकि, इस सत्र में पर्यटकों को लगातार टाइगर के दीदार हो रहे हैं। रविवार को भी सफारी पर आए पर्यटकों को एक टाइगर ने काफी देर तक अपने करीब देखा। टाइगर ने पेड़ पर चढ़ने की कोशिश की इस रोमांचक घटना के दौरान टाइगर ने सफारी गाड़ियों के आगे मटरगश्ती की और फिर कच्ची पटरी के किनारे स्थित एक पेड़ पर चढ़ने की कोशिश की। टाइगर ने अपने नाखूनों से पेड़ पर प्रहार किया, जिससे पर्यटकों में और भी अधिक रोमांच का माहौल बन गया। इस नजारे को देखकर पर्यटकों ने वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

**डिप्टी डायरेक्टर की सुरक्षा अपील**

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर



मनीष सिंह ने पर्यटकों से अपील की है कि वे वन्यजीवों को दूर से देखें और उनके पास जाने की कोशिश न करें। उन्होंने कहा कि अगर वन्य जीव को खतरा महसूस होता है, तो वे आक्रामक हो सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि सफारी गाइड और जिप्सी चालकों को नियमित रूप से ट्रेनिंग दी जाती है, वन्य जीवों के सामने आने पर रचित दरी बना सकें।


## अप्सरा नदी के बांध पर मछली ठेके को लेकर मची हुई है खींचतान

स्वतंत्र प्रभात

**बरेली/**क्योलड़िया मैं स्थित अप्सरा नदी के बांध से निकली शारदा सागर खंड नहर क्योलड़िया बांध पर मछली पकड़ने को होने वाले ठेके को लेकर खींचतान मची हुई है। ठेका लेने को ऐसी होड़ है कि विभाग के अधिकारी पिछले दो माह में तीन बार मछली नीलामी की सूचना प्रकाशित करने के बाद भी बोली प्रकिया पूरी नहीं कर पा रहे हैं। मछली के ठेके को लेकर एक मंत्री और बरेली और शाहजहांपुर के नेताओं की पैरवी की खूब चर्चा हो रही है। आपसी खींचतान के चलते ही शनिवार को एक बार फिर ठेके की बोली प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। इधर विभाग वाले नीलामी प्रक्रिया नियम अनुसार करने और सबसे अधिक बोली लगाने वाले को ठेका देने की बात कह रहे हैं।

क्योलड़िया बांध पर एक साल तक मछली पकड़ने को लेकर सिंचाई विभाग नीलामी प्रक्रिया करता है। इसके चलते ही विभाग ने 11 अक्टूबर और 8 नवंबर को नीलामी प्रक्रिया के अंतर्गत विज्ञप्ति निकाली। बताया जा रहा है कि अपने चहेते को मछली ठेका दिलाने को लेकर मची होड़ और नेताओं की सिफारिश आने पर विभागीय अधिकारी नियत तारीख पर आवेदन लेने के बाद भी नीलामी प्रक्रिया पूरी नहीं कर सके। इस पर नीलामी तारीख दो बार आगे बड़ा दी। इधर तीसरी बार 30 नवंबर को नीलामी सूचना जारी होने पर ठेका लेने को रविवार को क्योलड़िया नबावगंज शाहजहांपुर के लोग नीलामी में शामिल हुए पर सिंचाई विभाग के कार्यालय पहुंचे। लेकिन पिछली दो बार नीलामी प्रक्रिया की तरह इस बार भी बोली लगाकर नीलामी नहीं हो सकी। विभाग के एसडीओ विजय कुमार और जिलेदार देवेंद्र सिंह ने ठेकदारों से कहा कि मत्स्य विभाग के जेई के नहीं आने के कारण नीलामी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकेगी।

आगे विज्ञप्ति जारी कर नियत तारीख पर आवेदन होने पर नीलामी होगी। इस पर तमाम लोग निराश होकर वापस लौट गए। इधर मछली नीलामी में मंत्री द्वारा अपने चहेते की पैरवी की खूब चर्चा हो रही है। इसका एक लेटर भी प्रसारित हुआ है। जिसमें मंत्री जी अपने चहेते को नीलामी की सूचना देने की



सिफारिश कर रहे हैं। उन्होंने नीलामी कर सूचना उन्हें प्रेषित करने को भी शारदा नहर खंड विभाग को लिखा है। जिससे सिंचाई विभाग वाले पसोपेश में है कि वह किसकी पैरवी पर मछली पकड़ने की ठेका प्रकिया पूरी करें। फिलहाल दो माह में तीसरी बार नीलामी प्रक्रिया टलने से चर्चाओं का बाजार गरम है। जिलेदार देवेंद्र सिंह सिंचाई विभाग शाहजहांपुर नहर खंड ने बताया कि मत्स्य विभाग के जेई के नहीं आने से मछली नीलामी प्रकिया पूरी नहीं भी हो सकी। जल्द विज्ञप्ति के माध्यम से नीलामी सूचना पर सबसे अधिक बोली लगाने वाले को ठेका दिया जायेगा। लोगों को आशंका है कि कहीं राजनीतिक दबाव में चोरी छुपे विभाग किसी का ठेका न कर दे।

## श्री शिव महापुराण कथा के तत्वाधान में निकाली गयी कलश यात्रा के साक्षी बने सैकड़ो श्रद्धालु

● ऑफिसर कालोनी के नीलकंठ मंदिर पर होगा श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/**शहर की ऑफिसर कालोनी में स्थित बाबा नीलकंठ मन्दिर पर रविवार से आरम्भ हुई श्री शिव महापुराण कथा में विद्वान वक्ता द्वारा भगवान शशिभूषण त्रिलोकीनाथ की महिमा का बखान किया गया। 8 दिसम्बर से आरम्भ हो हुई कथा का 14 दिसंबर को विश्राम होगा। कथा आरम्भ से पूर्व शिवमय हुए माहौल के सैंकड़ों भक्त साक्षी बने।

शहर की अफसर कालोनी में आरम्भ हो रही कथा से पूर्व एडीएम एफआर और उनकी धर्मपत्नी के साथ-साथ समाजसेवी हरिशरण बाजपेई की धर्मपत्नी सीमा बाजपेई के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। श्री शिव महापुराण कथा के आयोजक शाहजहांपुर के अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि आफिसर कालोनी के नीलकंठ शिव मंदिर पर 8 दिसंबर से 14 दिसंबर तक भगवान शिव की पावन कथा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक कथा चलेगी । सभी शिव भक्त भगवान भोलेनाथ की पावन कथा को श्रवण करके अपना और अपने परिवार का कल्याण कर सकते हैं।इसलिए सभी शिव भक्त कथा का रसपान करने अवश्य पधारें। उन्होंने बताया कि कथा व्यास श्री प्रेम कृष्ण शास्त्री हैं जो श्री वृंदावन धाम से शाहजहांपुर पधारे हैं।श्री शिव महापुराण कथा की मुख्य आयोजक एडीएम सुरेश कुमार की धर्मपत्नी नीरू हैं।कथा से पूर्व अपर जिलाधिकारी के आवास पर पूजन अर्चन किया गया तत्पश्चात श्री शिव महापुराण ग्रंथ को शीश पर धारण कर अपर



जिलाधिकारी ऑफिसर्स कॉलोनी से होते हुए खन्नौत नदी के घाट पर पहुंचे। कलश यात्रा में अपर जिलाधिकारी डाक्टर सुरेश कुमार के साथ उनकी धर्मपत्नी नीरू,भाजपा की महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ,शिवभक्त हरिशरण बाजपेई की धर्मपत्नी सीमा बाजपेई ,अभिषेक बाजपेई, आदर्श कल्याण दिव्यांग संस्थान के सचिव नीरज बाजपेई, नलिनी ओमर गुप्ता, सुमन अग्निहोत्री, भारती मिश्रा, अखिलेश सिंह, गौरव सिंह, पंडित विष्णु कुमार मिश्रा आदि सैकड़ों शिवभक्त शामिल हुए।

## बंडा में घंटों की जाम में फंसे वाहन, पैदल निकलना हुआ मुश्किल

**बंडा। शाहजहांपुर।** तस्वीर में दिख रही वाहनों की कतारें और पैदल चलने वालों की भीड़,किसी महानगर के चौक चौराहे की नहीं है। बल्कि यह नजारा बंडा के मुख्य चौराहे का है। दरअसल गुरुवार को साप्ताहिक बाजार के दिन दूर दराज से लोग खरीददारी करने के आते हैं। कई वाहन चालक सड़क पर ही वाहन खड़ा कर घंटों खरीददारी करने बाज़ार में घूमते हैं। पिकेट पर तैनात पुलिसकर्मी में सड़क पर खड़ी गाड़ियों को हटवाने का प्रयास करते हैं, लेकिन चालक वाहन लाक कर चले जाते हैं। गुरुवार को भारी भीड़ के चलते मुख्य चौराहे पर घंटों जाम लगा रहा। जिसमें एंबुलेंस भी घंटों जाम भी फसी रही। चारों मार्गो पर तीन किलोमीटर लंबी जाम में पैदल चलने वाले लोग भी मुश्किल भी फस गए। इसके अलावा स्कूली की छुट्टी का समय था , इसलिए कई स्कूली वाहन भी जाम से घिरे रहे। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने जाम खुलवाने के लिए खूब पसीना बहाया। तकरीबन तीन घंटे बाद जाम से मुक्ति मिल सकी। घंटों क़तार में खड़े रहे चालकों ने राहत की सांस ली और अपने गंतव्य को रवाना हुए।

# संक्षिप्त ख़बरें

## मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गौ आश्रय स्थल का किया गया निरीक्षण दिए निर्देश



आज दिनांक 9 दिसंबर 2024 को विकासखंड भदोही में संचालित गोवंश आश्रय स्थल घासकरी एवं बढौना का मुख्य विकास अधिकारी भदोही डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी द्वारानिरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी एपीओ मनरेगा पंचायत सचिव ग्राम प्रधान आदि मौके पर उपस्थित रहे घासकरी में 86 गोवंश एवं बढौना में 91 गोवंश संरक्षित किया गया है पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया कि वह ठंड के मौसम के दृष्टिगत तिरपाल, जलावन लकड़ी आदि की व्यवस्था कराए ढ्ढखंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया की विभिन्न स्थानों पर हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं दोनों स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में भूसा चोकर चुनी आदि की उपलब्धता पाई गई मौके पर गोवांशो को गुड़ खिलाया गया

## शहीद केशरी सिंह के 53 वें शहादत दिवस पर एसडीएम सहित क्षेत्रीय लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**ड्रमंडगंज।** क्षेत्र के पटेहरा गांव में शहीद केशरी सिंह के 53 वें शहादत दिवस पर सोमवार को एसडीएम लालगंज आशाराम वर्मा, बीडीओ हलिया राजीव कुमार शर्मा शहीद केशरी सिंह की पत्नी छोटी कुंवर सिंह सहित क्षेत्रीय लोगों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। एसडीएम आशाराम वर्मा ने कहा कि बलिदानी केशरी सिंह ने देश के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर मीरजापुर जिले का नाम रोशन किया था।शहीद केशरी सिंह हाईस्कूल पटेहरा में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीडीओ राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि देश के लिए प्राणों की कुर्बानी देने वाले वीर केशरी सिंह का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है।उनका बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत का कार्य कर रहा है। ग्रामीणों की मांग पर बीडीओ ने शहीद स्मारक स्थल पर बाउंड्री वॉल बनवाए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन भानु तिवारी ने किया। योग्यता सिंह पूर्व सैनिक परशुराम सिंह, प्रधानाचार्य अमन सिंह एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव,राम मूर्ति पांडेय,सेराज अहमद,मनोज पाण्डेय, सत्येन्द्र पांडेय, बृजकिशोर सिंह,रामलली चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## नवचेतना FPO द्वारा रिजेनरेटिव एग्रीकल्चर (आरए) पर किया गया कार्य

**मीरजापुर।** स्थित नवचेतना F P O द्वारा रिजेनरेटिव एग्रीकल्चर ( आरए) पर किया गया कार्य अमेरिका के प्रतिष्ठित जर्नल, अमेरिकन जनरल एंड एनवायरनमेंट साइंस एंड इंजीनियरिंग में प्रकाशित हुआ है। यह जर्नल दुनिया की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में से एक है, तथा नवचेतना उत्तर प्रदेश में 4000 एफपीओ में प्रथम स्थान पर है। नवचेतना द्वारा सोनभद्र में 900 एकड़ और मीरजापुर में 400 एकड़ जमीन पर रिजेनरेटिव एग्रीकल्चर का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के संदर्भ में, नवचेतना के पदाधिकारी मुकेश पांडेय और अपर्णा ने बताया कि इसमें अपना बीज, अपना खाद और प्राकृतिक पानी से खेती के सस्टेनेबल मॉडल को विकसित किया जा रहा है। नवचेतना द्वारा पुनरुत्पादक कृषि के समग्र दृष्टिकोण पर कार्य किया जाता है, जिसमें पर्यावरणीय स्थिरता के महत्वपूर्ण लाभ और कई अवसर प्रदान करता है, जैसे कि कार्बन बाजार और उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य सुरक्षा हैं। नवचेतना द्वारा आरए विधि द्वारा जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए कार्बन फुटप्रिंट को कम करने, जलवायु अनुकूलन में सुधार करने, मिट्टी की सेहत में सुधार करने और पारिस्थितिकी सेवाएं प्रदान करने के प्रयास करता है। यह जैव विविधता के नुकसान, खाद्य अपशिष्ट, और खाद्य सुरक्षा जैसी चुनौतियों का भी समाधान करता है। नवचेतना द्वारा किसानों को आरए के आर्थिक और पर्यावरणीय लाभों के बारे में जागरूक करने, और आरए को सर्कुलर अर्थव्यवस्था के सिद्धांतों में सुधार करने के लिए संशोधित करने पर ध्यान केंद्रित है और इस क्षेत्र में और बेहतर करने का प्रयास है।

# शहीद सीमैन रमाशंकर दीक्षित व शहीद नायक रविशंकर त्रिपाठी की स्मृति में नवर्निमित बलिदान स्मारक का स्टेशन हेडक्वार्टर कर्नल, डीएम, जिपं अध्यक्ष ने किया अनावरण एवं माल्यार्पण

● शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा




स्वतंत्र प्रभात

**भदोही-** शहीद सैनिक सीमैन रमाशंकर दीक्षित (09 दिसम्बर 1971) आई0एन0एस0 खुकरी का 53 पुण्यतिथि एवं शहीद सैनिक नायक रविशंकर त्रिपाठी 19 अक्टूबर 2014- 76 मैदान तोपखाना- (थलसेना) की स्मृति में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय भदोही में नवर्निमित बलिदान स्मारक का अनावरण एवं माल्यार्पण स्टेशन हेडक्काटर वाराणसी एवं प्रयागराज से सेना के कर्नल के एम सिंह, 95 मैदानी तोपखाना के सैनिक, 39 जी0टी0सी0 वाराणसी के सैनिक, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी,जिलाधिकारी विशाल सिंह एवं जनपद के समस्त पूर्व सैनिक/ विधवाओं आदि ने किया। कर्नल विनोद गुप्ता (अ0प्रा0 )जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने इस उपलक्ष्य में जिला समक्ष पूर्व सैनिक को आई0एन0एस0 खुकरी के 1971 के योगदान की सूचना दी गयी जिसे पाकिस्तानी पनडुबबी की कार्यवाही से नौसेना ने खो दिया। सीमैन रमाशंकर दीक्षित इसी जहाज पर तैनात थे। उनके बलिदान के वक्त उनकी पत्नी की उम्र सिर्फ 16/17 साल की थी सभी कठिनाइयों को झेलते उन्होंने आगे की पढाई जारी रखी और स्नातक वाराणसी से किया।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने स्व0 रविशंकर त्रिपाठी के 19 अक्टूबर 2014 के आतंकवाद विरोधी कार्यवाही का विवरण दिया, जिसमें उन्होने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। नायक रविशंकर त्रिपाठी 76 मैदानी तोपखाना में तब जम्मू एण्ड कश्मीर में तैनात थे। इस उपलब्ध में 95 मैदानी तोपखाना (प्रयागराज सथित) एवं 76 मैदानी तोपखना के सेवार्थ जे0सी0ओ0 एवं 10 जवानों ने हिस्सा लिया। इस उपलक्ष्य में सैनिक कल्याण अधिकारी में 39 जी0टी0सी0 टैनिंग सेन्टर के कमान्डर ब्रिगेडियर अनिरबान दत्ता (एस0एम0), एवं 76 मैदान तोपखाना के कमान अधिकारी कर्नल देवेश पाठक का उनके अनुपस्थिति में योगदान हेतु धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में सेना के दस्तूर और निगरानी में सैन्य पुष्पमाला (wreath) वीर नारी श्रीमती उषा देवी पत्नी (सीमैन रमाशंकर दीक्षित) एवं वीर नारी श्रीमती सुषमा देवी पत्नी (नायक रविशंकर त्रिपाठी) के द्वारा किया गया व वृक्षारोपण भी किया गया। इसके पश्चात स्टेशन हैडक्वार्व्वटर से कर्नल के0 एम0 सिंह (स्टेशन कमाण्डर वाराणसी के प्रतिनिधित्व में), जिलाधिकारी विशाल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी एवं ने माल्यापर्ण कर सम्बोधित किया व आश्वासन दिया कि सेना हेडक्वॅाटर व जिला स्तर पर प्रशासन सभी वीर नारियों और सैन्य परिवार / पूर्व सैनिक व उनके आश्रितों को पूरी सहायता करते रहेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने शहीद परिवारो को भी जिले की तरफ से सादर नमन अर्पित किया। उन्होनें आश्वासन दिया कि वे अपनी निगरानी में 6 महीने में सैनिक कल्याण कार्यालय हेतु सडक का निर्माण करायेंगे। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिले के कुछ प्रख्यात सैन्य अधिकारियो का जिक किया जिसमें प्रमुख ब्रिगेडियर बी0डी0 मिश्रा (वर्तमान माननीय राजपाल लद्दाख), मेजर ओमकार नाथ दूबे (जो 1962 के युद्ध में प्रख्यात हुये) जो वर्तमान में वाराणसी में निवास करते हैं, सिपाही सुखराज यादव (4 गार्डस) जो की जिले के सबसे वरिष्ट पूर्व सैनिक हैं।

## बांके बिहारी की प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली शोभायात्रा



**अलीगढ़।** बांके बिहारी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा सराय नवाब से प्रातः 11:00 बजे से शुरू हुई और डपला रोड, रेलवे रोड, पत्थर बाजार, बारहद्वारी होते हुए प्राचीन हनुमान मंदिर पर आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया, जिसमें विनोद गुप्ता, कल्पना गुप्ता, गौरव गुप्ता, मंजू गुप्ता, डॉ विक्रम गुप्ता, डॉ नेहा गुप्ता, अंकुश गुप्ता, शिवांगी गुप्ता, कृतिका गुप्ता एवं अध्ययन, अध्ययन गुप्ता सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।इसके बाद, दोपहर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस आयोजन में बांके बिहारी की पूजा-अर्चना की गई और उनकी महिमा के गीत गाए गए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बांके बिहारी के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति का प्रदर्शन किया और उनकी कृपा की कामना की। यह आयोजन एक बड़ी सफलता थी और इसमें शामिल होने वाले सभी लोगों को एक अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त हुआ।

# केदारनाथ सविता को वाराणसी में मिला 'सेवक साहित्य श्री सम्मान'

●साहित्यिक संघ के 33 वें अधिवेशन में किये गये सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** वरिष्ठ साहित्यकार केदारनाथ सविता को साहित्यिक संघ वाराणसी के 33 वें अधिवेशन में रविवार 8 दिसम्बर को श्री अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज, टाउन हाल, वाराणसी के सभागार में 'सेवक साहित्य श्री सम्मान- 2024' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी लम्बी साहित्यिक सेवा के लिये दिया गया। इस दौरान पद्मश्री उषा यादव, डॉ रमाकांत शर्मा उद्भ्रांत, डॉ हरेन्द्र कुमार राय, धर्मेंद्र राय और सोच विचार पत्रिका के संपादक जितेंद्र नाथ मिश्र के हाथों पुष्पहार पहनाकर तथा शाल ओढ़ाकर सम्मान पत्र भेट किया गया। सभा को डॉ राम सुधार सिंह, अभिनव अरुण, हिमांशु उपाध्याय, डॉ जितेंद्र नाथ मिश्र, पद्मश्री उषा यादव आदि ने सम्बोधित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री उषा यादवने की। महेंद्र नाथ मिश्र स्मृति काव्य गोष्ठी में धर्मेंद्र गुप्त साहिल, अभिनव अरुण ने गजल पढ़ी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ जय प्रकाश मिश्र ने किया। डॉ बेनी माधव ने संचालन किया। वासुदेव ओबेराय ने व्यवस्था की देखरेख व अतिथियों को बैज लगाकर सम्मानित किया। श्री केदारनाथ सविता को सम्मानित किये जाने पर मिर्जापुर के कवियों एवं शायरों आदि ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों मे सर्वश्री डॉ अनुज प्रताप सिंह, वृजदेव पांडेय,प्रमोद कुमार सुमन, गणेश गंभीर, लल्लू तिवारी, भोलानाथ कुशवाहा, अरविंद अवस्थी ,मुहिब मिर्जापुरी, जवाहर सिंह, इम्तियाज अहमद गुमनाम, आनन्द अमित, डॉ अनुराधा ओस, डॉ सुधा सिंह, इला जायसवाल, डॉ रंजना जायसवाल, हसन जौनपुरी, नंदिनी वर्मा, सारिका चौरसिया, अमरनाथ सिंह,पूजा गुप्ता, प्रमोद चंद्र गुप्त, पूजा यादव, खुर्शीद भारती, इरफान कुरैशी, श्याम अचल, हौसिला प्रसाद मिश्र आदि हैं।

# 12 दिसंबर को राजकीय गेस्ट हाऊस ज्ञानपुर में उ.प्र. राज्य महिला आयोग की मा.सदस्य प्रतिभा कुशवाहा करेंगी जनसुनवाई व निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही –** उ.प्र. राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से जनपद भदोही के राजकीय गेस्ट हाउस ज्ञानपुर में मा.सदस्य प्रतिभा कुशवाहा द्वारा जिलाधिकारी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, महिला थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित थाने के क्षेत्राधिकारी के साथ जनपद में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई/निरीक्षण का कार्यक्रम 12दिसंबर को पूर्वान्ह 11 बजे महिला जनसुनवाई की जाएगी एवं तत्पश्चात महिला बन्दी गृह, बालिका/महिला गृह का



निरीक्षण किया जाना है। उल्लिखित कार्यक्रम आयोग के मा. पदाधिकारियों की अध्यक्षता में किया जाना है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जनपद की समस्त महिलाओं/बालिकाओं से अपील किया कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु किसी भी शिकायत, समस्या के समाधान हेतु 12 दिसंबर को 11 बजे राजकीय गेस्ट हाउस ज्ञानपुर में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा. सदस्य श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा के समक्ष अपनी शिकायत रखने का कष्ट करें। जिस पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए त्वरित समाधान किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पुलिस अधिकारीयों, महिला थानाध्यक्ष को जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित रहकर जनपद की महिला उत्पीड़न सम्बन्धित घटनाओं की विस्तृत आख्या (कृत कार्यवाही / अद्यतन स्थिति सहित) अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करने के साथ ही महिला जनसुनवाई हेतु नियमानुसार पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# विभागीय परिषदीय प्रतियोगिता आयोजित

स्वतंत्र प्रभात



**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में सोमवार को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विभाग परिषदीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्नातक स्तर पर रोल ऑफ बायो फर्टिलाइजर इन एग्रीकल्चर विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे पल्लवी सिंह बीएससी पंचम सेमेस्टर प्रथम, शाल्वी यादव बीएससी पंचम सेमेस्टर द्वितीय ,और निधि पटेल बीएससी पंचम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्नातकोत्तर स्तर पर प्लांट्स ऑफ डिफरेंट एनवायरनमेंटल एडॉप्टेशंस विषय पर मॉडल प्रतियोगिता आयोजित की गई । जिसमें मानसी चौरसिया एम् एस सी तृतीय सेमेस्टर प्रथम, लक्ष्मी विश्वकर्मा एम् एस सी प्रथम सेमेस्टर द्वितीय तथा आदित्य कुमार पांडे एम् एस सी प्रथम सेमेस्टर ने तृतीया स्थान प्राप्त किया। दोनों ही प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर माधवी शुक्ला उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए जैव उर्वरकों के महत्व पर प्रकाश डाला एवं उन्हें प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने हेतु प्रोत्साहित किया। सांस्कृतिक प्रभारी डॉ कुसुम लता ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जैव उर्वरकों के महत्व के विषय में बताया।दोनों प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल के सदस्य की भूमिका डॉ संकठा प्रसाद सोनकर, डॉ शैलेन्द्र कुमार तथा डॉ गुरु प्रसाद ने निभाई। संचालन डॉ शिखा तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ विद्या सिंह ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## विद्यालय का ताला तोड़ कर चोरों ने गैस सिलेंडर सहित बर्तन उठा ले गए




**सीखड, मीरजापुर।** विकास खण्ड अर्न्तगत प्राथमिक विद्यालय भुआलपुर में बीती रात चोरों ने विद्यालय के किचन का ताला तोड़ कर उसमें रखा गैस सिलेंडर,चुल्हा, प्रेशर कुकर, कढ़ाई सहित खाद्यान्न उठा ले गए। सोमवार को जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक विद्यालय पहुंचे तो देखा कि किचन का ताला टूटा पड़ा है और किचन में रखा बच्चों का मध्यान्ह भोजन बनाने वाले बर्तन सहित खाद्यान्न में चावल भी गायब है। प्रधानाध्यापक सुशील सिंह ने इसकी सूचना चुनार थाने में लिखित रूप में दी। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक वशिष्ठ नारायण यादव,उप निरीक्षक सरोज चौबे विद्यालय पहुंच कर जांच शुरू कर दी।

# सड़क पर उड़ रहा धूल का गुबार, घटिया सामग्री के उपयोग से बनने से पहले ही टूटने लगी सड़क

स्वतंत्र प्रभात



**सीखड, मीरजापुर।** विकासखंड सीखड़ अंतर्गत खैरा सीखड़ गंगा घाट तक करीब 7 करोड़ रुपए से नवीन ढंग से बनाए जा रहे सड़क पर करीब पहले चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है जिसमें उसी सड़क को उखाड़कर उसमें केमिकल युक्त लूज सिमेंट और गिट्टी डालकर दबाया जाना था। इसके बाद सड़क पर पानी डालकर उसे कुछ दिनों तक भिगाया जाना था जिससे सड़क का बेस मजबूत होना था। कार्यदाई संस्था की लापरवाही के वजह से जहां एक तरफ सड़क अभी से जगह जगह से टूटने लगी है। सड़क पर पानी का समुचित प्रयोग नहीं किया गया वहीं दूसरी तरफ वर्षो से पं विजयानन्द मिश्र के नाम से जाना जाने वाले इस सड़क पर दोनों तरफ लगे बोर्ड से भी उनका नाम हटा दिया गया है जिससे लोगों में काफी नाराजगी भी है। पं विजयानन्द मिश्र सीखड़ गांव के निवासी थे और उत्तर प्रदेश के गठन के बाद दो बार मीरजापुर से विधायक मनोनीत हुए थे। इस सड़क पर महीनों से कार्यदाई संस्था द्वारा काम बंद है, जिससे वाहनों के आवागमन से सड़क पर धूल का गुबार उड़ रहा है और इससे सड़क के किनारे बसे लोग बीमार हो रहे हैं और उनके घरों में अंदर तक मोटी धूल की परत जमा हो जा रही है, इससे लोगों को सांस लेने में भी परेशानी हो रही है। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी से सड़क की जांच कराकर उस पर प्रतिदिन पानी का छिड़काव कराने के साथ हीं कार्य शुरू कराने की मांग की है जिससे लोगों को सांस लेने के लिए शुद्ध वायु मिल सके।

# गड़बड़ा धाम मे 4 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया दर्शन पूजन

●दूरदराज से आए दर्शनार्थियों ने रात्रि में टेंट तथा पेड़ की छांव में बिताई रात

स्वतंत्र प्रभात



**हलिया।** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध गड़बड़ा धाम में सोमवार को शहरहवा मेला में चार लाख से अधिक भक्तों ने मां शीतला का दर्शन पूजन किया। रविवार शाम से ही भक्तों ने गड़बड़ा धाम में डेरा डाल दिया था। सोमवार भोर में मंगला आरती के पश्चात भक्तों की लाइन दर्शन के लिए कतारबद्ध हो गई भक्तों के जयकारे से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। सोमवार दोपहर तक भक्तों को आने का सिलसिला जारी रहा। देर शाम तक करीब 4 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां शीतला का दर्शन पूजन कर अपनी मनोकामनाएं पूरी की। श्रद्धालुओ के लिए ठंड को देखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा अस्थाई रैन बसेरा व अलाव की व्यवस्था की गई थी। मां शीतला के दर्शन के लिए क्षेत्रीय लोगों के अलावा मध्यप्रदेश बिहार, छत्तीसगढ़ तथा पड़ोसी जिले प्रयागराज, सोनभद्र, भदोही, वाराणसी आदि जिलों से दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। मेले मे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक हलिया वीरेंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद सरोज,थानाध्यक्ष संतनगर जितेंद्र सरोज पुलिसकर्मियों संग तैनात रहे। सोमवार भोर से ही भक्तों की कतार लगभग एक किलोमीटर के परिधि में लगी रही। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होने के कारण मां के दर्शन के लिए घंटो इन्तजार करना पड़ा । भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन द्वारा गड़बड़ा हनुमान मंदिर के पास तथा सेमरा मोड़ एवं अमदह मार्ग पर बैरियर लगाकर वाहनों को रोक दिया गया था। मेला क्षेत्र में माला प्रसाद, चुनरी, श्रृंगार तथा खिलौने की दुकानों पर भीड़ रही। दर्शनार्थियों ने गड़बड़ा धाम मेले की प्रसिद्ध बांस की टोकरी, लकड़ी मथानी आदि की जमकर खरीदारी की। मंदिर पुजारी ने बताया कि सोमवार को शहरहवा मेला में देर शाम तक करीब 4 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां शीतला का दर्शन पूजन किया है।

# बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों की 70वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया गया शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर –** उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों की 70वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता राजकीय इण्टरमीडिएट कालेज महुवरिया मीरजापुर में दिनांक 09.12.2024 एवं 10.12.2024 को आयोजित की गयी है। उक्त प्रतियोगिता का दिनांक 09.12.2024 को भव्य शुभारम्भ माँ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्जवलन कर किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर विधायक रत्नाकर मिश्र जी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मा0 नगर विधायक द्वारा बच्चों को खेलकूद में बढ़चढ़कर प्रतिभाग करने हेतु उत्साहित किया गया। विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित मा0 विधायक मड़िहान श्री रमाशंकर सिंह पटेल जी द्वारा नन्हे मुन्ने बच्चों को अपने बचपन के प्राथमिक विद्यालय के अनुभव एवं खेलकूद में प्रतिभागिता के अनुभव को साझा किया गया। विधायक मझवां सुचिस्मिता मौर्य जी द्वारा बच्चों अपने उ?द्बोधन के मध्यम से बच्चों को खेलकूद के लिए प्रोत्साहित किया गया। उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा आयोग श्री सोहन श्री माली द्वारा बच्चों को अपना आर्शीवचन प्रदान किया गया। मंत्री भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी के प्रतिनिधि श्री रामलौटन बिन्द जिलाध्यक्ष अपना दल (सोनेलाल) जी उक्त कार्यकम में सादर उपस्थित रहे एवं श्री बिन्द द्वारा बच्चों को उत्साहवर्धन किया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया एवं बच्चों को अपने आर्शीवचन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि खेलकूद से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है अतः उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान किये गये निर्देश के कम में प्रत्येक विद्यालय में टाइम एण्ड मोशन के अनुसार खेलकूद अनिवार्य रूप से संचालित कराया जाय। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि उक्त प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है जिसमें प्रमुख रूप से कबड्डी, खो-खो, योगा, दौड़, बैडमिण्टन, जिम्नास्टिक, सास्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि कराये जायेगें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी को आश्वस्त किया गया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान किये गये निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त शुभारम्भ कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमोई विकास खण्ड सिटी के बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुहकुचवाँ सिटी की बच्चियों द्वारा एवं सांस्कृति कार्यक्रम पूर्व माध्यमिक विद्यालय नेवढ़िया विकास खण्ड सिटी के बच्चियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यक्रम में समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी जनपद मीरजापुर, सुभाष तिवारी, अनिल कुमार सिंह, रमाकान्त दूबे, प्रभु नरायन सिंह, सुशील कुमार यादव, राजनाथ तिवारी, दिनेश चन्द्र शुक्ल, सुष्मिता जायसवाल, विजय शंकर तिवारी, सुधीर कुमार तिवारी, सत्यव्रत सिंह चन्देल, रमेश कुमार सिंह, नमिता सिंह, गुंजन सिंह, प्रशान्त कुमार सिंह, मन्नू यादव, रविकान्त द्विवेदी, कुलदीप कुमार, विनोद कुमार, अवधेश कुमार, उमाकान्त मिश्र, शान मोहम्मद, नीलकान्त पाण्डेय इत्यादि शिक्षक/ शिक्षिका उपस्थित रहे।

# कृषि निवेश मेला ( गोष्ठी )आयोजित

स्वतंत्र प्रभात



**चुनार,, मीरजापुर ।** कृषि सूचना त्रंत्र के सुदृढीकरणकरण एवं कृषक जागरुकता कार्यक्रम एवं सबमिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना अन्तर्गत विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेला-गोष्ठी (रबी) का आयोजन सोमवार को विकासखंड नारायनपुर के प्रांगड़ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चंद्र प्रकाश सिंह ब्लॉक प्रमुख द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उप कृषि निदेशक विकेश पटेल द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के बारे में विस्तार रूप से बताया गया जिसमे किसान । बीएचयू केवीके से आए कृषि वैज्ञानिक डॉ राम सिंह ने फसल अवशेष प्रबंधन के लिए किसानों को डिकंपोजर के माध्यम से अवशेष के प्रबंधन के बारे में बताया साथ ही मानव के संतुलित पोषण हेतु घर पर पोषण वाटिका की स्थापना एवं प्रबंधन हेतु विस्तार से बताए। डॉ सुधीर श्रीवास्तव जनपद सलाहकार द्वारा कृषकों को मोटे अनाज की मानव जीवन में उपयोगिता एवं पोषण संबंधी महत्व के बारे में बताया गया साथ ही कृषको को मोटे अनाज की खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। राम बहादुर मौर्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मृदा विशेषज्ञ द्वारा किसानों को मृदा स्वास्थ्य एवं मृदा परीक्षण के बारे में मूलभूत तकनीकी जानकारी दिया गया। गौरव पटेल सहायक विकास अधिकारी (कृषि) ने द्वारा समन्वित किट/रोग प्रबंधन के तकनीक के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला एवं उपस्थित कृषकों से रबी फसलों पर चर्चा किया साथ ही शासन की प्रमुख योजना पीएम किसान एवं फसल बीमा के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। पंकज मिश्रा मृदा विशेषज्ञ ने किसको को मृदा नमूना लेने के तरीके को बताया साथी मृदा पोषक प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया। गोष्ठी में क्षेत्रीय परियोजनाधिकारी बाल विकास मीना गुप्ता की कुशल नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने फल, सब्जी मोटे अनाज से बनाए गयें ब्यजंनो से स्टाल लगाकर उसके प्रयोग से होने वालें लाभ हानि की बिस्तृत जानकारी दी गई।इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता, रमेश बीटीएम, राजीव एटीएम, मनीष एटीएम, आकांक्षा टीएसी, कार्यकत्री पूर्णिमा, मनोरमा, अर्चना श्रीवास्तव, शकुन्तला, शिप्रा आदि सहित बड़ी संख्या में कृषक बन्धू उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## श्रृंगवेरपुर स्थित निषादराज पार्क एवं राम घाट का निरीक्षण

### निर्माण कार्यों की प्रगति, साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री के प्रस्तावित आगमन एवं श्रृंगवेरपुर स्थित निषादराज पार्क के वर्चुअल उद्घाटन किए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार माँदड़ ने सोमवार को श्रृंगवेरपुर स्थित निषादराज पार्क एवं राम घाट का निरीक्षण कर वहां पर करवाये गए निर्माण कार्यों की प्रगति, साफ- सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं द्य उन्होंने श्रृंगवेरपुर धाम स्थल, निषादराज पार्क एवं राम घाट पर विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था व सुन्दरीकरण कराए जाने के निर्देश दिए हैं द्य उन्होंने जॉइंट मजिस्ट्रेट श्री अनुभव सिंह से निषाद राज पार्क में फेज-1 एवं फेज -2 के कार्यो की प्रगति की जानकारी ली जिसपर उनके द्वारा बताया गया कि निषादराज पार्क के फेज-1 का कार्य पूर्ण हो गया है एवं फेज 2 का कार्य निर्माणाधीन है और अवशेष कार्य भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी- वित्त एवं राजस्व विनय सिंह, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय महीयसी महादेवी वर्मा वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेंगे कौशाम्बी जनपद के धर्मा देवी इण्टर कॉलेज के दो छात्र/छात्रायें



**कौशाम्बी।** जनपद में विगत 19/11/2024 को राजकीय इण्टर कॉलेज प्रयागराज में सम्पन्न हुयी मण्डलीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में कौशाम्बी के धर्मा देवी इण्टर कॉलेज की साक्षी मिश्रा व अनुराग कुमार को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विगत 25 वर्षों में पहली बार कौशाम्बी जनपद के बच्चे झाँसी में 10 दिसम्बर को आयोजित राज्य स्तरीय महीयसी महादेवी वर्मा वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लेकर कौशाम्बी जनपद का गौरव बढायेंगे। प्रातः विद्यालय से जाने पर बच्चो को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ? राम किरण त्रिपाठी ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताये बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है।

## पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेसी नेताओं ने किया रक्तदान



**कौशाम्बी।** जनपद में जिला कांग्रेस कमेटी कौशाम्बी के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में जिला हॉस्पिटल में स्थित ब्लड बैंक में जाकर रक्त दान किया गया। जिला हॉस्पिटल में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ता ब्लड बैंक पहुंचे जिसमें



सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने अपना ब्लड दान किया गया उसके बाद उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू, मनोज सिंह पटेल, महासचिव कौशलेश द्विवेदी, दीपक पाण्डेय बाबूजी, सेवादल के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र शुक्ला, युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी, जिला सचिव फौजिया, राजभैया द्विवेदी, रजनीश चौधरी, शिवकुमार पासी, नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय, ने रक्तदान किया। ब्लड बैंक सेन्टर के प्रभारी द्वारा रक्तदान करने वाले सभी कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओं को प्रमाणपत्र भी वितरित किया। रक्तदान कार्यक्रम के पश्चात कांग्रेसियों ने केक काटकर सोनिया जी का जन्मदिन मनाया। रक्तदान कार्यक्रम में काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 24 ट्रेटा पैक अवैध देशी शराब पकडी


**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने 24 ट्रेटा पैक अवैध देशी शराब नगीना मार्का के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा के मुताबिक मुखविर की सूचना पर देवसेरस पुलिया से करीब ढेड़ किलो मीटर की दूरी से अभियुक्त रहीश पुत्र जुम्मा निवासी देवसेरस थाना गोवर्धन को गिरफ्तार किया गया है।

# डॉ उदय शंकर अवस्थी को सहकार भारती द्वारा दिया गया फर्टिलाइजर मैन आफ इन्डिया सम्मान।

**● - 15 दिन के दूसरी बार सम्मानित किए जाने से इफको के सभी वर्गों में खुशी की लहर।**






स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** इफको के प्रबंध निदेशक डॉक्टर उदय शंकर अवस्थी को सहकार भारती द्वारा फर्टिलाइजर मैन ऑफ इंडिया का सम्मान दिया गया। सहकार भारती के 8वें राष्ट्रीय अधिवेशन में दत्तात्रेय होसबोले, सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, गुलाब चन्द कटारिया, राज्यपाल, पंजाब व डॉ उदय जोशी राष्ट्रीय महासचिव, सहकार भारती द्वारा दिया गया।

सहकार भारती ने डॉ. यू.एस. अवस्थी को "फर्टिलाइजर मैन ऑफ इंडिया" के रूप में सम्मानित किया इफको के प्रबंध निदेशक और सीईओ डॉ. उदय शंकर अवस्थी को उर्वरक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सहकार भारती द्वारा प्रतिष्ठित फर्टिलाइजर मैन ऑफ इंडिया पुरस्कार कांस्य पट्टिका)के साथ सम्मानित किया गया। अपने स्वीकृति भाषण में डॉ. अवस्थी ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया और सहकार भारती के असाधारण जमीनी स्तर के काम की प्रशंसा की। उन्होंने रॉक फॉस्फेट, पोटाश और प्राकृतिक गैस जैसे आवश्यक उर्वरकों के लिए आयात पर भारत की निर्भरता को कम करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया।

पुराजकार देने वाले लोगों ने बताया कि इस का समाधान करने के लिए, डॉ. अवस्थी ने नैनो उर्वरकों के विकास में इफको के अग्रणी प्रयासों पर प्रकाश डाला, जो मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करते हुए विदेशी मुद्रा बचाते हैं। उन्होंने सहकार भारती के कार्यकर्ताओं से नैनो उर्वरकों के लाभों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने का आग्रह किया, भारत को कृषि में आत्मनिर्भर बनाने की उनकी क्षमता पर जोर दिया।

डॉ. अवस्थी ने सहकारी समितियों के बीच सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया, सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए बड़ी सहकारी समितियों को छोटी सहकारी समितियों का समर्थन करने की वकालत की। उन्होंने टिप्पणी की कि सहकार भारती जैसे संगठन जमीनी स्तर पर लामबंदी पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि इफको जैसी व्यवसाय-उन्मुख संस्थाओं का कर्तव्य है कि वे उन्हें उनके लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता करें।

बता दे कि पिछले 26नवंबर को आई सी ए संस्था द्वारा सहकारिता के विकाश और नैनो जैसे तरल रूप में लंबे परीक्षण के बाद देश में लॉन्च करके एक असाधारण कार्य करने के लिए डॉ अवस्थी को ऊर्वरक छेत्र का सबसे बड़ा पुरस्कार रोचडेल पायो नियर अवार्ड से नई दिल्ली के महा सम्मेलन में सम्मानित किया गया था। इफको फूलपुर इकाई के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव ने इस अवसर पर हर्ष व प्रसन्नता व्यक्त किया।

## पर्यटन विकास की अपार सम्भावनाओं एवं प्राकृतिक सौन्दर्य को समेटे बड़ोखर में विकास का अभाव।

**● - तृतीय विशाल पर्वतारोहण स्पर्धा का आयोजन।**

स्वतंत्र प्रभात

**कोरांव, प्रयागराज।** पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन विकास एवं ऐतिहासिक, प्राकृतिक धरोहरो को संरक्षित करने के उद्देश्य से आयोजित तृतीय विशाल पर्वतारोहण स्पर्धा रविवार को बड़ोखर गांव मे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के शुरुआत में प्रकृति से जुड़े जल, जंगल, जमीन से सम्बन्धित पर्यटन, पर्यावरण एवं प्राकृतिक धरोहरो के संरक्षण-संवर्धन विषयों पर आधारित ज्ञान-विज्ञान की लिखित परीक्षा आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पतिभाग किया।

उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक यमुनापार विकास समिति के अध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रयागराज का यमुनापार क्षेत्र पर्यटन, प्राकृतिक सौन्दर्य एवं खनिज सम्पदा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं भी हैं परन्तु इस क्षेत्र में शासन-प्रशासन की अदूरदर्शिता के फलस्वरूप मौलिक सुविधाओ एवं अपेक्षित विकास का घोर अभाव है। ऐसे में शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कृषक शान्ति निकेतन इका के प्रबन्धक लाल जितेन्द्र प्रताप सिंह ने रिबन काट कर पर्वतारोहण का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के रूप में गांव की नई आवाज पत्रिका के सम्पादक विजय चितौरी एवं लाल सन्तोष प्रताप सिंह ने पर्वतारोहियों का उत्साहवर्धन किया।



विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता करने वाले राम निहोरा पाल, लखन प्रतापगढ़ी, उदयभान सिंह सचिव नेहरू युवा केन्द्र लखनऊ, जगदम्बा प्रसाद शुक्ल कवि साहित्यकार, मनीष तिवारी प्राचार्य, कमलेश सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, ने प्रतिभागियों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण पाल, पृथ्वी पाल सिंह, धर्म वीर कुशवाहा, विनोद कुमार विश्वकर्मा, राकेश कुशवाहा, निशा सिंह, गुलाब कली, सुमन शुक्ला, सन्तोष कुशवाहा, विद्यासागर आदि की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन यमुनापार पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार कुशवाहा ने किया जबकि शिवेन्द्र प्रताप सिंह, राम सहाय केशरी, सत्यम केशरी ने उत्साहवर्धन किया। वहीं यमुनापार विकास समिति के मंत्री सुनील केसरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## महाकुंभ-2025 में रेलवे टिकट वितरण के लिए एटीवीएम फैसिलिटेटर बनने का सुनहरा मौका

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** प्रयागराज मण्डल में यात्री सुविधाओं को निरंतर उन्नत किया जा रहा है। आगामी महाकुंभ-2025 की तैयारियों के दृष्टिगत प्रयागराज मण्डल यात्रियों को सुखद यात्रा उपलब्ध कराने और आसान टिकट वितरण कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रयागराज मण्डल में महाकुम्भ मेला-2025 को देखते हुए प्रयागराज (संगम एरिया सहित), सुबेदारगंज, नैनी एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर अतिरिक्त 64 एटीवीएम लगाए जा रहे हैं। इन एटीवीएम को दिनांक 11.01.2025 से 28.02.2025 तक संचालित किया जाएगा। इन सभी एटीवीएम पर 8-8 घंटे की पाली के अनुसार कुल 192 फेसिलिटेटर कार्य करेंगें। एटीवीएम फैसिलिटेटर की नियुक्ति के लिए रेलवे के सेवानिवृत कर्मचारियों एवं सामान्य नागरिकों से पुनः आवेदन मांगे गए हैं। जिसकी अंतिम तिथि 16.12.2024 निर्धारित की गई है। जिसमे सुरक्षा राशि के रूप में ली जाने वाली राशि एनएसजी -1×2 कैटेगरी के स्टेशनो के लिए रु 50,000/- एवं अन्य कैटेगरी के स्टेशनो के लिए रु 25,000/- निर्धारित की गई थी, अब सभी कैटेगरी के स्टेशनो के लिए सुरक्षा राशि कम करके रु 5,000/- निर्धारित कर दी गई है।

आवेदन फार्म किसी भी कार्य दिवस में (सोमवार से शुक्रवार तक) 09:00 बजे से 17:00 बजे तक मिर्जापुर, प्रयागराज, प्रयागराज छिवकी, फतेहपुर, कानपुर, इटावा, टूंडला, अलीगढ स्टेशन के बुकिंग कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है । आवेदन फार्म का मूल्य रु 100/- है। आवेदन फार्म को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइटwww.ncr.indianrailways.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदक को आवेदन के साथ किसी अनुसूचित वाणिज्य बैंक द्वारा वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे /प्रयागराज के पक्ष में रु 100/- का बैंक ड्राफ्ट/डीडी मूल्य के रूप में संलग्न करना होगा। आवेदन फार्म सहायक वाणिज्य प्रबंधक, वाणिज्य शाखा, दितीय तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, नवाब युसुफ रोड, प्रयागराज के कार्यालय में दिनांक 16.12.2024 को 13:00 बजे तक जमा किए जाएंगे और उसी दिन 15:00 बजे खोले जाएंगे।

# फूलपुर को भा रहा है अतिरिक्त निरीक्षक पारसनाथ का तेवर

**प्रयागराज।** फूलपुर कोतवाली में प्रभारीनिरीक्षक के अलावा एक एक अतिरिक्त निरीक्षक पारसनाथ की नियुक्ति पुलिस आयुक्त प्रयागराज द्वारा की गईहै। अतिरिक्त निरीक्षक पारसनाथ की कार्यप्रणाली से यहांकी जनता गदगद है। लोगों का कहना है कि ऐसा निरीक्षक यदि हर थाने में हो जाएं तो जनता का काफी कल्याण हो सकता है। पारसनाथ की कार्यप्रणाली से काफी राहत मिल रही है। चाहे हरिभानपुर का मामला हो जहां पर एक ही परिवार के दो भाइयों के झगड़ों में लाख दबाव के बावजूद अपर निरीक्षक पारस ने नाथ ने दोनों की बात सुनने के बाद जिसकी गलती थी उसको कड़ी फटकार लगाते हुए आपस में बात करके मामला सुलझाने का आदेश दिया और नहीं सुलझा तो कानूनी कार्रवाई को झेलने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दिया । जबकि दूसरे पक्ष से अवकाश प्राप्त फौजी के लोग थे और उनकी गलती का एहसास कराते हुए निरीक्षक पारस ने मुलजिम बनने के लिए तैयार रहने को कहा तो उन लोगों की बोलती बंद हो गई और दूसरे पक्ष से निवेदन करने लगे। उनके न्याय प्रिय फैसले को सुनकर दूसरा पक्ष इतना गदगद हुआ कि उसने कहा ऐसा न्याय प्रिय इंस्पेक्टर यहां पहले कभी नहीं देखा गया।

दूसरी घटना मैलवन गांव की है जहां दो मुस्लिम परिवारों के बीच में आपसी झगड़ा था लेकिन एक पक्ष दूसरे पक्ष के घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्रता की प्रभारी कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक पारसना थ मौके पर पहले क्षेत्र के दरोगा को भेजा लेकिन उनकी लचर व्यवस्था से मामला जब नहीं सुलझा तो दूसरे दिन ही एक दूसरे उपनिरीक्षक को मौके पर भेज कर मामले की असलियत जाना और दूसरे पक्ष को कड़ी फटकार लगाते हुए 24 घंटे का समय दिया यदि मामला आपस में नहीं सुलझ जाता तो कानूनी कार्रवाई के लिए दूसरे पक्ष को तैयार रहने क लिए चेतावनी दिया फिर दोनों तरफ से अनेक मध्यस्थ लगे और समझौते के लिए दोनों को राजी करने में लग गए उनकी इस कार्य प्रणाली से भी क्षेत्र के लोगों ने और मध्यस्तों ने निरीक्षककी बिना तारीफ किये नहीं रह गए। तीसरा मामला एक कब्रिस्तान के विवाद को लेकर सामने आया और चिलौंडी गांव में निरीक्षक पारसनाथ फोर्स के साथ मौके पर सुबह से ही डेरा डाल दिया और दोनों पक्षों को चेतावनी देते हुए मजबूर कर दिया है कि इस मामले का हल होना चाहिए वरना कड़ी कार्यवाही कै लिए तैयार रहने की चेतावनी दे दी। यह मामला काफी दिन से लटका हुआ था और पुलिस इधर-उधर करके चले आते थे ।लोगों का कहना है की पारस नात के रहते यह मामला अव हल हो जाएगा। उनके थोड़े समयक की कार्यप्रणाली से फूलपुर के लोग काफी प्रभावित हो रहे हैं। लोगों ने यह भी बताया की थाने में फरियादियों से बहुत ही अच्छे ढंग से व्यवहार करते हैं और गहराई से मामलेको समझते है फिर गलत सही का निर्णय किसी दबाव और लालच के करतेह।

## अस्पताल में डिलीवरी के दौरान जच्चा बच्चा की मौत,परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**● - डीएम के आदेश पर हॉस्पिटल किया गया सील**

**कौशाम्बी।** जनपद में एक निजी हॉस्पिटल में डिलीवरी के दौरान जच्चा बच्चा की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ है। परिजनों ने डॉक्टर पर गलत आपरेशन करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित परिजनों की शिकायत और डीएम मधुसूदन हुल्गी के आदेश के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच में पाया कि बगैर रजिस्ट्रेशन के हॉस्पिटल संचालित है। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हॉस्पिटल को सील कर दिया। मामला चरवा थाना क्षेत्र एवं कस्बा के न्यू उन्नति हॉस्पिटल का है, जहां एक महिला की डिलीवरी के दौरान गलत इलाज और ऑपरेशन के चलते महिला और उसके मासूम बच्चे की मौत हो गई,शिकायत के बाद डीएम ने घटना का संज्ञान लिया और हॉस्पिटल की जांच कराई।डीएम मधुसूदन हुल्गी ने बताया कि हॉस्पिटल को सील कर सीएमओ से डेथ ऑडिट रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट आने के बाद आगे एफआईआर दर्ज कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव के रहने वाले राजेन्द्र कुमार अपनी पत्नी सोनी देवी का डिलीवरी करवाने के लिए चरवा के न्यू उन्नति हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। जहां रात 8 बजे ऑपरेशन से बच्चे की डिलीवरी करवाई




गई। ऑपरेशन गलत होने से पहले बच्चा मर गया। इसके बाद सुबह तक महिला की भी हालत गम्भीर हो गई। जिसके बाद डॉक्टर ने रेफर कर दिया। परिजन महिला को ले जाने की तैयारी की कर रहे थे कि मौत हो गई। जच्चा बच्चा की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

# जिलाधिकारी ने राजकीय आश्रम पद्यति इण्टर कालेज ककोढ़ा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर कड़ा का किया औचक निरीक्षण

**● - जिलिधकारी ने आश्रम पद्यति इण्टर कालेज ककोढ़ा में बच्चों की उपस्थिति कम पाये जाने पर प्रधानाचार्य को अभिभावकों से वार्ता कर छात्रां की उपस्थिति बढ़ायें जाने के दिये निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने राजकीय आश्रम पद्यति इण्टर कालेज ककोढ़ा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर कड़ा का औचक निरीक्षण किया। राजकीय आश्रम पद्धति इण्टर कॉलेज ककोढ़ा के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में चल रहे निर्माण कार्य को देखा, जिसकी प्रगति धीमी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य को तेजी से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होने विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति चेक किया, वहॉ पर छात्रों की उपस्थिति कम पायी गई, कुल 490 छात्रों के सापेक्ष 280 छात्र ही उपस्थित पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य को निर्देशित करते हुए कहा कि अभिभावकों से वार्ता कर छात्रों की उपस्थिति बढ़ायें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से पढ़ाई-लिखाई के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, जिस पर कुछ छात्रों द्वारा नीट एवं जे0ई0 की तैयारी के बारे में उत्सुकता दिखाई, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को बच्चां से वार्ता उनकी तैयारियों के सम्बन्ध में उचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश दियें। उन्हांने विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था और



चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने के निर्देश दिये।

उच्च प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर, कड़ा के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डिजिटल उपस्थिति रजिस्टर, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति एवं साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा। जिलाधिकारी ने क्लॉस रूम में पहुॅचकर छात्र-छात्राओं से प्रश्न पूॅछा, जिसका छात्राओं द्वारा सही जवाब दिया गया, शिक्षा की गुणवत्ता सही पाया गयी।

# केपीएस फिएस्टा 16 में केपीएस भरवारी बना चैंपियन, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में एन. डी. कान्वेंट की महिला अभिभावक बनी स्कूटी विजेता

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जनपद के रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के तत्वावधान में आयोजित केपीएस फिएस्टा 16 का समापन समारोह 8 दिसम्बर 2024 को शानदार तरीके से सम्पन्न हुआ। यह वार्षिक आयोजन विद्यार्थियों के खेल-कूद, शैक्षिक कौशल और सांस्कृतिक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

केपीएस फिएस्टा के अन्तर्गत तीनों स्कूलों–केपीएस भरवारी, एनडी कॉन्वेंट स्कूल, और केपीएस भीटी–के छात्रों ने विभिन्न खेल, शैक्षिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। खेल-कूद के तहत बैडमिन्टन, वॉलीबॉल, कबड्डी, दौड़ प्रतियोगिता, और लम्बी कूद जैसे आयोजन किए गए, जिनमें छात्रों ने अपनी शारीरिक और मानसिक दृढ़ता का प्रदर्शन किया। इन प्रतिस्पर्धाओं के समग्र प्रदर्शन के आधार पर केपीएस भरवारी ने चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।

वहीं, एनडी कॉन्वेंट स्कूल ने सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूटी पुरस्कार जीता, जो छात्रों के बीच उत्साह का केन्द्र बना।

समापन समारोह के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को रोमांचित कर दिया। विद्यार्थियों ने लोकनृत्य, बॉलीवुड नृत्य, और समकालीन नृत्य शैलियों में रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। खासतौर पर 'नारी शक्ति' और 'राष्ट्रीय एकता' पर आधारित नृत्य नाटिका ने सभी को भावविभोर कर दिया। 'पर्यावरण संरक्षण' और 'सद्भावना का संदेश' जैसे विषयों पर मंचित नाटकों ने दर्शकों को गहन संदेश दिए। छात्रों ने शास्त्रीय संगीत, समूह गायन और इंस्ट्रुमेंटल म्यूजिक के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कौशांबी जिले के एसपी बृजेश श्रीवास्तव और डीआईओएस डॉ0 सच्चिदानन्द यादव ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा, "इस तरह के आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ भाईचारा और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।" कार्यक्रम का संचालन डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्रा ने कुशलता से किया। संस्थान के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता ने अपने संदेश में कहा, "हमारा उद्देश्य केवल शैक्षिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों के भीतर छिपी हुई प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारना भी है।"

डायरेक्टर सीमा पवार ने कहा, "यह आयोजन दर्शाता है कि रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन शिक्षा और संस्कृति के समन्वय को प्राथमिकता देता है।" केपीएस फिएस्टा 16 ने छात्रों को अपने कौशल और आत्मविश्वास को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम ने अभिभावकों और शिक्षकों के बीच भी आपसी सामंजस्य को मजबूत किया। रिद्धि सिद्धि ग्रुप ने यह आश्वासन दिया कि ऐसे आयोजन भविष्य में भी छात्रों के विकास के लिए जारी रहेंगे। समारोह के अन्त में सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, जिससे छात्रों में नई ऊर्जा और जोश का संचार हुआ।

केपीएस फिएस्टा 16 न केवल एक प्रतियोगिता थी, बल्कि यह एक ऐसा उत्सव बना, जिसने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच एकता और सहयोग का संदेश फैलाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा, केपीएस भीटी प्रिंसिपल रमेश श्रीवास्तव जी, कोर्डिनेटर नितेश जी, शशांक श्रीवास्तव, विकाश पांडे, डॉक्टर सचिन त्रिपाठी, रंजीत सिंह, मधुबन पटेल, दीपक खरवार, शैलेंद्र सिंह, सुमन कुशवाहा, प्रशिक्षक दीपक डांस, सुभाष जी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# नन्दी वाणी पब्लिक स्कूल भरवारी में शुरू हुआ सात दिवसीय खेल महोत्सव का 16 को होगा फाइनल मुकाबला

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद के नगर पालिका परिषद भरवारी स्थित नन्दी वाणी पब्लिक स्कूल में सात दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारम्भ सोमवार को हुआ,जिसका फाइनल मुकाबला 16 दिसम्बर को होगा, इन सात दिवस के खेल महोत्सव में क्लास नर्सरी से क्लास 12 तक के सभी बच्चे एवं बच्चियों ने अलग-अलग कैटिगरी में अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। खेल महोत्सव में प्री प्राइमरी के बच्चों के लिए 50 मीटर की दौड़ फ्रॉग रेस, बास्केटबॉल गेम तथा एक इन्टरटेनमेन्ट गेम का आयोजन किया गया है, जबकि प्राइमरी के बच्चों में तथा बड़े बच्चों में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर की दौड़, रिले रेस, कबड्डी, खो खो, बास्केटबाल, वालीबाल, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, तथा अन्य गेम का आयोजन किया गया है।अभी विद्यालय में इन बच्चों के क्वालीफाइंग गेम प्रारम्भ हुए हैं जिनका फाइनल मैच 16 दिसम्बर को सुबह 10:00 बजे से प्रारम्भ होगा।

सोमवार को कबड्डी ब्वायज वर्ग में ग्रीन हाउस और ब्लू हाउस का मुकाबला हुआ,



जिसमें ग्रीन हाउस को 10 पॉइन्ट्स और ब्लू हाउस को 9 पॉइन्ट्स प्राप्त हुए और एक पॉइंट से ग्रीनहाउस विजय हुआ। इसी तरह रेड और येलो हाउस में मुकाबला रोमांचक हुआ और येलो हाउस 3 पॉइंट से मैच जीत गया। कबड्डी गर्ल्स वर्ग में ब्लू हाउस को रेड हाउस ने दो पॉइंट से हराया।

विद्यालय के प्रबन्धक ज्योति केसरवानी ने सभी खिलाड़ियों और प्रतिभागियों को शुभकामना संदेश दिया, जिसमें उन्होंने बच्चों को स्पोर्ट्स के क्षेत्र में भी अपने करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।उन्होंने कहा कि जो बच्चे अपना शानदार प्रदर्शन किसी खेल में दे सकते है उन्हें अपने माता-पिता और शिक्षक के सहयोग से जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय टीम में जाने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता पर बल दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ ललित चौरसिया ने बच्चों को सुरक्षा एवं संयम के साथ एक टीम में मिलकर कार्य करने और जीतने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक रेहान, वेद, प्रेम बंशधारी आदि ने इस खेल महोत्सव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जिलाधिकारी ने प्राप्त 02 आई0जी0आर0एस0 शिकायतों के निस्तारण का स्वयं मौका मुआयना किया, जिसका निस्तारण सही पाया गया

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** आई0जी0आर0एस0 सन्दर्भ संख्या-40017424010026 आवेदक पवन कुमार पाण्डेय पुत्र उमाचन्द्र पाण्डेय ग्राम-नासिरपुर फरीदगंज परगना कड़ा तहसील सिराथू द्वारा दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र के की जॉच राजस्व निरीक्षक से करायी गई, राजस्व निरीक्षक की जॉच आख्या दिनांक 16.10.2024 के क्रम में पाया गया कि ग्राम नासिरपुर, फरीदगंज की आराजी संख्या-190 रकबा-0.034हे0 जो कि सरकारी अभिलेखों में बंजर भूमि के नाम से अंकित है। जिसको शिकायतकर्ता पवन कुमार पाण्डेय की शिकायत पर दिनांक 05.10.2024 को नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के ई0ओ0 व राजस्व निरीक्षक तथा क्षेत्रीय लेखपाल एवं उभयपक्षों की उपस्थिति में उपरोक्त आराजी संख्या को चिन्हित कर ई0ओ0 के सुपुर्द कर दिया गया। जिसका सत्यापन जिलाधिकारी द्वारा मौके पर स्वयं किया गया, जिसका निस्तारण सही पाया गया।

इसी प्रकार आई0जी0आर0एस0 संदर्भ सं0-92417400002649 पवन कुमार वार्ड संख्या-05 द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर अवैध कब्जे के सम्बन्ध में शिकायत की गई थी, शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत पर क्षेत्रीय लेखपाल के चिन्हांकन के उपरान्त अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया था, लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल के चिन्हांकन के दौरान पाया गया कि शिकायतकर्ता द्वारा भी गाटा संख्या-190 पर अवैध कब्जा किया गया है, जिसे छोड़ने के लिए निर्देशित किया गया था। लेकिन शिकायतकर्ता द्वारा अवैध कब्जा



नहीं छोड़ा गया था, जिसे उप जिलाधिकारी सिराथू द्वारा गठित टीम क्षेत्रीय लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक के सहयोग से अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत-दारा नगर कड़ाधाम द्वारा कब्जामुक्त करा दिया गया है। जिसकी आख्या प्रेषित की गई थी। जिसका सत्यापन जिलाधिकारी द्वारा मौके पर स्वयं किया गया, जिसका निस्तारण सही पाया गया।

## किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु

**मथुरा।** थाना जैत क्षेत्र के अंतर्गत गांव आझई खुर्द में एक किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना को लेकर लोग तरह तरह की चर्चा कर रहे हैं। जैत क्षेत्र के अंतर्गत गांव आझई खुर्द के रोसू थोक निवासी सुनील पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र सिंह जो कि हाईवे स्थित एक निजी हॉस्टल पर काम करता था। वह रोजाना की तरह रविवार को भी घर पर आकर के सो गया था। सुबह आठ बजे उसकी मां सावित्री ने देखा कि वह मृत पड़ा हुआ है। बताते हैं कि सुनील के मृत्यु की घटना की जानकारी उसकी मां सावित्री ने अपनी देवरानी पूनम को दी कि सुनील की मृत्यु हो गई है। यह खबर सुनकर पूनम बेहोश हो गई। पूनम के पति दरोगा ने इसकी सूचना जैत पुलिस को दी पुलिस है। पुलिस ने शव को पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताते हैं कि सुनील के छाती पर लाल रंग के निशान बने हुए हैं। लोग अंदाज लग रहे हैं कि उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हुई है। जैत थाना प्रभारी अश्विनी सनी कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम में रिपोर्ट के आधार पर ही कार्रवाई की जाएगी।

# संक्षिप्त ख़बरें

## मदनगुंडी टोल प्लाजा के खिलाफ विशाल बैठक आज

**बरही-** बरही क्षेत्र में हाल ही में शुरू हुए मदनगुंडी टोल प्लाजा की समस्याओं को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक बरही विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी कृष्णा यादव के नेतृत्व में 10 दिसंबर 2024 मंगलवार को सुबह 11 बजे मदनगुंडी टोल प्लाजा के पास होगी।

**स्थानीय लोगों को नहीं मिल रही छूट**

कृष्णा यादव ने बताया कि 9 दिसंबर से टोल प्लाजा चालू होने के बावजूद अब तक स्थानीय लोगों को कोई छूट नहीं दी गई है। कोडरमा जिले के चार पहिया वाहनों को भी बिना शुल्क गुजरने की सुविधा नहीं मिल रही है। इसके अलावा, स्थानीय ट्रक मालिकों को भी टोल शुल्क में किसी प्रकार की राहत नहीं दी गई है, जिससे क्षेत्र के निवासियों में आक्रोश बढ़ रहा है।

**स्थानीय जनता से अपील**

कृष्णा यादव ने क्षेत्रवासियों से इस बैठक में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह बैठक केवल टोल प्लाजा की समस्याओं तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि स्थानीय लोगों के हक और अधिकारों के लिए एक बड़ा कदम होगी। यादव ने जोर देकर कहा कि सभी को मिलकर इस मुद्दे पर ठोस कार्रवाई करनी होगी ताकि स्थानीय लोगों को टोल शुल्क में छूट दिलाई जा सके। उन्होंने स्थानीय वाहनों को टोल से मुक्त करने की मांग, क्षेत्रीय ट्रकों और व्यवसायिक वाहनों के लिए छूट, टोल प्लाजा प्रबंधन और प्रशासन से सीधी वार्ता होगी।

## हल्की वर्षा से पाकुड़िया में बढ़ा ठंढ़ का आसार



**बच्चों, मरीजों व वृद्धजनों की बढ़ेगी कठिनाइयाँ**

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** बीते सोमवार को पाकुड़िया के आकाश पर घने सफेद बादल छाए रहे और हल्की बारिश भी होती रही। लोगों का अनुमान है कि हल्की वर्षा से धान कटनी में विशेष क्षति नहीं होगी वहीं आलू को लाभ हो सकता है। धान कटनी जिस भूमि पर हो चुकी है वहाँ गेहूँ व सरीसों लगाने की तैयारी है। प्रखण्ड के क्षेत्रों में सरीसों की फसल लगी है और फूल भी खिले हैं। किसानों का मानना है कि हल्की वर्षा से सरीसों फूल को विशेष नुकसान नहीं होगा।हल्की वर्षा में भी डोर-टू-डोर पल्स पोलियों पिलाने का काम जारी है हालांकि,कुछ कठिनाइयाँ भी होती दिखीं। पल्स पोलियों तीसरे तीन आज भी पिलाई जाएगी ताकि कोई बालक-बालिकाएं छुटे नहीं। लोगों का अनुमान है कि यदि वर्षा अधिक होगी तो ठंढक बढ़ने से मुश्किलें भी बढ़ेंगी और धान फसल को क्षति हो सकती है। समाचार लिखे जाने तक पाकुड़िया के आकाश पर सफेद बादल छाए रहे।

## राजमहल पहाड़ बचाने को लेकर एनजीटी में सुनवाई आज



**साहेबगंज, झारखंड-** साहिबगंज जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर द्वारा एतिहासिक राजमहल पहाड़ को बचाने व संवर्धन हेतु तथा जिले में अवैध रूप से संचालित सभी स्टोन माईस व क्रशर को बंद कराने को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ईस्टर्न जोन कोलकाता में दायर याचिका संख्या ओए -23/2017 की सुनवाई आज पीठ के जुडिशयल मेंबर न्यायमुर्ति बी.अमित स्टालेकर व एक्सपर्ट मेंबर डा.अरूण कुमार वर्मा दिन के 10:30 बजे से करेगी.सुनवाई में भाग लेने के लिए अरशद भी कोलकाता पहुँच गए हैं.सुनवाई पुर्व झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड रांची को एनजीटी में हलफनामा दायर कर बताना है कि अब तक किन किन पत्थर कारोबारियों ने कितना कितना पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुर्माना राशि जमा किया है। आज की सुनवाई पर पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारियों समेत सभी पत्थर कारोबारियों की नजरें टिक गयी है।

## खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने लिया वेबिनार में भाग

**पाकुड़, झारखंड-** भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा पोश एक्ट 2013 - सुरक्षित और लिंग संवेदनशील कार्यस्थल सुनिश्चित करना विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। सूचना भवन स्थित सभागार में जिले के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। वेबिनार को सचिव (खेल) सुजात चतुर्वेदी और भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक ने संबोधित किया। उन्होंने POSH अधिनियम 2013 के प्रावधानों की जानकारी दी। मौके पर जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार और जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती भी उपस्थित रहे।

# बरही विधायक मनोज यादव ने ली शपथ, क्षेत्र के विकास के लिए जताई प्रतिबद्धता

**● बरही की जनता ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, मैं उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाऊंगा - मनोज यादव**




**स्वतंत्र प्रभात**

**बरही-** झारखंड विधानसभा के पहले सत्र के पहले दिन, सोमवार को विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने सबसे पहले शपथ ली। इसके बाद विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ग्रहण किया। बरही विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक मनोज कुमार यादव ने भी विधानसभा में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उनका सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और विनम्रता स्पष्ट रूप से झलक रही थी। भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतने वाले मनोज यादव ने क्षेत्र की जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाने का वादा किया। शपथ के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक मनोज यादव ने बरही की जनता को उनके समर्थन और विश्वास के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, बरही की जनता ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसे मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाऊंगा। मेरा उद्देश्य न केवल जनता का प्रतिनिधित्व करना है, बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान कर बरही को विकास का मॉडल बनाना है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचना में सुधार को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया। साथ ही, क्षेत्र में बेरोजगारी और कृषि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को तकनीकी और आर्थिक सहायता प्रदान करना और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। विधायक मनोज यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए वह बरही को एक आत्मनिर्भर और सशक्त विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे। उन्होंने औद्योगिक विकास को गति देने, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, सड़कों और पुलों का निर्माण, और डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ाने जैसे मुद्दों पर काम करने का वादा किया। विधायक मनोज यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह हर नागरिक की आकांक्षाओं को पूरा करने और उनकी समस्याओं को हल करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। बरही की जनता ने विधायक के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र नई ऊंचाइयों को छुएगा। मनोज यादव ने अपनी बात को यह कहते हुए समाप्त किया, यह मेरा वादा है कि मेरे कार्यकाल में कोई भी नागरिक खुद को उपेक्षित महसूस नहीं करेगा। बरही को झारखंड के सबसे प्रगतिशील और समृद्ध क्षेत्रों में शामिल करना मेरा मुख्य उद्देश्य है।

# स्पेशल मिडिएशन ड्राइव इन फैमिली मैटर का शुभारंभ

**स्वतंत्र प्रभात**

**पाकुड़ -** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा), रांची के निर्देशानुसार 9 दिसंबर से 13 दिसंबर 2024 तक आयोजित होने वाले स्पेशल मिडिएशन ड्राइव इन फैमिली मैटर का उद्घाटन 9 दिसंबर को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़, श्री शेष नाथ सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय सुधांशु कुमार शशि, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शिल्पा मुर्मू, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल मांझी, प्रभारी न्यायाधीश विजय कुमार दास और लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के प्रमुख सुबोध कुमार दफादार भी मौजूद थे।

**प्रधान न्यायाधीश का संदेश**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेष नाथ सिंह ने उपस्थित मेडिएटर्स को पारिवारिक विवादों का सुलह और समझौते के आधार पर अधिकतम निपटारा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस पहल से पारिवारिक विवादों जैसे वैवाहिक समस्याएं, तलाक, भरण-पोषण, संपत्ति अधिग्रहण और घरेलू हिंसा के मामलों को आपसी सहमति से सुलझाने में मदद मिलेगी। साथ ही उन्होंने वादी और प्रतिवादी पक्षों से इस अभियान का लाभ उठाने की अपील की।

**कार्यक्रम में शामिल व्यक्ति**

कार्यक्रम में सचिव अजय कुमार गुड़िया, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के सदस्य, मेडिएटर्स, पैरा लीगल वॉलंटियर्स, और संबंधित पक्षों के वादी-प्रतिवादी उपस्थित रहे। यह ड्राइव पारिवारिक विवादों को त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान देने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

# मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने आंगनबाड़ी केंद्रों में किया स्वेटर वितरण, बच्चों में उत्साह

**● बच्चे देश का भविष्य, उनकी शिक्षा और पोषण में कोई कमी नहीं होगी - मुखिया राजेंद्र प्रसाद**



**स्वतंत्र प्रभात**

**बरही-** बरही प्रखंड अंतर्गत कोरियाडीह के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र में ठंड को देखते हुए सोमवार को छोटे बच्चों और बच्चियों के बीच धनवार पंचायत के स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने स्वेटर का वितरण किया। इस अवसर पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि यह सरकार की बहुत ही अच्छी पहल है। आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को ठंड के मौसम में स्वेटर दिया जा रहा है। बच्चे एक जैसा स्वेटर पहन कर आएंगे तो काफी अच्छे लगेंगे। साथ ही ठंड में इन्हें राहत मिलेगी। स्वेटर पाकर बच्चे बेहद उत्साहित नजर आए। सभी अभिभावकों को प्रतिदिन अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजने की अपील की। कहा आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को कई अन्य चीजें भी सिखाई जाती है, आंगनबाड़ी केंद्र में खेल-खेल में ही बच्चे कई चीज सीख जाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा आंगनबाड़ी केंद्र पर ही दी जाती है। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने सेविका और सहायिका को केंद्र का संचालन सही तरीके से करने का भी दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका किरण कुमारी, अनिता कुमारी सहायिका मंजू देवी, आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चे बच्चियों सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्मार्ट सिटी में मंत्रियों के लिए बने नवनिर्मित आवास का निरीक्षण किया

**स्वतंत्र प्रभात**



**रांची-** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज स्मार्ट सिटी रांची में राज्य सरकार के मंत्रियों के लिए बने नवनिर्मित आवास सहित पूरे आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित आवास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवनिर्मित आवास एवं पूरे आवासीय परिसर के सभी कार्य 15 जनवरी 2025 तक पूर्ण कर लिए जाएं ताकि मंत्रियों को आवास आवंटित की जा सके। मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसर में बने क्लब हाउस, बैडमिंटन कोर्ट तथा पुलिस बैरेक इत्यादि का निरीक्षण कर सभी सुविधाओं से संबंधित आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसर में बच्चों के खेलने की व्यवस्था, झूला इत्यादि लगाने का भी निर्देश दिए। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास विभाग सुनील कुमार, सचिव भवन निर्माण विभाग अरवा राजकमल, सीईओ स्मार्ट सिटी अमित कुमार, जीएम स्मार्ट सिटी राकेश नंदकुलियार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मुखिया मंजू देवी ने उज्वला योजना के तहत किया गैस चूल्हा और सिलेंडर का वितरण

**स्वतंत्र प्रभात**



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** मिनी इंडियन गैस एजेंसी मजूरंडह के द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत 17 लाभुकों के बीच गैस ,चूल्हा,सिलेंडर, रेगुलेटर तथा पाइप का वितरण किया गया वितरण बसरिया पंचायत मुखिया मंजू देवी और वार्ड सदस्य कंचन देवी ने किया 7 इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की इस योजना से महिलाओ को बडी मुसीबत से निजात मिल गई है घर का चूल्हा जलाने के लिए अब उन्हें इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा घर बैठे सब जुगाड़ हो जाता है लकड़ी बचाने और खरपतवार चुनने से उन्हें मुक्ति मिल गई है7 ग्रहणियों कि इस योजना की सराहना करती है जो जलावन कोयला उपलब्ध हो जाता था मगर ठेठ देहात की महिलाओं को भारी परेशानी होती थी धुएं से उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता था मौके पर मुखिया मंजु देवी वार्ड सदस्य कंचन देवी कुन्ती देवी यशोदा देवी सोनिया देवी रेशमा देवी शाबान खातून सबिता देवी प्रीति देवी नीलम देवी नसरीन खातून अंजलि कुमारी चांदनी देवी आशा देवी बबीता देवी सरोज देवी पूजा देवी गीता देवी सरिता देवी अन्य मौजूद थे।

# झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में 80 विधायकों ने ली शपथ, दिखा अलग अंदाज

**स्वतंत्र प्रभात**

**रांची, झारखंड-** झारखंड विधानसभा के षष्ठम सत्र का विशेष आयोजन सोमवार को प्रारंभ हुआ। सुबह 11ः15 बजे प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने सदन की कार्यवाही शुरू की। पहले दिन विधानसभा में 80 नवनिर्वाचित विधायकों ने सदस्यता की शपथ ली। इनमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों के साथ-साथ पहली बार विधायक बने 21 सदस्यों ने भी हिस्सा लिया। शपथ ग्रहण के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई।

**मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने पहले ली शपथ**

शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत मुख्यमंत्री और बरहेट विधायक हेमंत सोरेन के शपथ लेने से हुई। इसके बाद राधाकृष्ण किशोर, दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा, रामदास सोरेन, दीपिका पांडेय सिंह, सुदीप कुमार सोनू, और अन्य विधायकों ने सदस्यता की शपथ ली। वही हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही विधायक मनोज यादव ने भी शपथ लिया।

**प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी स्वयं मंगलवार को शपथ लेंगे।**

**स्थानीय भाषाओं में ली गई शपथ**

कुछ विधायकों ने अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में शपथ लेकर विशेष सत्र में विविधता का रंग भरा। हेमलाल मुर्मू ने संताली, एमटी राजा ने उर्दू, जयराम महतो ने कुरमाली, अरूप चटर्जी ने बांग्ला और ममता देवी ने खोरठा में शपथ ली। अन्य विधायकों में कई ने अपनी स्थानीय भाषाओं का उपयोग किया। कांग्रेस विधायकों कुमार जयमंगल और श्वेता सिंह ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली, जबकि पूर्णिमा साहू ने हाथ जोड़कर शपथ ली।

**नए और अनुभवी विधायकों की मिश्रित उपस्थिति**

इस बार विधानसभा में 21 नए चेहरे शामिल हुए हैं। इनमें रौशन लाल चौधरी, श्वेता सिंह, सुदीप गुड़िया, और अन्य पहली बार विधायक बने हैं। वहीं, 18 विधायक ऐसे हैं, जिन्होंने पूर्व में भी विधानसभा का अनुभव हासिल किया है। सबसे सीनियर विधायक स्टीफन मरांडी हैं, जो नौ बार विधानसभा का हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने पहली बार 1980 में चुनाव जीता था। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दीपक बिरुवा, और अन्य चार विधायकों ने चौथी बार जीत दर्ज की है।

**जयराम महतो का अनोखा अंदाज**

नवनिर्वाचित विधायक जयराम महतो ने सत्र में अनोखे अंदाज से प्रवेश किया। उन्होंने सबसे पहले धरती को प्रणाम किया और नंगे पांव सदन के अंदर गए। शपथ लेने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य वरिष्ठ विधायकों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। जयराम महतो के हाथ में एक लाल डायरी भी थी, जिसने सबका ध्यान खींचा। उन्होंने कहा, "यह डायरी मेरे लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मैं इसमें हर शपथ और वचन लिखूंगा।"

**सदन की कार्यवाही स्थगित**

शपथ ग्रहण प्रक्रिया पूरी होने के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। मंगलवार को प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी भी शपथ ग्रहण करेंगे। झारखंड विधानसभा का यह सत्र विधायकों की शपथ और विभिन्न भाषाओं की विविधता के लिए विशेष रूप से यादगार रहा।

# राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए जनपद के 10 प्रतिभागी चयनित

**स्वतंत्र प्रभात**

**फिरोजाबाद-** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, प्रयागराज के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग आगरा के तत्वाधान में संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ आर. पी. शर्मा के निर्देशन में 52 वीं बाल विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का मण्डल स्तरीय आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज, शाहगंज, आगरा में जिला विद्यालय निरीक्षक आगरा, प्रधानाचार्य मानवेन्द्र सिंह एवं नोडल अधिकारी डॉ निखिल जैन के संयोजन में किया गया।

जनपद फिरोजाबाद के नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य विषय समाज के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी है। इस प्रदर्शनी में सभी सात उपविषयों पर आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा एवं मैनपुरी के प्रतिभागियों ने विभिन्न मॉडल इलेक्ट्रिक पिलर करंट अलर्ट सिस्टम, स्मार्ट सिटी, किडनी मॉडल, सेफ्टी वॉच, वायु प्रदूषण, अम्ल वर्षा, नाईट स्ट्रीट लैम्प, कार्बन गन, लेज़र सेक्युरिटी डोर, पेरिस्कोप आदि प्रदर्शित किए गए थे। जिनका निर्णायक मण्डल द्वारा अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी के अंतिम दिवस पर डॉ निखिल जैन एवं श्रीमती नेहा अग्रवाल द्वारा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें जनपद फिरोजाबाद के 21 प्रतिभागियों ने अलग अलग वर्ग एवं विषय पर स्थान प्राप्त करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। जिसमें 10 ने प्रथम, 07 ने द्वितीय एवं 04 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में भोजन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में अमित तृतीय, यातायात एवं संचार में युवराज प्रथम, प्राकृतिक खेती में गुनगुन प्रथम, आपदा प्रबंधन में वासुदेव प्रथम, गणित एवं कंप्यूटेशनल सोच में सुशांत प्रताप सिंह एवं एकता ने तृतीय स्थान, कचरा प्रबंधन में आराध्या द्वितीय, प्रिंस उपाध्याय तृतीय एवं संसाधन प्रबंधन में साधना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में भोजन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में कु वर्षा द्वितीय, यातायात एवं संचार में मनीष द्वितीय, आपदा प्रबंधन में शौर्य सक्सेना द्वितीय, गणित एवं कंप्यूटेशनल सोच में सचिन तृतीय स्थान, कचरा प्रबंधन में कौशल प्रताप सिंह द्वितीय एवं नेहा तृतीय एवं संसाधन प्रबंधन में आयुष शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अध्यापक संवर्ग में भोजन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में सुमित कुमार सिंह प्रथम, प्राकृतिक खेती में सलमान वाहिद प्रथम, आपदा प्रबंधन में अश्वनी कुमार जैन प्रथम, गणित एवं कंप्यूटेशनल सोच में सृष्टि दुबे प्रथम, संसाधन प्रबंधन में नंदनी शर्मा प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जनपद के सभी प्रतिभागियों द्वारा मण्डल स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्रदान करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार एवं समस्त प्रधानाचार्य, श्रीमती मुदिता पाण्डे, नीरज कुमार जैन, राजकिशोर यादव, प्रशान्त जैन, हिमांशु भारद्वाज, राजकुमार सिंह, कमलेश शर्मा आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# समग्र शिक्षा (समेकित शिक्षा) के अन्तर्गत 84 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को निःशुल्क 135 उपकरण वितरित किए

**स्वतंत्र प्रभात**



**टूण्डला-** 09 दिसम्बर, 2024 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय के निर्देशन में समग्र शिक्षा (समेकित शिक्षा) के अन्तर्गत ब्लॉक संसाधन केन्द्र (रामलीला मैदान), टूण्डला में विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों हेतु निःशुल्क उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अनुराधा सिंह, न्यायक उपजिलाधिकारी टूण्डला व विधायक प्रतिनिध सागर ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जुलित व माल्यार्पण करके अपनी गरिमामई उपस्थिति से दिव्यांग बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए 84 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को उनकी आवष्यकता के अनुसार कुल 135 सहायक उपकरण-08 ट्राईसाईकिल, 22 व्हीलचेयर, 20 कैलीपर, 06 सी.पी. चेयर, 11 टी.एल.एम. किट, 48 हियरिंग ऐड, 2 ब्रेल किट, 2 सुगम्य केन, 16 रोलेटर वितरित किये गये। पूर्व में जनपद के दो विकास खण्ड शिकोहाबाद व टूण्डला में आयोजित उपकरण मापन शिविर के माध्यम से सहायक उपकरण हेतु भारतीय कृतिम अंग निर्माण निगम, कानपुर से आये विषेशज्ञ द्वारा उक्त 84 दिव्यांग बच्चों का परीक्षण करके उन्हें चिहिन्त किया गया था। उपकरण वितरण शिविर में खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अजय कुमार पाण्डेय, ए0आर0पी0 अमित कुमार, अनुज शुक्ला व अनिल कुमार, स्पेशल एजुकेटर्स संजीव कुमार, सच्चिदान्नद श्रीवास्तव व राकेश कुमार मिश्रा मुख्यरूप से उपस्थित रहे।

# चकबंदी कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों को डीएम ने दी चेतावनी, रोका वेतन

**स्वतंत्र प्रभात**



**चित्रकूट -** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सोमवार को चकबन्दी कार्यों की समीक्षा की। जिसमें जिलाधिकारी ने निदेशालय द्वारा चकबन्दी कार्यो के पर्यवेक्षण के लिए भेजे गये प्रारूप के माध्यम से समीक्षा की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक व उप संचालक चकबंदी राजेश प्रसाद व बंदोबस्त अधिकारी मनोहर लाल ने जिले में चल रहे चकबंदी कार्य एवं ग्राम चौपाल में आने वाले मामलों का ब्यौरा दिया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों की समीक्षा के दौरान पूछे गए सवालों का सही जवाब न देने पर एवं कार्य में संतोषजनक प्रगति न मिलने के कारण सहायक चकबन्दी अधिकारी लईक अहमद पर कार्रवाई के लिए चकबन्दी आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्राम चौपालों में आ रही चकबंदी मामलों की शिकायतों एवं मऊ तहसील के समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए सहायक चकबंदी अधिकारी लईक अहमद, सुरेन्द्र कुमार व जगरूप वर्मा को जमकर फटकार लगाई। साथ ही सहायक चकबन्दी अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव व कैलाशनाथ सिंह को कठोर चेतावनी दी। साथ ही भविष्य में चकबन्दी के कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने में चकबन्दी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उन्होंने जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा 20 में लक्षित ग्राम महरुछ के आकार पत्र 23 को त्रुटिपूर्ण तैयार करने पर चकबन्दी लेखपाल संजीत कुमार को निलम्बित करने के लिए बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को निर्देशित किया तथा चकबन्दी कार्यों में लापरवाही बरतने पर अमित सिंह, मोहित कुमार, अशोक कुमार का माह दिसम्बर का वेतन रोकने के आदेश दिए। जिलाधिकारी ने चकबन्दी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि चकबन्दी कार्य ससमय पूर्ण कराएं अन्यथा प्रतिकूल संज्ञान लेते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी। कहा कि निदेशालय की मंशानुरूप ग्राम में जन चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाए। इस मौके पर चकबन्दी अधिकारी, सहायक चकबन्दी अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# ब्राम्हण समाज का अपमान नहीं होगा बर्दास्त - विनीता द्विवेदी

**● - मीरा भारती की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हुआ प्रदर्शन**

**स्वतंत्र प्रभात**

**चित्रकूट।** यूपी के चित्रकूट में सोशल मीडिया (फेसबुक) प्लेटफार्म पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ दलित नेता एवं जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती द्वारा किए गए अमर्यादित पोस्ट पर विवाद गहराता जा रहा है । सोमवार को मीरा भारती की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ब्राम्हण समाज की दर्जनों महिलाओं ने वरिष्ठ भाजपा विनीता द्विवेदी और ममता तिवारी के नेतृत्व में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक चित्रकूट कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह को ज्ञापन देकर जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती को गिरफ्तार करने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री विनीता द्विवेदी ने कहा कि जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए सोशल मीडिया के फेसबुक प्लेटफॉर्म पर ब्राम्हण समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किया है। जिससे पूरा ब्राम्हण समाज आहत हुआ है। आरोप लगाया कि इस तरह की अभद्र टिप्पणी सोशल मीडिया प्लेटफार्म में वायरल करते हुए जिले में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का काम किया जा रहा है। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।वही मानता तिवारी ने कहा कि अगर ब्राम्हणों का अपमान करने वाली मीरा भारती के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो ब्राह्मण समाज चुप रहने वाला नहीं है। एसपी अरुण कुमार सिंह ने प्रदर्शनकारियों को इस मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।

# ममता के मन और है, जनता के मन और




हाल के आम चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगियों के दांत खट्टे करे वाले आईएनडीआईए गंठबंधन में भी खटास पैदा होती दिखाई दे रही है । संसद के शीत सत्र में इंडिया गठबंधन के घटक दल बिखरे -बिखरे नजर आ रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो सुश्री ममता बनर्जी के मन की बात तो ओठों तक आए ही गयी। वे विपक्षी गठबंधन को नेतृत्व देने के लिए लालायित है, कोई उनसे कह भर दे। देश में लगातार क्षीण हो रही कांग्रेस और चारों दिशाओं में बिखरे विपक्षी दलों को एकजुट करने में मिली कामयाबी एक साल में ही दम तोड़ती नजर आ रही है । विपक्षी एकता की धुरी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की क्षमताओं को लेकर सवाल खड़े किये जाने लगे है। इसका सीधा अर्थ है कि इंडिया गठबंधन के दलों में राहुल की नेतृत्व क्षमता पर यकीन कम हो रहा है। ऐसे में यदि राहुल ने अपने आपको न बदला तो आईएनडीआईए गठबंधन की नीति और नेता दोनों बदल सकते हैं। बदलाव की मांग बंगाल से भी उठती दिखाई दे रही है और महाराष्ट्र से भी।

आम चुनाव में मिली सफलता के बाद आईएनडीआईए गठबंधन के नेता हवा में उड़ने लगे थे,लेकिन पहले हरियाणा और जम्मू-कश्मीर और बाद में झारखण्ड और महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों के नतीजों ने विपक्षी गठबंधन की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। एक बार ये बात फिर प्रमाणित हो गयी कि सब कुछ होने के बावजूद आईएनडीआईए गतहबंधन के पास भाजपा को रोकने की कोई प्रभावी रणनीति नहीं है। वो आक्रामकता भी नहीं है जो भाजपा को सबक सीखा सके। भाजपा ने जिस तरह से हरियाणा में विपक्ष के सामने परोसी हुई सत्ता की थाली छीन ली उसी तरह से महाराष्ट्र में भी विपक्षी गठबंधन का सीराजा फैला दिया।

आईएनडीआईए गठबंधन ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस को भाव नहीं दिया ,तो बंगाल में ममता बनर्जी ने। पंजाब में आम आदमी पार्टी ने मिलकर चुनाव नहीं लड़ा तो बिहार में भी गठबंधन के प्रमुख दल आरजेडी को हार का मुंह देखना पड़ा। विधानसभा उपचुनावों के नतीजे आने के बाद संसद के शीत सत्र में भी विपक्षी एकता कमजोर ही नजर आई । अडानी मामले पर कांग्रेस के बहिर्गमन का साथ न तृमूकां ने दिया और न समाजवादी पार्टी ने। समाजवादी पार्टी के नेता ने तो यहां तक कह दिया कि राहुल गांधी कांग्रेस के नेता हैं हमारे नेता नहीं।

हाल के घटनाक्रम से इस बात के संकेत साफ मिल रहे हैं कि विपक्षी घटक दल राहुल के नेतृत्व में आगे का सफर तय करने के लिए तैयार नहीं है । बहुत से घटक दलों के लिए जिस आक्रामकता की दरकार विपक्ष को है वो तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी में दिखाई दे रही है। ?न सीपी के शरद पंवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले भी ममता के नेतृत्व को स्वीकार करने के मूड में नजर आ रहे है। महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में राहुल के साथ मिलाकर चुनाव लड़ी एनसीपी चुनाव नतीजों से नाखुश है। नाखुश तो शिव सेना -उद्धव गुट भी है। आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी के सुर पहले से ही बदले -बदले सुनाई दे रहे हैं।

इंडिया गठबंधन के नेतृत्व पर सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी चाहती है कि . गठबंधन जारी रहे और साथ मिलकर चुनाव लड़े। गठबंधन के नेता अभी खरगे साहब हैं। महाराष्ट्र में सपा के एमवीए छोड़ने पर उन्होंने कहा कि वहां के लोगों की ओर से जिस तरह के बयान दिए जा रहे हैं, वह नहीं दिए जाने चाहिए।महाराशिवसेना उद्धव ठाकरे गुट की ओर से छह दिसंबर के अयोध्या विध्वंस की घटना का समर्थन किए जाने को लेकर महा विकास अघाड़ी में हलचल बढ़ गई है। समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र प्रमुख और विधायक अबु आसिम आजमी ने गठबंधन के प्रमुख घटक शिवसेना (यूबीटी) के अयोध्या में 6 दिसंबर बाबरी विध्वंस की घटना का समर्थन किए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी में यह लोग कांग्रेस, एनसीपी और सपा के साथ आने के बाद कह रहे थे कि वह सेकुलर हो गए हैं।अबु आजमी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव रिजल्ट का जिक्र करते हुए कहा कि जब वे चुनाव हार गए तो फिर वही पुरानी बातें दोहराने लगे हैं। अगर ऐसा ही रहा तो महाविकास अघाड़ी आगे चल नहीं पाएगा।

भाजपा और प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी के प्रति लगातार हमलावर रहे पूर्व राजयपाल सत्यपाल मलिक भी राहुल गांधी के नेतृत्व से हताश नजर आ रहे हैं। मलिक ने भी राहुल के बजाय गतहबंधन के नेतृत्व के लिए ममता बनर्जी के नाम का समर्थन किया है। मलिक चाहते हैं कि इण्डिया गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी को नेतृत्व का मौका देना चाहिये । शरद पंवार भी दबी जुबान में ममता के नाम पर सहमत नजर आ रहे हैं। मुझे लगता है कि इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के तमाम घटक दल संसद का शीत सत्र समाप्त होते ही अंतिम फैसला ले लेंगे। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने अभी मौन साध रखा है।

विपक्षी खेमे में मन मुटाव भाजपा के लिए जीवनदान देने वाला हो सकता है ,किन्तु एक बात ये भी है कि ममता बनर्जी को राहुल गांधी की तरह पूरब से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक जन समर्थन मिलने वाला नहीं है। वे जुझारू हैं किन्तु उनकी कोई राष्ट्रीय अपील नहीं है। हिंदी पट्टी में तो छोड़िये दक्षिण में भी कोई उनके साथ आसानी से चलने को राजी हो जाएगा ,ये कहना कठिन है।ममता बनर्जी ने बंगाल में तो अभी तक भाजपा को पांव नहीं जमाने दिए हैं लेकिन वे पूरे देश को बंगाल की तरह भाजपा के लिए चुनौती में बदल देंगी ,इसमें मुझे संदेह है।जो भी है विपक्ष का बिखराव देश के लोकतंत्र की सेहत के लिहाज से ठीक नहीं है। देश के हिन्दूकरण को रोकने के लिए विपक्ष ने यदि दरियादिली से अपना नया नेता न चुना तो इसका बहुत बड़ी कीमत सभी को चुकाना होगी । कांग्रेस के लिए ये आत्मनिरीक्षण का सही समय है। उसे तय करना है कि वो सकल विपक्ष के दबाव में क्या राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर सकती है या उसे राहुल पर ही भविष्य की राजनीति करना है ?

आपको 4इस्व होगा कि एक जमाने में समाजवादी सियासत के झंडाबरदार मने जाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आम चुनाव से ठीक पहले इंडिया गठबंधन से जान छुड़ाकर भाजपा की शरणागत हो गए थे । जेपी आंदोलन कि पैदाइश नितीश कुमार को प्रधानमंत्री के सामने दंडवत करते हुए पूरे देश ने देखा है । जाहिर है कि वे अब भाजपा के लिए कोई चुनौती नहीं रहे । शरद पंवार भी उम्रदराज हो चुके है। अखिलेश यादव अभी भी उत्तर प्रदेश में उलझे है।एक राहुल गांधी हैं जिन्होंने पूरा देश पैदल नापा है। उनके सामने पहचान का कोई संकट नहीं है । उनका असल संकट अपने नेतृत्व को प्रामाणिक न बना पाने का है। ये चुनौती कांग्रेस कि भी है कि वो राहुल के पीछे चले या और कोई नेता तलाश ले ? नेतृत्व के संकट से भाजपा को छोड़ आज सभी दल जूझ रहे हैं। जनता के मन में कौन है ये जानने की कोशिश कोई नहीं कर रहा ।

**राकेश अचल**

# मुख्यमंत्री के रूप में डॉ. मोहन यादव का एक साल...

### चाणक्य बने या चुनौतियों से घिरे

समय, काल, परिस्थिति पर किसी का वश नहीं चलता, ठीक एक साल पहले यानि दिसंबर के शुरूआती दिनों में मध्य प्रदेश की राजनीति में शिवराज सिंह चौहान सबसे बड़ा नाम हुआ करते थे मध्यप्रदेश की पूरी राजनीति उनके आसपास ही सिमटी हुई थी, लेकिन उसी दिसंबर में वक्त बदला भाजपा के विधायक दल की बैठक शुरू होने से पहले मोहन यादव पांचवी पंक्ति में बैठे थे, चंद मिनट बाद वे प्रथम पंक्ति के सबसे अहम किरदार हो गए। इस वक्त मध्य प्रदेश भाजपा की राजनीति में शिवराज सिंह चौहान के कद के समान कोई दूसरा नेता नहीं था। मुख्यमंत्री की दौड़ में शिवराज सिंह चौहान के साथ कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल जैसे दिग्गजों के नाम थे। इन सबके बावजूद मोहन यादव को मुख्यमंत्री का ताज दिया गया। मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनते ही उनके सामने कई चुनौतियां थी। जिसमें सबसे पहली चुनौती अपने काम के बल पर सफलता की नई कहानी लिखने की थी। तो दूसरी तरफ चाणक्य बनकर राजनीति की आड़ी तिरछी चालों से मुकाबला करना था।

अब इस दिसंबर में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इस पद पर बने हुए एक साल हो रहा है। इस एक साल में उनके खाते में उपलब्धियां खूब आई तो राजनीति की चालों में वे विरोधियों के साथ साथ अपनों के निशाने पर भी रहे और उनके वार भी झेलते रहे। वहीं अपनी कूटनीति और रणनीति से वे प्रदेश भाजपा के कई मजबूत नेताओं को एक निश्चित दायरे में सीमित करने में भी सफल रहे। विरोधाभास यह भी कि कई फैसलों में दिल्ली ताकतवर नजर आई तो कई फैसलों में अफसरशाही हावी दिखाई दी। डॉ. मोहन यादव ने जब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, तब उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती मध्य प्रदेश भाजपा के ताकतवर नेताओं के कद्दावर कद के बीच में स्वयं को स्थापित करने की थी।

सबसे पहले उनके सामने चुनौती तब आई जब उनके मंत्रिमंडल में कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल जैसे राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय मध्य प्रदेश के दिग्गज और वरिष्ठ नेताओं को मंत्री बना दिया गया। इनके साथ ही प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रहे राकेश सिंह को भी मंत्रिमंडल में जगह दे दी गई। हालांकि भाजपा में यह परम्परा नई नहीं थी, बाबूलाल गौर को मुख्यमंत्री पद से हटाकर उन्हें शिवराज सिंह चौहान के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था । इसी तरह पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी भी सुंदरलाल पटवा के मंत्रिमंडल में शामिल हुए। मंत्रिमंडल के गठन के पहले ही दिन से इस चुनौती से मोहन यादव जूझते रहे। हालांकि कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, राकेश सिंह ने भी मुख्यमंत्री का साथ दिया और उनके कदम से कदम मिलाकर निर्णयों का स्वागत किया। इन परिस्थितियों में मुख्यमंत्री इस चुनौती से वे उभरते दिखाई दे रहे थे लेकिन राजनीति सदैव परिवर्तन शील ही रहती है यह तब दिखाई दिया जब दिसंबर में हुई कैबिनेट की बैठक में कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल ने सड़कों को लेकर आए प्रस्ताव पर आपत्ति जता दी। यानि दिग्गजों की इस चुनौती से मोहन यादव पूरी तरह से उभर नहीं सकें हैं।

### सिमटते शिवराज सिंह

इधर मुख्यमंत्री बनने के बाद महज 6 महीने बाद ही शिवराज सिंह चौहान विदिशा लोकसभा सीट से सांसद बनकर दिल्ली चले गए। वे वहां केंद्रीय कृषि मंत्री बन गए। शिवराज सिंह चौहान का दिल्ली जाना मुख्यमंत्री मोहन यादव के लिए सुखद रहा। दरअसल शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री के रूप में मध्य प्रदेश में खासी लोकप्रियता हासिल कर ली थी। वे महिलाओं के भाई और मामा बन चुके थे। युवाओं में भी उनका क्रेज कम नहीं था। ऐसे में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को शिवराज सिंह चौहान के नाम और लोकप्रियता के आगे स्वयं को स्थापित करना भी कम चुनौती भरा नहीं था। शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं प्रदेश में लागू की। जिसमें लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना ने उन्हें लोकप्रियता के शिखर तक पहुंचा दिया। मुख्यमंत्री रहते हुए शिवराज सिंह चौहान पूरे प्रदेश में सक्रिय थे। मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद जब चौहान केंद्रीय मंत्री बने तो मध्यप्रदेश में वे केवल विदिशा-रायसेन-सीहोर और देवास जिले तक यानि अपने लोकसभा क्षेत्र तक ही सिमट गए हैं। वैसे केंद्रीय कृषि मंत्री के रुप में शिवराज सिंह मध्य प्रदेश के बाहर दूसरे राज्यों में अब खासे सक्रिय हो गए हैं।



### संगठन में भी सफल रहे यादव

डॉ. मोहन यादव ने जब मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी तब संगठन में उनके समर्थकों की संख्या कम थी, उस वक्त संगठन के अधिकांश नेता शिवराज सिंह चौहान की ताारीफों के कसीदे गढ़ते थे लेकिन अब इनमें से अधिकांश नेता मोहन यादव के समर्थक हो गए हैं। इस मामले में वे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा से ज्यादा मजबूत माने जाने लगे हैं। संगठन के पदाधिकारी मोहन यादव के निर्णयों का खासा प्रचार कर, उनकी लोकप्रियता बढ़ाने में जुटे हुए हैं। इस काम में लगभग पूरा संगठन मुख्यमंत्री के साथ कदम ताल करने लगा है। हालांकि केंद्रीय योजनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम-काज का प्रचार करने में ये पदाधिकारी उतने सक्रिय नहीं हैं, जितने डॉ. मोहन यादव की योजनाओं और कामकाज का प्रचार-प्रसार और तारीफ करते हैं।

### अफसरों पर कभी भारी तो कभी कमजोर

मुख्यमंत्री बनने के बाद मोहन यादव के तेवर देख कर अफसर भी दंग थे। शाजापुर जिले के तत्कालीन कलेक्टर किशोर कान्याल ने एक ड्राइवर को अपमानित कर दिया, इस पर मुख्यमंत्री ने उनका तबादला कर दिया। ऐसे ही कई उदहारण उन्होंने अफसरशाही में प्रस्तुत किए। इसी दौरान उन्होंने ऐसे अफसरों को फील्ड से हटाया जो लंबे समय से फील्ड में पदस्थ थे। इससे कई ऐसे अफसरों को मौका मिला जो कुछ वर्षो से उपेक्षा का शिकार सा महसूस कर रहे थे। इसी बीच उन्होंने मुख्यमंत्री सचिवालय में अफसरों की पदस्थापना की। इन्हीं में से एक अफसर को मुख्य सचिव बनाए जाने की चर्चा होने लगी थी, लेकिन मुख्य सचिव का फैसला दिल्ली से ही तय हुआ माना गया। वहीं इसी दौरान उन्होंने किशोर कान्याल को श्योपुर जिले का फिर से कलेक्टर बना दिया, यानि उनके तेवर कान्याल को लेकर क्यों नरम हुए, यह सवाल खड़ा हो गया। दूसरी ओर पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति में मोहन यादव ने अपनी ताकत का अहसास करवाया और अपनी पसंद के कैलाश मकवाना को यहां पर पदस्थ किया। इसके साथ साथ चर्चाएं तो यह भी हैं कि अफसर मुख्यमंत्री के आदेशों में जमकर अडंगे लगा रहे हैं और मुख्यमंत्री के सैकड़ों आदेशों को दबा दिया गया है।

### उम्मीदें जो बाकी हैं

कुल मिलाकर मुख्यमंत्री के रूप में डॉ. यादव का एक साल अच्छे से बीत गया, अब आने वाले वर्षो में उनसे सबसे ज्यादा उम्मीद उन लाड़ली बहनों को होगी, जिन्हें पिछले साल से ही हर महीने 1250 रुपए मिल रहे हैं। यह राशि तीन हजार रुपए तक ले जाने का भाजपा का वादा है। अब इस राशि में कब बढ़ोतरी होती है, इस उम्मीद में प्रदेश में सवा करोड़ से ज्यादा महिलाएं हैं। वहीं मध्य प्रदेश में इन दिनों रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हो रहे हैं। इसमें आने वाले निवेश का भी लोगों को इंतजार है, बेरोजगारों को रोजगार का इंतजार है। राज्य पर बढ़ते कर्ज के बोझ से कैसे छुटकारा मिलेगा इसका भी लोगों को इंतजार है। कुल मिलाकर एक साल में डॉ. मोहन यादव प्रदेश में चुनौतियों से लगभग उभर चुके हैं और मजबूती से स्थापित हो गए हैं, अब दूसरा साल उनका शुरू होने जा रहा है। केंद्रीय नेताओं और केंद्रीय सरकार से भरपूर सहयोग मिलने से यह उम्मीद की जा सकती है कि मुख्यमंत्री का दूसरा साल पहले साल से बेहतर साबित होगा और उनके कार्यकाल में मध्यप्रदेश के नागरिकों का जीवन सुख,समृद्धि और खुशहाली से भरपूर रहेगा।

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

**संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो0: 7499472288**

E-Mail: news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संपादकीय

# सरल एवं संवेदनशील भाषा के रूप में हिंदी को वैश्विक मान्यता

### (भविष्य की वैश्विक भाषा हिंदी होगी)

हिंदी भाषा करोड़ों भारतीय के दिलों में बसी हुई भाषा है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है ÷राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है÷ हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं जैसे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलतः बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है। यह अलग बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया की एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा है। भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है। हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा "हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया" यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 45 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों,शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था। और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है। हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। आज हिंदी भाषा का कंप्यूटर,इंटरनेट ई बुक, सोशल मीडिया, विज्ञापन, टेलीविजन रेडियो आदि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जा रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या विदेशी व्यापारियों के लिए एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। यही कारण है कि विदेशी कंपनियां अपने सभी विज्ञापनों एवं सामानों में हिंदी भाषा का उपयोग कर भारतीय जनमानस को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करना चाहती है।यही वजह है कि हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी इसी माध्यम से हो रहा है। विदेशों में भारतीय फिल्मों ने भी हिंदी का बड़ा और वृहद प्रचार प्रसार किया है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, रूस मैं निवासरत भारतीय लोग हिंदी के प्रचार में निरंतर लगे हुए हैं। वहां हिंदी बोली तथा समझी जाती है। एनी बेसेंट ने सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह है हिंदी, जो हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर हिंदी बोलने वाला से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भी अपने सामानों को बेचने के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करना पड़ रहा है। भारत में कुछ काले अंग्रेज लोग जो सिर्फ महानगरों में अंग्रेजी को ही महत्त्व देते हैं, उन्हें इस बात को समझ जाना चाहिए की भविष्य में हिंदी का भविष्य वैश्विक स्तर पर उज्जवल है। और उन्हें हिंदी भाषा बोलने में शर्म नहीं आनी चाहिए। अंग्रेजी भाषा एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है वह जरूर बड़ी कंपनियों मैं विदेश में नौकरी दिलाने का माध्यम बन सकती है, पर हिंदी देश का गौरव और नागरिकों की आत्माओं में बसी एक पवित्र धारा है ।अंग्रेजी भाषा रोजगार मूलक जरूर हो सकती है, पर केवल इसी कारण हिंदी की अवहेलना और उपेक्षा किसी भी स्तर पर तर्कसंगत नहीं है। भारतीयों को हिंदी के आत्म गौरव को विस्मृत नहीं करना चाहिए। हिंदी देश को भावनात्मक एकता के सूत्र में बांधे में सक्षम भारत की एकमात्र सशक्त भाषा है। हिंदी की गहराई तथा विशालता किसी बात से इंगित होती है कि भारतीय ग्रंथों और बड़े मूर्धन्य लेखकों की किताबों का अनुवाद विश्व की अनेक भाषाओं में किया गया है । और हिंदी की रामायण गीता रामचरितमानस वैश्विक स्तर पर पढ़ी जाती है। इसे राष्ट्रभाषा बनाकर शीर्ष में सम्मान देने की आवश्यकता है। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने हिंदी की प्रगति के लिए कुछ पंक्तियां कही है जो आज भी उल्लेखनीय है, निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल, बृज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को शूल। जय हिंदी जय हिंदुस्तान हिंदी भाषा अमर रहे।

**संजीव ठाकुर**

# सीरिया में शांति का दौर लौटना आसान नहीं है!



**विश्व पटल पर साल का आखिरी महीना की बदलाव दे रहा है इसकी शुरुआत में ही सीरिया में तख्तापलट हो गया है. राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर रूस भाग गए हैं. लेकिन आखिर ये सब कैसे हुआ? इसके लिए कौन जिम्मेदार है और क्यों बशर अल-असद देश छोड़ने को मजबूर हुए. ये सब जानना जरूरी है. दरअसल, 2011 में भी सीरियाई नागरिकों ने राष्ट्रपति बशर अल-असद की सत्ता से हटाने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किए थे. लेकिन तब असद ने इसका जवाब क्रूरता से दिया था. जिससे एक गृहयुद्ध शुरू हुआ, जिसमें 5 लाख से अधिक लोगों की जान गई. 13 साल बाद 8 दिसंबर को असद देश छोड़कर भाग गए और विपक्षी लड़ाकों ने सत्ता अपने हाथों में ले ली. लेकिन असलियत यह है कि कब्जे के बाद भी विद्रोहियों के लिए भी देश चलाना मुश्किल है।**

करीब आठ साल तक सीरिया के गृहयुद्ध में मोर्चे स्थिर रहे, जहां असद की सरकार रूस और ईरान के समर्थन से देश के सबसे बड़े हिस्से पर राज कर रही थी, जबकि विभिन्न विपक्षी समूह उत्तर और पश्चिम में क्षेत्रों पर नियंत्रण बनाए हुए थे. लेकिन 27 नवंबर को कहानी बदल गई जब हयात तहरीर अल-शाम नामक इस्लामिक समूह, जो पिछले पांच सालों से इडलीब प्रांत पर शासन कर रहा था उसने 13 गांवों पर कब्जा कर लिया. कुछ ही दिनों में, उन्होंने सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो, हमा, होम्स पर कब्जा किया और आखिरकार राजधानी दमिश्क पर भी कब्जा जमा लिया.

सीरिया के उत्तर-पश्चिम में इस्लामी आतंकवादियों ने पिछले हफ्ते राष्ट्रपति बशर अल-असद की सेना के खिलाफ एक आश्चर्यजनक हमला किया और नाटकीय रूप से क्षेत्रीय लाभ हासिल किया। सीरियाई गृह युद्ध, जो 2011 में अरब स्प्रिंग से प्रेरित सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच शुरू हुआ था, 2016 के अंत में एक स्थिर चरण में प्रवेश कर गया था, जब सरकार ने अपने अधिकांश खोए हुए क्षेत्रों पर फिर से कब्जा कर लिया था।

2015 में, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा सीरिया में सेना भेजने का फैसला करने से पहले, असद शासन पतन के कगार पर था। दमिश्क और अलावी-प्रभुत्व वाले तटीय शहरों को छोड़कर, उसने अधिकांश आबादी वाले शहरों को खो दिया था। फ्री सीरियन आर्मी, जबात अल-नुसरा (अल- कायदा की सीरिया शाखा) और इस्लामिक स्टेट (आई.एस.) के रूप में कई विद्रोही और जिहादी गुट थे।

रूसी हस्तक्षेप ने गृह युद्ध को पलटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जबकि अमरीका द्वारा समर्थित कुर्द मिलिशिया ने पूर्व में और कुर्द सीमावर्ती शहरों में आई.एस. से लड़ाई लड़ी, वहीं डुओसिया ईरान और हिजबुल्लाह द्वारा समर्थित सीरियाई सेना ने अन्य देशों से लड़ाई लड़ी। आज सीरिया में तीन मुख्य किरदार हैं। सबसे महत्वपूर्ण असद सरकार है, जिसे ईरान, ईराक और रूस के शिया मिलिशिया का समर्थन प्राप्त है। दूसरा ' खिलाड़ी' सीरियन डैमोक्रेटिक फोर्सेस (एस.डी.एफ.) है, जो मूल रूप से पीपुल्स प्रोटैक्शन फोर्सेस (वाई.पी.जी.) से जुड़ा एक प्रमुख मिलिशिया समूह है, जो सीरियाई कुर्दिस्तान (रोजावा) को नियंत्रित करने वाला मुख्य सीरियाई कुर्द मिलिशिया है। तीसरा 'खिलाड़ी' हयात तहरीर अल-शाम (एच.टी.एस.) है, जो मुख्य सरकार विरोधी बल है जो इदलिब पर नियंत्रण रखता है। आज इसे सीरियन नैशनल आर्मी (एस.एन.ए.) कहा जाता है। एच.टी.एस. का नेतृत्व 42 वर्षीय

सीरियाई आतंकवादी अबू मोहम्मद अल-जौलानी कर रहा है। जौलानी 20 साल की उम्र में ईराक में अमरीकी कब्जे (2003) से लड़ने के लिए ईराक चला गया था और अल-कायदा में शामिल हो गया था। जब ईराक में अल-कायदा की कमान अबू बकर अल बगदादी के हाथों में थी, तो जौलानी उसके करीबी लैफ्टिनैंटों में से एक के रूप में उभरा। जब दुनिया का ध्यान सीरिया की ओर गया, तो जौलानी ने इदलिब में अपना साम्राज्य धीरे-धीरे बढ़ाया। इस्लामिक स्टेट हार गया और बगदादी मारा गया। जौलानी ने सबसे पहले अल-नुसरा फ्रंट का नाम बदलकर जबात फतेह अल-शाम कर दिया। बाद में, नाम बदलकर फिर से हयात तहरीर अल-शाम कर दिया। जौलानी एक यू.एस. द्वारा नामित आतंकवादी है।जौलानी ने हमेशा कहा था कि असद शासन को गिराना उसके उद्देश्यों में से एक था। रूस ने 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन से युद्ध शुरू किया। मॉस्को आज चल रहे युद्ध में व्यस्त है, और उसने सीरिया से हजारों सैनिकों को वापस भी बुला लिया है। पिछले एक साल में, सीरिया में इसराईली हवाई हमलों में कई वरिष्ठ ईरानी जनरल मारे गए। पिछले कई वर्षों में सीरिया में इसराईल के बार-बार हवाई हमलों ने ईरानी सेना को काफी हद तक कमजोर कर दिया है।

ईरान, हिजबुल्लाह और रूस के प्रत्यक्ष समर्थन के बिना, सीरिया के सैनिक असुरक्षित थे। 2016 में अलेप्पो पर फिर से कब्जा करने में असद को चार साल लग गए परन्तु एच.टी. एस. के हाथों उसे खोने में उसे सिर्फ चार दिन सन के लिए एक शर्मनाक झटका है। यह शासन

देश के अन्य हिस्सों में विद्रोही समूहों ने सरकारी ठिकानों पर हमला करना शुरू कर दिया, खासकर दक्षिण में। दमिश्क में हिंसा के बीच चौक चौराहों पर आजादी के नारे लग रहे हैं। विद्रोहियों ने कहा है कि÷ यह 50 वर्षों के उत्पीड़न और 13 साल के अपराध, अत्याचार और विस्थापन का अंत है÷। असद देश छोड़ कर भाग चुके हैं। लेकिन असद को खारिज करना जल्दबाजी होगी, जो एक बार वर्षों तक चले गृह युद्ध से बच गए थे। ऐसा लगता है कि सीरिया रक्तपात के एक और लंबे दौर में फंसता चला जा रहा है।भविष्य में भी स्थिरता और शांति स्थापन की कोई गारंटी नहीं है यह विश्व भर के ज्यादातर इस्लामिक देशों की समस्या है कि वहां लगातार खून खराबा और आतंक की अवधारणा पोषित की जाती रही है ऐसा भविष्य में भी बना रहने की पूरी गुंजाइश है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# संक्षिप्त ख़बरें

## नि:शुल्क रोजगार मेले का आयोजन आज

**देवरिया।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय एवं माडल कैरियर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय नि:शुल्क रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय, जी0आई0टी0आई0 कैम्पस, देवरिया में 10 बजे से शुरू होगा। मेले में विभिन्न कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जो योग्य और इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी विभिन्न कंपनियों और पदों के लिए आवेदन करने हेतु रोजगार संगम पोर्टल (rojgaarsangam.up.gov.in) या एनसीएस पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि पर साक्षात्कार के लिए उपस्थित हों।

## पूर्व नपा अध्यक्ष की पत्नी का हुआ स्वर्गवास, आयोजित हुई शोक सभा

**रुद्रपुर,देवरिया।** पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष स्व फौजदार शर्मा की पत्नी कल्पा देवी का स्वर्गवास 27 नवंबर दिन बुधवार को हो गया। ब्रह्मभोज 12 दिसंबर दिन बुधवार शाम 5 बजे आदर्श चौराहा स्थित शर्मा मैरिज हॉल में आयोजित है, जिसकी सूचना प्रदेश सचिव पिछड़ा प्रकोष्ठ समाजवादी पार्टी के नेता वीरेंद्र शर्मा ने दी है। इस दौरान एक शोक सभा का आयोजन हुआ जिसमें दिवंगत आत्मा को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। शर्मा ने बताया कि कितनी रातें और कितने दिन बीत गए नहीं बीता बचपन का मां का दुलारा हुआ वह पल। गुजरा हुआ कल और वह पल हमेशा मुझे याद रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारी मां कृपा देवी के भोज में आप सभी आमंत्रित हैं।

## मनचलों के विरुद्ध जागरुक सशक्त नारी का चला अभियान

**देवरिया।** महिलाओं को सहन करना नहीं, बल्कि छेड़छाड़, ईव टीजिंग, कार्य स्थल पर सेक्सुअल हरासमेंट आदि का डटकर सामना करना, घरेलू हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न, पॉक्सो और बाल विवाह जैसे मुद्दों, महिला, बालिकाओं में सुरक्षा और वैचारिक परिवर्तन एवं सतर्कता बरतने व साइबर अपराधों से बचने के लिए मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता का कार्यक्रम किया गया। रामपुर कारखाना थाने में मिशन शक्ति टीम महिला उपनिरीक्षक अन्तिमा मौर्या, प्रगति यादव व प्रमिला ने ग्राम विद्यालय में जाकर छात्र/छात्राओं व वहां उपस्थित विद्यालय के स्टाफ को मिशन शक्ति अभियान के तहत कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग कर झूठे अभियोग दर्ज कराने एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का सतर्कता एवं सावधानी से प्रयोग किये जाने एवं किसी अपराध का बोध होने पर बिना संकोच स्थानीय थाना पर शिकायत करने से सम्बन्धित बिन्दुओं की जानकारी दी गई।

## पांच दिन तक 6 घण्टे रहेगी बिजली आपूर्ति बाधित

**महराजगंज (जौनपुर)**– क्षेत्र के विधुत उपकेंद्र भटपुरा से संचालित 33 केवी जर्जर तार व पोल बदलने का कार्य मंगलवार से किया जाएगा।इस दौरान सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक 10 दिसम्बर से 14 दिसंबर तक बाधित रहेगी।उक्त सम्बंध की जानकारी जेई आशीष यादव ने दी।

## एसपी ने किया नवनिर्मित पुलिस चौकी का शुभारम्भ



**चित्रकूट** –पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए सोमवार को नव सृजित पुलिस चौकी मण्डी समिति का फीता काटकर उद्घाटन किया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि गल्ला मंडी एवं इसके आस-पास के क्षेत्र में अराजकतत्व अराजकता न फैला सके, लोगों का आवागमन बाधित न हो एवं व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े इसके लिए पुलिस चौकी बनायी गयी है। इस क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता आम जनमानस में सुरक्षा का भाव पैदा करेगी एवं व्यापारी सुरक्षित वातावरण में अपना व्यापार संपन्न कर सकेगें। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी लाइन्स/कार्यालय अरविन्द्र कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल, थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह, चौकी प्रभारी मण्डी समिति श्यामदेव सिंह, पीआरओ प्रवीण सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री व्यापार संघ शानू गुप्ता, जिलाध्यक्ष उप्र उद्योग व्यापार मंडल राजीव कुमार, प्रदेश सचिव व्यापार मण्डल ओम केशरवानी सहित आदि मौजूद रहे।

# योजना से दिव्यांग बच्चों को बड़ी राहत मिलेगी- स्वेता

**● दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित**



स्वतंत्र प्रभात

**बरहज,देवरिया।** बीआरसी बरहज में दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 90 दिव्यांग बच्चों को 125 सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें 11 ट्राई साइकिल, 14 व्हील चेयर, 19 कैलीपर, 12 रोलेटर, 4 वॉकिंग स्टिक, 10 सीपी चेयर, 5 स्मार्ट केन, 5 ब्रेल किट, 23 एमआर किट और 22 श्रवण यंत्र शामिल हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विभाग की इस योजना से दिव्यांग बच्चों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे न केवल उनकी विद्यालय आने-जाने की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि वे आत्मनिर्भर भी बनेंगे।

शिविर में उपस्थित जिला समन्वयक ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद में कुल 4505 दिव्यांग बच्चों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से 4498 बच्चे परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत हैं। इन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए जिले में 52 विशेष शिक्षक और एक फिजियोथेरेपिस्ट कार्यरत हैं, जो नियमित रूप से शैक्षिक और शारीरिक सहायता प्रदान कर रहे हैं। शिविर का उद्देश्य उन बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना है, जिन्हें विद्यालय आने-जाने, देखने या सुनने में कठिनाई हो रही थी। इन उपकरणों के उपयोग से अब ये बच्चे विद्यालय जाने में सक्षम होंगे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बरहज अंगद यादव, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा ज्ञानेंद्र सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर सिंह और विशेष शिक्षक संतोष पाण्डेय, ओंकार पाण्डेय, विजय कुमार पाण्डेय, परमात्मा सिंह, रामप्रसाद पाठक, मणिन्द्र सिंह, रामनयन यादव, करमचन्द्र और विनोद कुमार ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# विश्व विजेता ब्रह्मदेव मिश्रा की मनाई गई 49वीं पुण्यतिथि



स्वतंत्र प्रभात

**गोरखूपुर** – खजनी में विश्व विजेता दारा सिंह को पटखनी देने वाले प्रसिद्ध पहलवान स्वर्गीय ब्रह्मदेव मिश्र की 49वीं पुण्यतिथि सोमवार को रुद्रपुर खजनी में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अखाड़ा संचालक गिरवर मिश्र की अध्यक्षता में एक दंगल का आयोजन किया गया।दंगल में कई पहलवानों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान ब्रह्मदेव मिश्र की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। श्री मिश्र ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और साहस का होना बहुत जरूरी है। हमें चुनौतियों का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। दंगल में विजेता अन्कुश सखरूआ ने मनोहर नगवा ,आसू सखरूआ ने सतीश नगवा,रिन्कू जाखा ने रोहित सरया को पटखनी दी।

**बराबरी पर रही कुश्तियां**

अमन पल्हीपार और रतन रूद्रपुर ,राज नगवा और सत्यबीर बेलडाड ,सनी धुसवापार और सोनू सोहरा, सौरभ केवटली औरआदित्य गहना ,गोपाल भरवलिया और भेद उसरापार की जोड़ बराबरी में हुई ।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक मौत



चन्दवक थाना क्षेत्र बरइछा मोढइला मे एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों मे जहर खाने से मौत हो गयी सूचना पर पहुंची चन्दवक पुलिस शव को कब्जे मे लेकर जांच पड़ताल मे जुट गयी परिजनों के अनुसार राजधनी उम्र लगभग 43वर्ष व उनकी पत्नी बीच किसी मामले को लेकर विवाद हो गया था वही नाराज होकर उनकी पत्नीअपने माइके चलीगयी इधर राजधनी राम जहरीला प्रदार्थ खा लिया जब हालत उसकी बिगड़ने लगी तो उनकी लड़की जब उनके पास खाना लेकर गयी तो पिता की बिगड़ी हालत देख इलाज के लिए सामुदायिक केंद्र बिरिबारी ले गयी जहा डाक्टरो ने उसे मृतक घोषित कर दिया वही सूचना पर पहुंची112 व चंदवक पुलिस शव को कब्जे मे लेकर अग्रिम कार्यवाही मे जुटी रही।

# पुण्यतिथि पर गरीबों में किया गया कम्बल वितरण

स्वतंत्र प्रभात

**बरहज (देवरिया)।** बाबा राघवदास भगवानदास स्नाकोत्तर महाविद्यालय आश्रम बरहज के भूगोल विभाग के पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ओमप्रकाश शुक्ल की माता स्व.श्रीमती श्यामा शुक्ला की चौथी पुण्यतिथि उनके नन्दना वार्ड आवास पर मना कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर गरीबो मे कम्बल वितरण किया गया। इस अवसर पर अपने उदबोधन मे प्रो. ओमप्रकाश शुक्ल ने अपनी माँ के साथ जुड़े लबे संस्मरणों को सुनाते हुए कहा की मेरी माँ सादगी की प्रतिमूर्ति थी। दीन -दु:खियो की सेवा करना उनका धर्म था। माँ एक शिशु को जन्म ही नहीं देती वल्कि उनका लालन - पालन और जीवन सवारती है। मातृत्व का फ़र्ज निभाते हुए कई बार महिला अपने अस्तित्व को भूल जाती है। वह अपने पसंद ना पसंद को भूल बच्चे को सभालने और स्नेह देने मे ब्यस्त हो जाती है। बच्चे के लिए धरती पर माँ ही भगवान होती है, पर बच्चा हर दिन माँ को उसके स्नेह के लिए आभार नहीं दे पाता। माँ प्रकृति की तरह होती है वह देने वाली और क्षमा करने वाली होती है। माँ हमारी पहली गुरु और जीवन की सबसे बड़ा सहारा होती है। कार्यक्रम को सबोधित करते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विवेकानंद उपाध्याय ने कहा कि माँ हमारे जीवन की सबसे पहनी शिक्षक होती है। लियोनर्डो डीकैप्रिया ने कहा था की "उनकी माँ एक जीता जागता चमत्कार है "उसी तरह हम सबकी माँ भी सेल्फलेस लव कि प्रतिमूर्ति है माँ का स्नेह उसकी देख भाल और उनकी सीखे हमें जीवन भर के लिए मार्गदर्शन देती है। इस अवसर पर डॉ उपाध्याय ने स्व. श्यामा देवी से जुड़े संस्मरणों को सुनाया।

कार्यक्रम को अध्यापिका डॉ. सिंधु यादव, श्रीमती अलका पाण्डेय, सरस त्रिपाठी, कुमारी चांदनी विश्वकर्मा, आरवी आदि ने अपने विचार रख श्रद्धांजलि अर्पित की इस दौरान डॉ.ओमप्रकाश शुक्ल ने गरीबो को कम्बल वितरण किया। इसके पूर्व स्व. श्यामा शुक्ला के चित्र पट पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओ. पी. शुक्ल ने किया।

## ट्रैक्टर ट्राली पलटी दबकर चालक घायल



**अलीगढ़।** थाना अकराबाद क्षेत्र में नानऊ पिलखना रोड पर उकावली रजबहा के पास सोमवार को अचानक एक ट्रैक्टर ट्राली सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। जिससे चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया। हादसे की जानकारी पर आसपास के तमाम लोगों के साथ पीआरबी कर्मीयों ने मौके पर पहुंच कर घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। पुलिस के अनुसार गांव उकावली निवासी महीपाल पुत्र धर्मपाल सिंह सोमवार को किसी भट्टे पर अपने ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी डालकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान शाम समय करीब पांच बजे नानऊ पिलखना रोड पर उकावली रजबहा पुलिया के पास अचानक ट्रैक्टर ट्राली सड़क किनारे खंदी में पलट गया। जिससे ट्रैक्टर चालक घायल होकर उसके नीचे फंस गया। घटना होते ही आसपास खेतों में काम कर रहे तमाम किसान मौके पर पहुंच गए। तथा लोगों से घटना की सूचना 112 नं पर दी। सूचना पाकर पीआरबी कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल चालक को ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर के नीचे से निकाल कर पीआरबी की गाड़ी से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से डाक्टरों ने घायल को जिला अस्पताल रैफर कर दिया है।

# झोला छाप पशु चिकित्सको के दवा से भेंट चढ़ गई चार दर्जन भेड़ें, पशु पालक हुए हताश मचा हड़कम्प

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर**– जनपद के गोला थाना क्षेत्र के परसा उर्फ अगलहवा और ऊंचगांव में एक पशु चिकित्सक द्वारा दी गई दवा से करीब चार दर्जन भेड़ें मर गई हैं। पशु पालकों का आरोप है कि दवा पिलाने के बाद से ही भेड़ें तड़प-तड़प कर मरने लगीं। जानवरो की हाल देख पशु पालकों में हड़कंप मच गया । मामला गोरखपुर जनपद के दक्षिणांचल क्षेत्र गोला बाजार के ऊंचागांव अमलहवा का है जहां भेंड़ पालक चंद्रभान ने बताया कि उन्होंने अपनी डेढ़ सौ भेड़ों को पशु चिकित्सक को दिखाया था। चिकित्सक ने सभी भेड़ों को पिलाने के लिए तरल दवा दी थी, जिसके बाद से उनकी भेड़ें मरने लगीं। इसी तरह, ऊंचगांव के राजाराम ने भी बताया कि उन्होंने अपनी भेड़ों को दवा पिलाने के बाद 24 भेड़ें खो दी हैं और 13 की हालत गंभीर है। मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सक डॉ. बीएन त्रिपाठी ने बताया कि जो पशु जीवित हैं उनका इलाज किया जा रहा है और मृत भेड़ों के मौत की वजहों की जांच की जा रही है। भेंड़ पालकों ने थाने में तहरीर देकर जांच की मांग की है। थानाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा ने बताया कि मामले में चिकित्सक से पत्राचार किया गया है और पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। घटना- एक पशु चिकित्सक द्वारा दी गई दवा से करीब चार दर्जन भेड़ें भेंट चढ़ गई ।जीवित पशुओं का इलाज किया जा रहा है और मृत भेड़ों के मौत की वजहों की जांच की जा रही है, स्तानीय पुलिस ने बताया मामले में चिकित्सक से पत्राचार किया गया है और पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# सरयू अमृत महोत्सव 2024- का होगा भव्य आगाज

**●तहसील स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता 15 दिसंबर को होगा शुरू**

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाजार गोरखपुर।** सरयू अमृत महोत्सव 2024 के तहत धुरियापार के पूर्व विधायक डॉ अच्युतानन्द तिवारी के स्मृति में तहसील स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता 15 दिसंबर 2024 रविवार को दिन में 12 बजे से गोला बाजार के रामलीला मैदान में होगा। उक्त जानकारी देते हुए रंगोली प्रतियोगिता के मुख्य संयोजक भाजपा ज़िला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन ने बताया कि धुरियापार के



पूर्व विधायक रहे स्व अच्युतानंदन तिवारी की स्मृति में तहसील स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता आयोजित होगा। जिसमें गोला तहसील के स्कूल के बच्चे प्रतिभाग करेंगे। अब तक 10 विद्यालय के बच्चो में रजिस्ट्रेशन करा लिया है।जिन्हें प्रतिभाग करना है वो आयोजन समिति से मिल कर अपना नामांकन करा लें।श्री कसौधन ने बताया कि सरयू अमृत महोत्सव 2024 के मुख्य संयोजक चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी द्वारा इस बार महोत्सव को अलग और ऐतिहासिक रूप से मनाया जा रहा है। जिसमें सभी तरह के खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है सभी क्षेत्रों से प्रतिभाओं को खोजा जा रहा है और उन्हें मंच दिया जा रहा है। जिससे वो अपने क्षेत्र में आगे बढ़ सके

इस प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को नगद 3 हजार रुपए और प्रमाण पत्र दूसरे विजेता को 2 हजार रूपए प्रमाण पत्र और तीसरे विजेता को 1 हजार रूपए नगद और प्रमाण पत्र दे कर 21 दिसंबर को सरयू अमृत महोत्संव के मंच से सम्मानित किया जाएगा।

# पुलिस की गोली से तेज यातायात पुलिस की चल रही मोबाइल

स्वतंत्र प्रभात




**जौनपुर।** यातायात पुलिस इन दिनो सुर्खियों में आ गई है चालान के नाम पर लंबी रकम बताकर कम में सौदा करने में माहिर हो गई है। जैसा कि देखा जा रहा है कि नगर के विभिन्न चौराहों पर खड़े यातायात के सिपाही व हाल ही में प्रमोशन पाए कुछ उप निरीक्षक अपने साथ कुछ सिपाही व होमगार्ड को लेकर शहर के चौराहे पर खड़े रहते हैं और गांव शहर शहरी इलाके में आने वाले किसान व अन्य ग्रामीणों को रोककर कभी हेलमेट न लगाने के नाम पर तो कभी किसी न किसी तरह गैरकानूनी बताकर मोटी रकम की चालान करने की धमकी देकर कम पैसे में सलटा देने की बात पर वसूली कर रहे हैं। इतना ही नहीं इनका एक और कारनामा भी आजकल काफी मशहूर हो चुका है। जाती हुई मोटरसाइकिलों का मोबाइल फोन से फोटो खींचकर ऑनलाइन चालान कर देने के मामले में कहा जाता है कि पुलिस की गोली से तेज यातायात पुलिस की मोबाइल चल रही है। सुविधा शुल्क न मिलने पर हर स्तर पर उतर जाने वाली यह यातायात पुलिस अधिकांश ई रिक्शा चालकों को अपना शिकार भी बना रहे है।

ई रिक्शा को पकड़ कर पुलिस लाइन ले जाना और फिर घंटो खड़ा करने के बाद सुविधा शुल्क लेकर छोड़ देना उनकी प्रतिदिन की आदत बन चुकी है। वही नगर की कई ऐसी सड़के हैं जिनमें दोनों तरफ मनमानी ढंग से कार खड़ी रहती है उसकी चालान करने में उनके हाथ पैर ढीले पड़ जाते हैं। लगभग दो साल से अधिक के समय में एक ही स्थान पर रहने वाले यातायात निरीक्षक जीडी शुक्ला की देखरेख में यातायात पुलिस का यह खेल खुलेआम चल रहा है। इससे यह माना जाता है कि यह पुलिस सिर्फ वसूली में ही लिप्त हो गई है। काफी दिनों से एक ही स्थान पर नियुक्त रहने के कारण इनकी वसूली सरकार की छवि धूमिल कर रही है जबकि मछलीशहर पड़ाव, सिपाह पड़ाव समेत नगर के कई पड़ाव से डग्गा मार वाहन धड़ल्ले से चल रहें हैं। इसकी जिम्मेदार यातायात पुलिस है या एआरटीओ विभाग है। फिल्हाल इन डग्गा मार वाहनों देखकर भी दोनों विभाग अपनी आंखों को बंद किए रहता है। इस मामले में इनकी आंखें बंद होने का कारण जनता असानी से अंदाजा लगा सकती है।

# कलियुग दोषों का है खजाना- आचार्य जितेंद्र राम त्रिपाठी



स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाज़ार गोरखपुर ।** ग्राम सभा हड़हाभार में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत के दौरान सुप्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य जितेन्द्र राम त्रिपाठी जी नें कहा कि कलियुग दोषों का खजाना है पर इसमें एक महान गुण है कि जो सतयुग में समाधी लगानें से त्रेता में यज्ञानुष्ठान द्वापर में सत्संग पुराणादि के कथा सुननें मिलता था वह कलियुग में के भगवान के नाम का आश्रय लेनें पर मिल जाता है ÷कलौ तद्धरिकिर्तनात" राजा परीक्षित को श्राप शुकदेव भगवान के आगमन की कथा सुनाते हुए कथा व्यास नें कहा मनुष्य अपनें जो भी कुछ करता है उसका फल अवश्य मिलता है कोई भी किसी के सुख दुख के कारण नहीं होतें है बल्कि उसी के पाप पुण्य ही सुख दुख के कारण बन जाते हैं मनुष्य का जीवन बड़ा ही दुर्लभ है हमें प्राप्त हुआ है अगला योनी कौनी सी मिलेगी इसके लिए सतत् प्रयत्नशील रहना चाहिए जिससे आप इससे भी बढ़िया योनी प्राप्त कर सकैं जीव तत्व का विशद विवेचन करते हुए कहा कि जीवात्मा अजर अमर है वह शरीर के मारें जानें के बाद भी नहीं मरता हैं वह दूसरा शरीर धारण कर लेता है जैसा आपका कर्म होता है तदनुरुप इसलिए मनुष्य को सदा सत्कर्म करते रहना चाहिए हिरण्याक्ष बध बाराह भगवान के अवतार की कथा सृष्टि का सृजन किस प्रकार हुआ बतातें हुए आचार्य जितेन्द्र राम त्रिपाठी जी नें बताया कि भगवान नें ब्रह्मा जी को तप करनें का आदेश दिया और चतुष्श्लोकी भागवत का उपदेश कर ब्रह्मा के अन्दर संपुर्ण ज्ञान का भण्डार भर दिया और ब्रह्म जी ने सृष्टि की रचना किया और जिसमें मनु-शतरूपा के पुत्रियों की कथा के मध्य आकुती प्रसूती देवहूति उत्तानपाद प्रियब्रत ध्रुव की कथा सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे कथा व्यास का पूजन मुख्य यजमान डाक्टर नागेन्द्र पाण्डेय एवं श्रीमती शांति देवी सपरिवार कर आशीर्वाद प्राप्त किया इस दौरान कन्हैयापाण्डेय, रामकवल पाठक, मनीष पाण्डेय अशोक पाण्डेय रामेश्वर तारकेश्वर अशोक जेपी पाण्डेय शुभाष मौर्य गिरिजेश यादव विनय तिवारी सुरेश यादव नन्दलाल मौर्य सहित कथा रसपान करनें बहुत सारी महिलाएं पुरुष बच्चे कथा श्रवण करनें के लिए पहुंचे।

# 33 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होगा केंद्रीय विद्यालय - गिरीश चंद्र यादव

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** जिले को बहुप्रतीक्षित केंद्रीय विद्यालय की सौगात मिला है, यह स्कूल करंजाकला ब्लाक के आईटीआई स्कूल के पास बनेगा।यह जानकारी सूबे के मंत्री व विधायक गिरीश चंद्र यादव ने पत्रकारवार्ता में दी। उ0प्र0 सरकार के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री एवं नगर विधायक गिरीश चन्द्र यादव ने नगर स्थित अपने कार्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान यह बताया है कि उनके द्वारा पिछले तीन वर्षो से लगातार प्रयास के बाद बीते 6 दिसम्बर दिन शुक्रवार को केन्द्र सरकार की आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया, उसमे पूरे देश में 85 नये केन्द्रीय विद्यालय खोलने के निर्माण की संस्तुति दी है। इन 85 विद्यालयों में अपने उ0प्र0 में 05 विद्यालय खुलने की सस्तुति हुई है, जिसमें अपने जनपद जौनपुर को भी सौगात मिली है और पयागीपुर जो जौनपुर शाहगंज रोड पर है वहां आई0टी0आई0 परिसर में केन्द्रीय विद्यालय हेतु भूमि आवंटित हो गई है। पिछले 03 वर्षो से इस विद्यालय को खुलवाने हेतु हर स्तर पर जो भी प्रयास रहता था उसको मैंने पूरा किया और जितनी बांधा थी, उनको एक-एक करके दूर करने का प्रयास किया। आज मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान , उ0प्र0 के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उ0प्र0 सरकार के शिक्षा मंत्री के आशीर्वाद से जनपद जौनपुर के विकास में एक नया अध्याय लिखा गया है।

इन सभी विद्यालयों के लिये 5872.08 करोड़ रूपये (जिसमें 2862.71 करोड़ रूपये निर्माण एवं अन्य व्यवस्थाओं हेतु तथा 3009.37 करोड़ रूपये इसके परिचालन हेतु) स्वीकृत किये गये है। ये सभी विद्यालय केन्द्रीय विद्यालय संगठन के मानक के अनुरूप होगें अतः इसमें जौनपुर के विद्यालय का बजट लगभग 33.47 रूपये होता है।

यह विद्यालय केन्द्रीय विद्यालय संगठन के मानक के अनुरुप परियोजना को लागू करते हुए प्रशासनिक ढांचा तैयार करेगा। इसके अन्तर्गत अपने जौनपुर के विद्यालय में 960 छात्र पढ़ाई करेगें और 63 अध्यापक एवं अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति होगी। जिससे इतने लोगों को स्थायी रोजगार के अवसर उपलब्ध होगें। इसके अतिरिक्त निर्माण कार्य एवं अन्य सुविधाओं एवं गतिविधियों को पूर्ण करने में परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध होगें। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय विद्यालय संगठन इन केन्द्रीय विद्यालयों का संचालन करता है। जो मुख्य रूप से केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चों, सेना एवं अर्धसैनिक बलों में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों एवं पिछड़े एवं दूर दराज क्षेत्र के बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा देता है।भारत सरकार की नयी शिक्षा नीति-2020 के तहत सभी केन्द्रीय विद्यालय "पी0एम0 श्री" विद्यालय की श्रेणी में नामित है। केन्द्रीय विद्यालय अपनी अच्छी शिक्षण व्यवस्था, आधुनिकतम ढांचागत निर्माण एवं शिक्षा में नवाचार के लिये पूरे देश में लोकप्रिय है। यह विद्यालय सी0बी0एस0ई0 बोर्ड के अन्तर्गत संचालित होते है, और केन्द्रीय विद्यालयों का प्रदर्शन और परिणाम लगातार सबसे अच्छे रहते है। अन्त में पुनः मैं अपने शीर्ष नेतृत्व, शिक्षा मंत्रालय एवं उन सभी का जिन्होनें इस सपने को साकार करने में हर संभव मदद की उनका धन्यवाद देना चाहता हूं।उक्त अवसर पर पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष श्याम मोहन अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिशचन्द्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष आशीष गुप्ता जी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, राजकेशर पाल, धमेन्द्र मिश्रा, विकास शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष मनोरमा मौर्या, प्रतिनिधि राम सूरत मौर्या, सभासद नन्दलाल यादव, बसन्त प्रजापति, सन्तोष मौर्या, पूर्व सभासद, शिव कुमार मौर्या, मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, डा0 ब्रम्हेश शुक्ल कार्यालय प्रभारी, धर्मपाल कन्नौजिया उपस्थित रहें।

# संक्षिप्त ख़बरें

## छात्रों को आपदा और साइबर ठगी से बचाव के लिए जानकारी दी गई

**सिद्धार्थनगर।** एसएसबी 43वीं वाहिनी कैम्प बजहा के द्वारा सोमवार को शहीदे आजम भगत सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जन सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत हाईस्कूल के छात्रों को जागरूक किया गया। प्रभारी सहायक कमांडेंट अखिलेश कुमार ने छात्रों को आपदा से बचाव और साइबर ठगी के बारे में जानकारी दी। भूकंम से कैसे बचा जा सकता है और आग लगने पर अपने आप को कैसे बचाएं,साथ ही फंसे लोगो को बचाने का गुर सिखाया गया। उन्होंने कहा एकाएक भूकंप आ जाने पर अगर मकान में फंस गए है तो भागना नहीं दरवाजे के नीचे खड़े हो जाएं,या मकान के किसी कोने में अपने आप को चिपका कर बैठ जाएं।यदि भूकंप की जानकारी हो जाती है।तो मकान के नीचे उतरने के लिय रस्सी का उपयोग कर नीचे उतर सकते है। आग में फंसे लोगो को बाहर से बड़ी सीढ़ी,रस्सी का प्रयोग कर बचाया जा सकता है। अंदर घुसने के लिय भिगोया हुआ कम्बल ओढ़ कर आग में फंसे लोगों को राहत दिया जा सकता है।और साइबर ठगी से बचने के लिए किसी अंजान फोन,मैसेज,के प्रलोभन में न फ़शें,बैंक फोन से कोई जानकारी नहीं मांगता है। ना कोई इनाम,बोनस आदि का ओटीपी पूछता है। इस लिय खुद जागरूक रहे दूसरों को भी जागरूक करें। जिससे लोग ठगी के शिकार से बच सकते है।इस दौरान प्रधानाचार्य तेज बहादुर चौधरी, सईद, सहित सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।

## अच्छी उपज के लिए सरसों की समय से करे सिंचाई

**सिद्धार्थनगर।** वर्तमान समय में फसल की अनुकूलता को देखते हुए किसान को सरसों की बुवाई के लगभग 35 से 40 दिन बाद पहली सिंचाई करना चाहिए। इसके बाद यूरिया की आधी मात्रा (35 किलोग्राम) अवश्य डालना चाहिए। यह जानकारी उसका बाजार के राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी रणवीर ने दी है। उन्होंने बताया कि ज्यादा पानी लगाने से तथा पानी का ठहराव ज्यादा समय तक होने से मिट्टी में पैदा होने वाली फफूंद रोगों के फैलने से तना गलन की बीमारी को पैदा करता है। इसलिए खेत में पानी जमा न होने दे।

## अतिक्रमण मुक्त हुए क्षेत्रों की निगरानी की मांग

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार कस्बा में कुछ दिन पूर्व चलाए गए अतिक्रमण मुक्त अभियान के बाद वहां पुनः अतिक्रमण ना हो इसको निगरानी करने की व्यवस्था करने की मांग कस्बावासियों ने किया है। साथ ही इसको लेकर समय - समय पर अभियान चलाने की भी मांग की है। शहर की सड़कों, बस पड़ाव, पोखरों आदि पर अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान जारी रखने, साफ सफाई रखने का की मांग नागरिकों ने की है।

## पुलिस ने हत्या का खुलासा कर दो आरोपित दबोचे

**मथुरा।** थाना कोतवाली क्षेत्र में चार दिसम्बर को रेलवे ग्राउन्ड पर मिले अज्ञात वृद्ध के शव की शिनाख्त करते हुए व्यक्ति की हत्या की घटना का खुलासा किया है। थाना कोतवाली पुलिस ने लोगों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। प्रभरी निरीक्षक थाना कोतवाली देवपाल सिंह पुण्डीर के मुताबिक हत्या के आरोप में भारत सिंह पुत्र मूला सिंह निवासी दहतोरा थाना सिकन्दरा जिला आगरा हाल निवासी झुग्गी झोपड़ी रेलवे लाइन धौलीप्याऊ थाना कोतवाली व सनी पुत्र पप्पू निवासी काशीराम कालौनी थाना कोतवाली जिला हाथरस को सोमवार को रेलवे फाटक मोड़, धौलीप्याऊ थाना कोतवाली जिला मथुरा से गिरफ्तार किया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मोहित कुमार पुत्र रामभरोसी द्वारा अभियोग पंजीकृत कराया था।

## हत्या के प्रयास में दो वांछित पकडे

**मथुरा।** थाना जमुनापार पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। 21 नवम्बर को सुखवीर सिह पुत्र वीरी सिह निवासी शहजादपुर टप्पा सोनई वल्देव रोड थाना जमुनापार मथुरा ने लखन शर्मा पुत्र जगदीश शर्मा निवासी कान्ती कोल्ड स्टोरेज के पीछे जमुनापार मथुरा व नवीन चौधरी पुत्र नामालूम, अमित उर्फ भोला व सुमित पुत्रगण संजय निवासी लोहवन थाना जमुनापार मथुरा द्वारा पुत्र योगेश पर फायर कर देना गोली दुकान के सटर मे जा लगना तथा उनके साथ गाली गलोज व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध मे प्रार्थनापत्र दिया जिसके आधार थाना जमुनापार पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

# जाफ़ा की 2024 के ग्रामीण पत्रकार पुरस्कार घोषणा

**● - धेमाजी जिले से संजय नाथ को चुना गया।**

स्वतंत्र प्रभात

**असम धेमाजी।** जॉर्नलिस्ट एसोसिएशन फॉर असम (जाफ़ा) कर 2024 के ग्रामीण पत्रकार पुरस्कार के असम के सूची जारी किया गया है। जिसमे असम के कई जिले की 20 पत्रकारों को इसबार पुरस्कृत किया जायेगा। जिसमे तेजपुर से दो अरूप कलिता, धनेस्वर कलिता, बंगाईगांव से कुलेन्द्र सैकिया, आज़रा से हितेन माली,गुसाई गांव से दुलाल चंद्र रोय, डीफु से कीवी रोंगहंग ,ठेंगटोंग तोकबी, चिरांग एजाजुल होक, निजम दोईमारी, धलपुर से माधुरज्य दास, पानी गांव से सुदीप्त दास। कुकुराझार से मलैया डेका, सहादत हूसैन, छापर से उदयादित्ता रोय, अभयापूरी से इंद्रनिल दास, चिलसर से मंसूर अहमद, हैलाकांडी से रंजन दास, करीमगंज से अरूप रोय, दरंग से गनकान्त कलिता एव इस सूची में धेमाजी जिले की सिसिबर गांव प्रेस क्लब के सचिव सतंत्र प्रभात धेमाजी जिला के प्रभारी एवं सिलापथार के पूर्वांचल प्रहरी के बरिस्ट पत्रकार संजय नाथ को चुना गया है। कल रात को इए खबर फैलते ही धेमाजी जिले की विभिन्न दल संगठनों की पदाधिकारियों ने नाथ को सामाजिक माध्यम के जरिए बधाई देते हुए दिखाई दी।

जिसमे नाथ योगी विकाश परिषद के अध्यक्ष बेनुधर नाथ, अखिल असम नाथ योगी छात्रा संघ के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुजीत नाथ, जिला उपाध्यक्ष योगी



सुबेश नाथ, असम जातियतावादी योवा परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष उज्जल चुटिया, असम जातियतावादी युवा छात्रा परिषद के जिला सदस्य तपन सैकिया सहित काफी दिग्गज लोगों ने बधाई देते हुए दिखाई दी। इए पुरस्कार रविवार, 22 दिसंबर, 2024 को लोक निर्माण विभाग प्रशिक्षण केंद्र, गुवाहाटी में एक भ्यव्य अनुष्ठान के जरिये प्रदान किया जायेगा।

## रयागा कृष्णैया को आंध्र प्रदेश से राज्यसभा सांसद बनाना स्वागत योग्य कदम- पेरिका सुरेश

स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली।** रयागा कृष्णैया को भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा आंध्र प्रदेश राज्यसभा उप चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित करने पर अपनी खुशी का इजहार करते हुए नेशनल बैकवर्ड क्लासेस वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव पेरिका सुरेश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने एक योग्य, कर्मठ एवं जमीनी नेता को राज्यसभा उम्मीदवार बनाकर पार्टी को नई ताकत देने की दिशा में एक ठोस कदम उठाया है। श्री सुरेश ने कहा की रयागा कृष्णैया नेशनल बैकवर्ड क्लासेस वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं,जी बीसी समाज के सर्वांगीण विकास की लड़ाई पिछले 40 वर्षो से लड़ रहे हैं।बीसी समाज में इनकी पहचान बीपी मंडल एवं ज्योतिबा फुले जैसी है। बीसी समाज के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक उत्थान के लिए इन्होंने काफी संघर्ष किया है।इस समाज में इनकी खास लोकप्रियता है तथा यह समाज तेलंगाना में किसी भी मतदान को प्रभावित करने की ताकत रखता है।श्री कृष्णैया भाजपा के जनाधार विस्तार एवं पार्टी को नई बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत रहे हैं। पेरिका सुरेश ने कहा कि श्री कृष्णैया के नेतृत्व में तेलंगाना में भाजपा की सरकार बनने की संभावना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व एवं उनकी रणनीति से



तेलंगाना में भाजपा की सरकार बनना निश्चित है। श्री सुरेश ने केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया जिन्होंने रयागा कृष्णैया जैसे जमीनी नेता को राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतर कर एक काबिले तारीफ निर्णय लिया है।

# समूह की महिलाओं ने खोला फूड प्वाइंट

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सोमवार को मधुबनिया चौराहे पर चस्का फूड पॉइंट का शुभारंभ किया गया ।जिसका उद्घाटन सदर विधायक श्यामधनी राही ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को रोजगार मुहैया कराने की एक और पहल शुरू की है । महिलाएं अब शहर और कस्बों में स्टॉल लगाकर फास्टफूड बेचेंगी। राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन के तहत समूह बनाकर गरीब महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है।

अब तक तमाम महिलाएं विभिन्न व्यवसाय से जुड़ चुकी हैं। साथ ही नए समूहों का भी गठन किया जा रहा है। अब मिशन से जुड़ी महिलाओं को रोजगार मुहैया कराने की एक और पहल की जा रही है । महिलाएं अब स्टॉल लगाकर फास्टफूड बेचेंगी। जिससे उनकी आमदनी भी बढ़ेगी। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी सुरेश



कुमार मौर्य, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नीतीश पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य सबलू सहानी, अर्जुन चौधरी, ओमप्रकाश यादव पूर्व प्रधान बर्डपुर, बजहुल कमर, चांद मेकरानी, अख्तर, आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने सोमवार को राजकीय धान क्रय केन्द्र शोहरतगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा स्टाक रजिस्टर, बोरा रजिस्टर, भुगतान रजिस्टर, सम्पर्क रजिस्टर आदि को देखा गया। जिलाधिकारी को क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि अबतक कुल 210 मी0टन धान की खरीद की गई है । जिसमें 34 किसानों से धान क्रय किया गया है तथा 31 किसानों को भुगतान कर दिया गया है।

जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक किसानों से वार्ता कर धान को क्रय केन्द्र पर बेचने के लिए प्रोत्साहित करें तथा रजिस्टर में उसका अंकन भी करें। जिलाधिकारी ने प्रतिदिन 30 मी0टन धान की खरीद करने का निर्देश दिया साथ ही क्रय किये गये धान को अनुबन्ध किये गये राइस मिल पर समय से धान की कुटाई के लिए भेजें। क्रय केन्द्र पर धान को का स्टाक न रखें। इस दौरान



डिप्टी आरएमओ गोरखनाथ त्रिपाठी व एआर कोआपरेटिव राजेश सिंह, क्रय केन्द्र प्रभारी मृत्युन्जय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# ऑन लाइन ठगी करने वाला गिरफ्तार

**● - फर्जी सिम कार्ड, सिम, एंड्रॉयड फोन व एक लाख से अधिक की नकदी बरामद की**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से दो फर्जी सिम कार्ड, दो आधार कार्ड, एक एंड्राइड मोबाइल व 1,13,000 रुपये, दो एटीएम कार्ड बरामद किये हैं। पुलिस ने देवसेरस गांठौली बम्बे वाली रोड पर पुलिया से अशोक पुत्र बिरजो निवासी ग्राम देवसेरस थाना गोवर्धन को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा के मुताबिक अभियुक्त साथियों के साथ मिलकर फर्जी आधार कार्डो से फर्जी नाम पता से बाहर के प्रान्तों से विभिन्न कम्पनियों की सिम कार्ड खरीदकर एक्टिवेट कराकर अपने मोबाइलों में डालकर उसमें ओ.एल.एक्स पर सस्ते दामो पर आइटम के फोटो डालकर लोगों को भ्रमित कर उन्हें लालच में फंसाकर उनके सामान को अधिक रुपये में खरीदने की कहकर व अपने सामान को सस्ते दामों पर बेचने की कहकर धोखा धड़ी से उनसे रुपये अपने फर्जी खातों में फोन पे, गूगल पे, पेटीएम आदि के माध्यम से डलवा लेते हैं तथा कुछ मामलों में सामने वाले को लोभ लालच देकर उनके व्हाट्सएप पर फर्जी व्हाट्सएप नम्बर से फोटो भेजकर उपकरणों को उनके घर तक डिलीवरी देने के नाम से एडवान्स के रुप में तथा जनता के लोगों के नम्बर ट्रूकालर व फोन पे आदि पर नाम देखकर उनका जान पहचान वाला बनकर उनसे रुपये अपने फर्जी खातों में पेटीएम, गूगलपे, फोनपे आदि से डलवा लेते है जैसे ही खातो में पैसा आ जाता है तो उस नम्बर को कुछ समय के लिये बंद कर देते है।

# स्टेक होल्डर के साथ की बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा वृंदावन, परियोजना पूर्ण, पेप्सिको फाउंडेशन और पार्टिसिपेटरी लर्निंग एंड एक्शन नेटवर्क की संयुक्त पहल ने स्टेकहोल्डर के साथ बैठक का आयोजन किया। इस आयोजन में परियोजना पूर्णा द्वारा हासिल किए गए परिणामों, सर्कुलर सिटी मॉडल्स, मार्केट एसोसिएशन की भूमिका और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट में स्कूलों की भूमिका पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अवनीश त्रिपाठी परियोजना पूर्णा के प्रतिनिधि ने कहा, ष्हमें इस बैठक के माध्यम से हितधारकों के साथ जुड़ने और परियोजना पूर्णा के प्रयासों को साझा करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में वृंदावन जोन के 13 वार्डों में कार्यरत महिला सफाईमित्रों को सम्मानित किया गया और जागरूकता अभियानों में अपनी भागदारी सुनिश्चित करने को कहा गया। परियोजना पूर्णा पेप्सिको फाउंडेशन, नगर निगम मथुरा वृंदावन और पार्टिसिपेटरी लर्निंग एंड एक्शन नेटवर्क की संयुक्त पहल है। यह परियोजना मथुरा वृंदावन में कचरा प्रबंधन पर जागरूकता अभियानों को बढ़ावा देने और सफाई मित्रों के उत्थान के लिए काम करती है। बैठक में उपस्थित प्रमुख अतिथियों में उपसभापति मुकेश सारस्वत, अपर नगर आयुक्त सीपी. पाठक, सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेश चंद्र, सैनिटेशन एक्सपर्ट रोहित वार्ष्णेय, प्रतिनिधि पूर्ण परियोजना अरविंद शुक्ला और अवनीश त्रिपाठी शामिल थे।

## कल पी.डब्लू.डी गेस्ट हाउस में होगी महिला जनसुनवाई

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** अध्यक्ष राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम 10 दिसंबर को लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में प्रातः 11 बजे आयोजित होगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि 10 दिसंबर अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग डॉ. बबीता सिंह चौहान द्वारा महिला जनसुनवाई किया जाना प्रस्तावित है। अध्यक्षा द्वारा जनपद मथुरा में महिलाओं की समस्याओं के संबंध में जनसुनवाई लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार (पी.डब्लू.डी गेस्ट हाउस) सिविल लाइन्स मथुरा में पूर्वान्ह 11 बजे आहूत की जाएगी। कोई भी महिला अध्यक्ष के समक्ष उपस्थित हो कर अपनी समस्याएं, शिकायत, सुझाव रख सकती है।

# आधी आबादी ने डीएम के सामने 'हक से रखी अपनी बात'

**● - प्रदेश सरकार का इरादा आधी आबादी को पूरा अधिकार का वादा**

**महिलाओं एवं बालिकाओं ने की जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह के साथ हक की बात**



कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी के साथ संवाद करतीं महिलाएं।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार मथुरा में आयोजित किया गया। इस दौरान जनपद के समस्त विभागों में कार्यरत महिला कर्मचारियों, महिला पुलिस कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, पीड़ित महिलाओं द्वारा अपनी समस्याओं एवं अधिकारों के संबंध में जिलाधिकारी महोदय के साथ संवाद किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में वन स्टाप सेंटर यूनिट प्रथम व द्वितीय, जिला बाल संरक्षण इकाई, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला एवं बच्चों के हित में कार्य कर रही संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा लगभग 30 पीड़ित महिलाओं ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं, बालिकाओं के प्रति होने वाले अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंसर की नीति पर कार्य कर रही है। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु विभिन्न योजनाएं भी संचालित की जी रही है। अब हम 21 वीं सदी में प्रवेश कर चुके हैं। अब इस प्रकार की कुप्रथाओं का सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं है। बेटे और बेटियों में कोई अंतर नहीं है। बेटियों को भी शिक्षा बेटों के समान प्रदान करें। बेटियों को अच्छी शिक्षा तथा अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करने हेतु हमें हमेशा अग्र रहना चाहिए। प्रदेश सरकार महिला कल्याणकारी योजनाएं जैसे निराश्रित महिला पेंशन, विधवा महिलाओं के बच्चों हेतु बाल सेवा योजना (कोविड़, सामान्य), स्पॉन्सरशिप, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि संचालित हैं। जिनके माध्यम से महिलाओं, बालिकाओं को सबल और सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सकें। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं, बालिकाओं की योजनाओं से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान करना है। श्रीमती अनीता (परिवर्तित नाम) ने कहा कि उनके पति तथा ससुराल जनों द्वारा दहेज की मांग एवं उनके साथ मारपीट की जाती है। साथ ही उनके दो छोटे बच्चें हैं जिनकों ससुराल जनों ने अपने पास रख लिया है और उन्हें मुझसे मिलने नहीं दिया जाता है। उक्त के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा प्रभारी निरीक्षक महिला थाना को नियमानुसार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। सविता (परिवर्तित नाम) ने कहा कि उनके पति 18 वर्ष पूर्व उन्हें व उनके बच्चों को छोड़कर चले गए हैं। वर्तमान में वह कहाँ है इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। श्रीमती ललिता चौधरी (आंगनबाड़ी कार्यकत्री) ने कहा कि उन्हें आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित करने के लिए 750 रूपये प्रतिमाह दिया जाता है जो कि पर्याप्त नहीं है। इतने कम धनराशि में केन्द्र का संचालन करना सम्भव नहीं हो पा रहा है। कृपया इस संबंध में उचित कार्यवाही करने का कष्ट करें। इस के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि इस समस्या का नियमानुसार समाधान करेंगे। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र द्वारा कहा गया कि वह पूर्ण प्रयास करेंगे कि विभाग की समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ महिलाओं, बालिकाओं को शत प्रतिशत मिले। इसके बाद जिलाधिकारी तथा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# अटेवा का ऐलान पुरानी पेंशन बहाल होने तक जारी रहेगी लड़ाई

**● - बलिदान देने वाले अटेवा के नेता डॉ आशीष सिंह को याद कर दी श्रद्धांजलि**



पुरानी पैंशन बहाली को लेकर आंदोलन करते अटैवा के सदस्य।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** पुरानी पेंशन की लड़ाई में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले डा. राम आशीष सिंह के शहादत दिवस पर आज भगत सिंह पार्क डैंपियर नगर में शिक्षकों कर्मचारियों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उनके द्वारा पुरानी पेंशन की लड़ाई में उनके कृतित्व और व्यक्तित्व को याद किया। सर्वप्रथम डॉ. राम आशीष सिंह के चित्र पर अटेवा पेंशन बचाओ मंच के संरक्षक शैलेन्द्र कुमार यादव पुष्पांजलि अर्पित की। जिला अध्यक्ष प्रदीपिका फौजदार ने बताया कि रामाशीश जी अटेवा के सच्चे सिपाही थे। जिला कोषाध्यक्ष राजेश कुमार सरोज, जिला सहसंयोजक विधान चंद वर्मा एवं मीडिया प्रभारी मनीष दयाल ने पेंशन की लड़ाई में डॉक्टर रामाशीष के योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किये। महिला प्रकोष्ठ की जिला संगठन मंत्री चेतन चौहान ने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती तब तक अटेवा इस लड़ाई को जारी रखेगा। डा. राम आशीष के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मांट ब्लॉक अध्यक्ष सीमा कुमारी ने कहा कि डॉक्टर रामाशीष हम सबके प्रेरणा स्रोत हैं इनकी शहादत हम आजीवन याद रखेंगे। श्रद्धांजलि सभा में शैलेंद्र कुमार यादव, प्रदीप का फौजदार, मनीष दयाल, राजेश कुमार सरोज, विधान चंद्र, शिव कुमार सिंह (जिला मंत्री शिक्षक संघ) राजेश कुमार सोनकर, अनुपम शर्मा, शैली यादव, करण पाल सिंह, चेतना चौहान, शालिक राम दूबे, राजकुमार शर्मा, आशुतोष, राजेंद्र छोंकर, कल्पना आदि उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने पोलियो की वैक्सीन पिलाकर किया बूथ का शुभारम्भ

**● - लगभग पांच लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा**



बच्चे को पोलियो की वैक्सीन पिलाकर बूथ का शुभारम्भ करते एसएसपी शैलेश पांडेय।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** जनपद में रविवार दिनांक 08.12.2024 को पुलिस लाईन स्थित मॉडर्न स्कूल में पोलियो बूथ पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, शैलेश कुमार पांडेय ने 5 वर्ष तक के बच्चों को ड्रॉप पिलाकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के लिए पूरी टीम को बधाई दी तथा साथ ही जनपद में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की ड्रॉप पिलाने हेतु अभिभावकों से अपील की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि छह दिन तक चलने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में पहले दिन बूथ पर अन्य पांच दिन घर घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पोलियो की दवा पांच वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों के लिये आवश्यक है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. रोहितास सिंह ने बताया कि जिले भर में पोलियो प्रतिरक्षण अभियान से लगभग 4,92,844 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए जनपद में अभियान के पहले दिन 1387 बूथों पर पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी।

डीआईओ ने बताया कि अभियान के आखिरी पॉच दिन घर घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी। बूथ के शुभारंभ के अवसर पर नोडल एनसीडी डा. अनुज चौधरी, नोडल अधिकारी एन.यू.एच.एम. डा. पियूष सोनी, पुलिस लाईन चिकित्सालय के प्रभारी डा. भूदेव सिंह, डी.सी.पी.एम. पारूल शर्मा, डी.एम.सी. एसएम नेट यूनिसेफ पूनम यादव, एडीआईओ एम.पी. सिंह, फोजिया खानम, भुवनेश्वर शर्मा यूएनडीपी, डब्लूएचओ से आराधना, डीएचएमसी मुकेश गौतम, क्लस्टर कॉर्डिनेटर संजय यादव, बीएमसी ज़ेबा, त्रिभुवन शर्मा, अनुराग शुक्ला, हरि सिंह, सुजाता एएनएम, उमा गुप्ता आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

## पांच दिन बाद दर्ज हुई बाइक चोरी की रिपोर्ट




**मथुरा।** शहर में बाइक चोरी की घटनाएं हो रही हैं। इससे पुलिस की गश्ती की पोल खुल रही हैं। एक माह में वाहन चोरी कई घटनाएं सामने आई हैं। लगातार हो रही वाहन चोरी ने पुलिस का दर्द बढ़ा दिया है। हाल में हुई चोरी की घटना में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बेखौफ चोरों ने बठैन गेट चौकी से कुछ कदमों की दूरी पर स्थित महादेवी एजूकेशनल बैलफेयर शोध संस्थान के गेट पर खडी हीरो स्प्लेंडर बाइक को चोर दिन दहाड़े चोरी कर ले गए। इसकी पुलिस को भनक तक नहीं लगी। चोर बेखौफ होकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पीडित लोकेंद्र चाहर, निवासी गांव बहरारेखपुरा, थाना उच्चौन की तहरीर पर पुलिस ने पांच दिन बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

